# आकांक्षात्मक ब्लॉकों में बेहतरीन प्रदर्शन पर अधिकारी सम्मानित

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



लखीमपुर कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को कमिश्नर लखनऊ मंडल डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में मंडलीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत सम्मान समारोह से हुई, जिसमें आकांक्षात्मक ब्लॉकों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया।

सबसे पहले बीडीओ धौरहरा संदीप कुमार को सभी पैरामीटर समय पर व सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए गोल्ड मेडल प्रदान किया गया। इसी क्रम में बीडीओ बांकेगंज ऋषिकांत अहिरवार को उल्लेखनीय उपलब्धियों पर सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह के दौरान जिलाधिकारी खीरी दुर्गाशक्ति नागल और मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक सिंह भी मंच पर मौजूद रहे। उन्होंने अधिकारियों की जमकर सराहना की और कहा कि अधिकारी होना ही बड़ी बात नहीं है, बल्कि अधिकारी की जिम्मेदारियों को पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से निभाना सबसे बड़ी बात है। आज जिन अधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य किया है, वे आने वाले समय में अन्य के लिए प्रेरणा बनेंगे।कमिश्नर डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि आकांक्षात्मक ब्लॉकों का विकास सरकार की प्राथमिकता है। समयबद्ध योजनाओं और बेहतर क्रियान्वयन से ही आमजन को लाभ पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे इसी तरह अपनी कार्यप्रणाली को और सुदृढ़ करें। परिश्रम का सम्मान पाकर दोनों अधिकारियों के चेहरे गर्व और उत्साह से खिल उठे। सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से देर तक गूंजता रहा। सम्मान पाकर बीडीओ धौरहरा संदीप कुमार भावुक नजर आए। उन्होंने मीडिया से रूबरू होते हुए कहा यह सम्मान मेरे अकेले का नहीं है, बल्कि पूरी टीम की मेहनत और सहयोग का परिणाम है। जनता तक सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाना ही हमारा असली उद्देश्य है। यह मेडल मेरे लिए प्रेरणा है कि भविष्य में और बेहतर कार्य कर सकूँ।

## ब्राह्मण एकता परिषद की तहसील स्तरीय बैठक में सप्त संकल्प, एकता और युवा शक्ति पर जोर



**धौरहरा (खीरी)।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद की तहसील स्तरीय बैठक शुक्रवार को श्री हनुमान मंदिर, सिसैया चौराहा पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पं. विनय मिश्र ने की। इस अवसर पर अवध क्षेत्र के मंडल अध्यक्ष पं. विनय पांडेय ने कहा कि समाज की सबसे बड़ी ताकत उसकी एकजुटता होती है और जब समाज संगठित होता है तभी वह प्रगति की राह पर आगे बढ़ता है। उन्होंने युवाओं से संगठन को मजबूत बनाने की अपील की। बैठक में तहसील धौरहरा के संयोजक नवीन तिवारी और प्रभारी योगेश पांडेय ने संगठन के विस्तार पर बल देते हुए अधिक से अधिक लोगों को परिषद से जोड़ने का आह्वान किया। सभी सदस्यों ने समाजहित में सप्त संकल्प लिया, जिसमें समाज की एकता बनाए रखना, शिक्षा का प्रसार करना, युवा शक्ति को संगठित करना, सामाजिक सहयोग बढ़ाना, सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण करना, समाज के अधिकारों की रक्षा करना और समाज को नई दिशा देना शामिल रहा।

## खबरें एक नजर में

### गैसापुर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर, बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने कराया परीक्षण



**लखीमपुर खीरी।** ईसानगर ब्लॉक के गैसापुर गांव में शुक्रवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया। शिविर में डॉ. दीपक अग्रवाल ने मरीजों की जांच कर परामर्श दिया, वहीं योग प्रशिक्षक डॉ. विजय कुमार ने योग और प्राणायाम का महत्व समझाते हुए नियमित अभ्यास से स्वस्थ रहने के उपाय बताए। फार्मासिस्ट फरहान किदवई ने ग्रामीणों को दवाएं वितरित कीं और उनके सही उपयोग की जानकारी दी। शिविर में महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों की विशेष जांच की गई। ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर नियमित रूप से लगाए जाने चाहिए। आयोजकों ने आश्वस्त किया कि आगे भी गांव-गांव में स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### पलिया में बैठक, गूंजा नारा- रेल नहीं तो वोट नहीं

**पलिया कलां (खीरी)।** नगर की ब्रॉड गेज रेल लाइन और बाढ़ समस्या को लेकर गुरुवार को व्यापार मंडल (कंछल गुट) की बैठक अग्रवाल धर्मशाला में हुई। व्यापारियों, सामाजिक संगठनों व नागरिकों ने चेताया कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठे तो आगामी चुनाव में 卐रेल नहीं तो वोट नहीं卐 अभियान चलाया जाएगा। सभा में नगर को रेल संपर्क से जोड़ने और बाढ़ से स्थायी राहत दिलाने की मांग पर जोर दिया गया।

### विवाहिता ने पति व ससुराल पक्ष पर लगाया प्रताड़ना और धमकी का आरोप

**ईसानगर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र की एक विवाहिता ने पति व ससुराल पक्ष पर धर्म को लेकर प्रताड़ित करने, मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रार्थिनी शकीना उर्फ दिव्या गुप्ता, पुत्री नज़ाकत अली निवासी ग्राम कंचनपुर, थाना गोला ने खमरिया थाने में दी तहरीर में बताया कि उसने 11 मार्च 2024 को हिन्दू रीति-रिवाज से दुर्गेश गुप्ता पुत्र रमेश गुप्ता निवासी ग्राम खमरिया से विवाह किया था। विवाह के बाद से ही पति दुर्गेश, ससुर रमेश गुप्ता व देवर विवेक और दिनेश गुप्ता उसे गाली-गलौज और मारपीट करते रहे। आरोप है कि वे कहते थे कि तुम मुस्लिम धर्म की हो, तुम्हारी हमारे धर्म में कोई जगह नहीं है, हम तुम्हें स्वीकार नहीं करेंगे। प्रार्थिनी का कहना है कि प्रताड़ना बढ़ने पर पति उसे गुजरात भी ले गया, वहां भी उसके साथ मारपीट होती रही। 1 जुलाई 2025 को मां की तबीयत खराब होने पर वह पति के साथ मायके आई। तभी पति किसी बहाने से चला गया और फिर वापस नहीं आया। इसके बाद जब भी फोन करती, तो गाली-गलौज की जाती और अपशब्द कहे जाते। पीड़िता ने आरोप लगाया कि 26 अगस्त 2025 की रात करीब 10 बजे एक मोबाइल नंबर से उसके पिता को फोन कर गालियां दी गईं और जान से मारने की धमकी भी दी गई। इससे पहले भी कई बार उसे और उसके परिवार को धमकियां मिल चुकी हैं। पीड़िता ने अपनी तहरीर में विवाह की फोटो भी संलग्न की हैं और कहा है कि यदि शीघ्र कार्रवाई न हुई तो उसका भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। थाना प्रभारी निरीक्षक खमरिया ओम प्रकाश राय ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है और जांच की जा रही है।

### कुत्ते के विवाद में जमकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

**ईसानगर खीरी।** थाना खमरिया क्षेत्र के ग्राम खमरिया पंडित में कुत्ते के विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थिनी सविता शुक्ला पत्नी रामकुमार शुक्ला ने थाना खमरिया में तहरीर देकर बताया कि 28 अगस्त 2025 की दोपहर लगभग 3 बजे के घर के पड़ोसी चन्द्रप्रकाश शुक्ला पुत्र मधुसूदन लाल शुक्ला के दो पालतू कुत्ते मेरे घर घुस आए। उस समय प्रार्थिनी के बच्चे बरामदे में सो रहे थे। बच्चों को कुत्तों से बचाने के लिए महिला ने उन्हें छड़ी से भगा दिया। आरोप है कि इसी बात से नाराज़ होकर विपक्षी कन्हैया शुक्ला पुत्र चन्द्रप्रकाश शुक्ला, चन्द्रप्रकाश शुक्ला व उनकी पत्नी घर में घुस आए और प्रार्थिनी के बाल पकड़कर पटकने के साथ लात-घूसों व लाठी-डंडों से पीटने लगे। बचाने आए पति व जेठानी को भी पीटा गया तथा घर में रखी गृहस्थी का सामान तोड़-फोड़ कर फेंक दिया गया। घटना में प्रार्थिनी व उसके पति को गंभीर चोटें आईं। पीड़िता ने थाना खमरिया में तहरीर दी, जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश राय ने तत्काल संज्ञान लेते हुए आनन-फानन में मुकदमा दर्ज किया।

### लूट का आरोपी गिरफ्तार, नकदी बरामद

**फरधान खीरी।** पुलिस ने सोमवार शाम महिला के साथ हुई लूट का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास से 1980 रुपए नगदी बरामद की गई है। प्रभारी निरीक्षक दयाशंकर द्विवेदी ने बताया कि 25 अगस्त को सकतापुर गांव निवासी दीपिका मिश्र अपने पुत्र के साथ लखीमपुर से घर लौट रही थीं। तभी लखीमपुर-गोला मार्ग पर दो बाइक सवार बदमाशों ने उनका पर्स छीन लिया था। पीड़िता के पति ललित मिश्र की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अमानलाल चौराहे के पास से निखिल वर्मा उर्फ इक्का निवासी थाना रुकुंदीपुर, फरधान को गिरफ्तार किया। उसके पास से 1980 रुपए बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी अपने साथी का नाम नहीं बता पाया। फिलहाल आरोपी को जेल भेज दिया गया है, जबकि दूसरे बदमाश की तलाश जारी है।

### छात्रा को बचाने में हादसा, डॉक्टर ने दिखाई मानवता

**फरधान खीरी।** गोला-लखीमपुर मार्ग पर निपनिया चौराहे के पास सड़क पार कर रही छात्रा को बचाने के प्रयास में बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। संयोग से उसी समय वहां से गुजर रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फरधान के अधीक्षक डॉ. अमित बाजपेई ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए घायल को तत्काल एम्बुलेंस से सीएचसी फरधान भिजवाया और खुद उसके साथ अस्पताल पहुंचे। घायल की पहचान कौशल कुमार सिंह निवासी निपनिया के रूप में हुई है। डॉक्टर बाजपेई ने बताया कि युवक के सिर पर गंभीर चोट लगी है, प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक देखते हुए उसे जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर कर दिया गया। परिजनों को भी घटना की सूचना दे दी गई।

### रातों को उड़ते ड्रोन से दहशत, जांच-गश्त बढ़ाने की मांग

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला तहसील क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में आए दिन देर रात में ड्रोन उड़ने की शिकायत भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष संदीप कुमार वर्मा ने उपजिलाधिकारी अभय सिंह से किया। दिए गए मांग पत्र में कहा है कि विगत 15 डिनों से तहसील क्षेत्र के अर्न्तगत विभिन्न गांवों में ड्रोन कैमरा उड़ता दिखायी पड़ रहें हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों में भय व्याप्त हो गया है। इस सम्वन्ध में अभी तक प्रशासन की तरफ से कोई कार्यवाही सुनिश्चित नहीं हो पाया है। इस प्रकरण की जांच कराकर इसमें संलिप्त दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही के साथ तत्काल प्रभाव से पुलिस टीम को सक्रिय कर रात में ग्रामीण क्षेत्रों में गश्त की व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इस भय भाई से मुक्ति मिल सके और वह लोग चैन की नींद सो सकें।

### महिलाओं के लिए खुला ग्लैम बुटीक एंड ब्यूटी पार्लर, सौंदर्य व फैशन की सभी सुविधाएं एक छत के नीचे



**उतरौला ( बलरामपुर )।** उतरौला के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे निकट स्थित संगम मार्केट में ग्लेम बुटिक एंड ब्यूटी पार्लर का उद्घाटन समारोहपूर्वक हुआ। पार्लर का उद्घाटन मुख्य अतिथि मिसेज ब्यूटीफुल बॉडी अवार्ड की विजेता परवीन हुसैन फिज़ा ने फीता काट कर किया। साथ ही परवीन हुसैन फिजा ने उतरौला में उच्च स्तरीय ग्लेम बुटीक एंड ब्यूटी पार्लर संचालित करने के लिए पार्लर की ओनर नाज़ खान को मुबारकबाद दिया। उन्होंने कहा कि उतरौला में सभी सुविधाओं से लैस शानदार ग्लेम बुटीक एवं ब्यूटी पार्लर खुलने से यहां की महिलाओं को काफी फायदा मिलेगा। अब उन्हें कही बाहर जाने की ज़रूरत नहीं पड़ेगी। इस पार्लर के खुलने से कई महिलाओं के रोजगार का सृजन भी हो सका है। इस तरह के कार्य से महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं। पार्लर की संचालिका नाज़ खान ने कहा कि महिलाओं की सुविधा के लिए उतरौला में श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे के निकट संगम मार्केट में उच्च स्तरीय ग्लैम बुटीक एंड ब्यूटी पार्लर खोला गया है। जो एयर कंडिशन युक्त होने के साथ सभी सुविधाओं से लैस है। यहां महिलाओं को ब्यूटीशियन संबंधी सभी सामग्री व लेटेस्ट वैरायटी के कपड़े, एक्सेसरीज़, विशिष्ट प्रकार के सूट कलेक्शन सस्ती दर पर उपलब्ध है। ग्लैम बुटीक एंड ब्यूटी पार्लर में ब्लीचिंग, फेशियल, हेयर कट्स, हेयर ट्रीटमेंट, बॉडी ट्रीटमेंट, वैक्सिंग, बालों को कलर व स्ट्रेट करना, पेडिक्योर, मेनिक्योर, वैक्सिंग, थ्रेडिंग और सभी प्रकार के मेकअप आदि के लिए एक्सपर्ट एवं ट्रेंड ब्यूटीशियन मौजूद हैं। जो किफायती दर पर बेहतरीन सेवा देने में माहिर हैं। संचालिका नाज़ खान ने कहा कि ग्राहकों की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है। महिलाओं को आगे लाने के लिए यह एक छोटा सा प्रयास है। इस मौके पर सुमन जौहरी सबीना रूबी गांधी मौजूद रही।

## कृषक गोष्ठी आयोजित, किसानों को दी गई मक्का एवं प्राकृतिक खेती की जानकारी



**मितौली खीरी।** मितौली सभागार में त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम योजना के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में सहायक विकास अधिकारी कृषि नैमिष कुमार यादव ने किसानों को मक्का की खेती के आधुनिक तरीकों, कृषि विभाग की योजनाओं एवं कृषि यंत्रीकरण तथा मिनी किट बुकिंग के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर बीटीएम हरजेश सिंह ने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लाभों पर प्रकाश डालते हुए किसानों को नई तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा दी। वहीं, अमित कुमार बाजपेई ने धान, गन्ना, उड़द, मूंग व तिल की फसलों में लगने वाले कीट व रोगों के निदान से संबंधित जानकारी साझा की। गोष्ठी में प्रगतिशील किसान राजकुमार सिंह सडिलवा समेत क्षेत्र के अनेक किसान उपस्थित रहे और कृषि संबंधी सुझाव प्राप्त किए।

## मुक्तिधाम सौंदर्यीकरण कार्य का पालिकाध्यक्ष ने किया निरीक्षण

▸ विजय शुक्ला रिंकू ने निरीक्षण के बाद दिए आवश्यक निर्देश

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



नगर के प्रमुख धार्मिक स्थल मुक्तिधाम में चल रहे सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्यो का शुक्रवार सुबह नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मौके पर पहुँचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्य की गुणवत्ता की गहनता से जांच की और आवश्यक निर्देश भी दिए। उनके साथ खाद्य एवं सफाई निरीक्षक संदीप वर्मा, जूनियर इंजीनियर अनिल यादव सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर पालिका द्वारा लगभग 33.40 लाख रुपये की लागत से मुक्तिधाम में आधुनिक सुविधाओं से युक्त निर्माण कार्य कराया जा रहा है। इसमें छह नए अंत्येष्टि स्थल, इंटरलॉकिंग कार्य, लकड़ी रखने का हॉल, एक गार्बेज यार्ड, एवं तीन स्नानागार का निर्माण शामिल है। इन सभी कार्यों का उद्देश्य शोकाकुल परिवारों को बेहतर एवं सम्मानजनक अंतिम संस्कार की सुविधाएं उपलब्ध कराना है। निरीक्षण के दौरान पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका का प्रयास है कि मुक्तिधाम न केवल साफ-सुथरा हो, बल्कि वहां आने वाले शोकाकुल परिजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने जानकारी दी कि सौंदर्यीकरण के तहत दो बॉडी चिलर स्थापित किए जाएंगे, जिन्हें ई-रिक्शा के माध्यम से मृतक के घर तक पहुंचाया जाएगा। साथ ही मुक्तिधाम परिसर में बैठने के लिए स्टील की बेंच, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था, और लकड़ी व स्नान आदि की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। पालिका अध्यक्ष ने यह भी बताया कि मुक्तिधाम में 600 कुंतल लकड़ी की व्यवस्था की गई है, ताकि अंतिम संस्कार में किसी प्रकार की कमी न हो। वर्तमान में मुक्तिधाम परिसर में फैले झाड़-झंखाड़ और बरसाती घास की सफाई का कार्य भी नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा है, जिसका उन्होंने स्वयं निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मोहित अवस्थी, विजय मिश्रा, रविंद्र कटियार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और तय समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूरे हों। नगर पालिका द्वारा उठाया गया यह कदम न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि करेगा, बल्कि अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील प्रक्रिया को भी अधिक व्यवस्थित और सहज बनाएगा।

## संदिग्ध हालात में युवक की मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**निघासन (खीरी), समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली क्षेत्र के सुक्खनपुरवा गांव का 22 वर्षीय युवक विकास गुरुवार को संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाया गया। उसका शव रकेहटी-ढखेरवा खालसा मार्ग किनारे पड़ा मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव देखकर मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और गांव में मातम छा गया। विकास अपने नाना लेखराम के घर से पल्सर बाइक पर रकेहटी जा रहा था। रास्ते में उसकी रहस्यमयी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट के बाद उसकी हत्या की है। पोस्टमार्टम के बाद जब शव गांव लाया गया तो परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने शव का अंतिम संस्कार करने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि जब तक मुकदमा दर्ज नहीं होगा, तब तक दाह संस्कार नहीं करेंगे। परिजनों के दुख और आक्रोश को देखकर गांव में तनाव का माहौल बन गया। सूचना पर प्रशासनिक अधिकारी व पुलिस बल मौके पर पहुंचे और किसी तरह परिजनों को समझाने का प्रयास किया। आखिरकार तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। देर शाम तक गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी रही और एहतियातन पुलिस बल की तैनाती की गई। गांव में इस घटना से गहरा सन्नाटा पसरा है, हर कोई विकास की असमय मौत को लेकर हैरान और व्यथित है।

## नशे में धुत पिता ने मासूम बेटे की ली जान, हत्या के आरोप में गिरफ्तार




**मितौली, खीरी।** थाना क्षेत्र के रेवाना गांव में शुक्रवार सुबह हृदय विदारक घटना सामने आई, जब नशे में धुत एक पिता ने खेलते समय अपने ही मासूम पुत्र की जान ले ली। मृतक के ताऊ लालजी प्रसाद पुत्र मेवालाल ने मितौली थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनका सगा भाई सतीश (पुत्र मेवालाल) सुबह करीब सात बजे अपने मासूम बेटे को उछाल-उछालकर खेला रहा था। अचानक बच्चा नीचे गिर पड़ा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि घटना के बाद नशे में धुत सतीश ने मृत बच्चे की टांग पकड़कर घर में घूमना शुरू कर दिया। यह मंजर देख परिजन व ग्रामीण स्तब्ध रह गए। सूचना पर पहुंची मितौली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया। वहीं आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश कर दिया।

### पौधे रोपित कर भूल गए जिम्मेदार

**पौधारोपण महा अभियान में लगे पौधे हो गए गायब**



**बिजुआ खीरी।** विश्व पर्यावरण दिवस पर धरती को हरा भरा करने व पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से सभी गांवों व विद्यालयों में प्रतिवर्ष विभिन्न किस्म के लाखों पौधे लगाए जाते हैं। लेकिन विडंबना यह है कि कुछ ही दिनों के बाद अधिकतर पौधे गायब हो जाते हैं। इनका कुछ भी पता नहीं चलता जिम्मेदार अपनी मौज में रहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। फिर हमारे आसपास वर्षों पहले लगाए गए पुराने पेड़ ही दिखाई देते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर क्षेत्र में विद्यालय परिसर, सचिवालय परिसर, सड़कों के किनारे एवं खाली स्थान पर अलग-अलग विभागों के कर्मियों द्वारा पौधरोपण अभियान के तहत विभिन्न किस्म के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए थे। जिनमें से अधिकतर रखरखाव के अभाव में मुरझा कर सूख गए कुछ पौधों को जानवर चबा गए जबकि कुछ को ग्रामीण उखाड़ ले गए। विदित है कि प्रत्येक गांवों में प्रतिवर्ष लाखों पौधों का रोपण होता है इनमें से यदि एक चौथाई पौधे भी संरक्षित हो जाए तो चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आएगी।

## निपुण भारत मिशन के अंतर्गत पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** निपुण भारत मिशन के तहत बुनियादी भाषा एवं संख्या ज्ञान तथा एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों पर आधारित पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का सफल आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र रेहरा बाजार में किया गया।

प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के अनुरूप बच्चों में भाषा और गणितीय दक्षता विकसित करने हेतु नवीन तकनीकों और नवाचारों से अवगत कराया गया। खंड शिक्षा अधिकारी रेहरा बाजार रमेश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षकों द्वारा दिए गए प्रशिक्षण से शिक्षण की गुणवत्ता में निश्चय ही सकारात्मक बदलाव आएगा। शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में नीरज पांडेय, राजेंद्र प्रसाद वर्मा, दिनेश त्रिपाठी, लोकेशपति त्रिपाठी एवं अमित कुमार त्रिपाठी की विशेष उपस्थिति रही। इन्होंने प्रतिभागी शिक्षकों को कार्यशालाओं और व्यावहारिक गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण के नये आयाम समझाए। प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागी शिक्षकों ने विद्यालयों में अर्जित ज्ञान को लागू कर बच्चों के समग्र विकास में योगदान देने का संकल्प लिया।

## राहुल के बयान से आक्रोश, भाजपाइयों ने किया पुतला दहन

**उतरौला(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



बिहार में हुई राहुल गांधी की जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अमर्यादित शब्दों के प्रयोग से आक्रोशित होकर भाजपा युवा मोर्चा ने शनिवार को उतरौला के श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे पर राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा ने किया। पुतला दहन के दौरान भारी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे और राहुल गांधी मुर्दाबाद, पीएम मोदी का अपमान नहीं सहेंगे जैसे नारे लगाए। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अमर्यादित भाषा का प्रयोग केवल एक व्यक्ति का अपराध नहीं बल्कि कांग्रेस पार्टी की मानसिकता को दर्शाता है। राहुल गांधी को इस घटना की जिम्मेदारी लेकर सार्वजनिक तौर पर माफी मांगनी चाहिए। प्रधानमंत्री का अपमान, देश का अपमान है और भाजपा कार्यकर्ता इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश सह संयोजक अनूप गुप्त कहा कि कांग्रेस नेताओं का यह रवैया लोकतंत्र और भारतीय संस्कृति की गरिमा के खिलाफ है। राहुल गांधी की मौन सहमति इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस पार्टी अब मर्यादा और शालीनता की राजनीति भूल चुकी है। भाजपा इस तरह की हरकतों का पुरजोर विरोध करता है और सड़कों पर संघर्ष के लिए हमेशा तैयार है। पुतला दहन के दौरान युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति और प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक शब्दों का विरोध जिला भर में जारी रहेगा। जिला उपाध्यक्ष रमेश जयसवाल, देवानंद गुप्त, महेंद्र प्रताप सिंह, रोहित राज, राहुल राज, विकास गुप्त, कपिल गुप्त, आशीष वर्मा, अंदीप कुमार, नवाब वर्मा, दुर्गा प्रसाद, पुनीत तिवारी, अपूर्व चौहान, दुर्गा भारती, राजू प्रसाद, रामनिवास यादव, प्रमोद जयसवाल आदि मौजूद रहे।

## किसानों के जेब में यूरिया का डाका

**श्रीदत्तगंज,बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**





विकास खण्ड श्रीदत्तगंज बैपैक्स खरदौरी किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर खाद दुकानदार उनकी जेब पर सीधा डाका डाल रहे हैं। क्षेत्र के भुजैनिकभार स्थित कादिरी खाद भंडार पर यूरिया की बोरी सरकारी रेट से अधिक रुपये में बेचे जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीण किसान राम विलास बरसाती लाल वर्मा सत्तू मनोहर ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इसकी शिकायत एडीओ कोऑपरेटिव आनंद बाबू से की। तो तत्काल खाद वितरण पर रोक लगा दी गई। लेकिन किसान चन्द्र प्रकाश पाण्डेय का कहना है कि रातो रात गोदाम से यूरिया स्टॉक गायब हो जाता है उनका आरोप है कि इस खेल में दुकानदार के साथ विभागीय मिलीभगत भी शामिल है। किसानों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि एक तरफ सरकारी समितियों और गोदामों पर खाद के लिए लंबी-लंबी लाइनें लगती हैं, कई बार पूरा दिन खड़े रहने के बावजूद खाद नहीं मिल पाती, वहीं दूसरी तरफ प्राइवेट दुकानों पर खुलेआम कालाबाजारी कर मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। इससे किसानों पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। एस डी एम से किसानों ने मांग की है कि ऐसे खाद माफियाओं पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि भविष्य में किसानों के साथ इस तरह की लूट न हो सके।सचिव राकेश पाण्डेय का कहना है कि यूरिया उचित दाम पर ही किसानों को वितरित किया जाता है। इस संबंध में जब उपजिलाधिकारी उतरौला अभय सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि संबंधित दुकानदार के खिलाफ जांच के आदेश दे दिए गए हैं। एसडीएम ने कहा कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो दुकानदार पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर कबड्डी चैंपियनशिप, प्रगति व तेजस की टीम रही विजेता



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर शिक्षा क्षेत्र रेहराबाजार के कंपोजिट विद्यालय बसावन बनकट में मेजर ध्यानचंद्र की स्मृति में कबड्डी चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाध्यापक वंशराम कनौजिया व सहायक अध्यापक अमित कुमार सिंह ने किया। बालिका वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्रगति टीम ने उन्नति टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। वहीं बालक वर्ग में तेजस टीम विजेता बनी जबकि सक्षम टीम उपविजेता रही। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन पर दर्शकों ने उत्साहपूर्वक तालियां बजाई। मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी रेहराबाजार रमेश कुमार वर्मा ने विजेता व उपविजेता टीमों को मेडल और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि खेल से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। इस अवसर पर बीईओ रेहराबाजार रमेश कुमार वर्मा, भानु प्रताप सिंह, सतीश कुमार सिंह, वंशराज कनौजिया, पंकज चतुर्वेदी, पियूष दूबे, गौरव सिंह, अवधेश श्रीवास्तव, सुरेंद्र कुमार, अमित सिंह, देवसागर दूबे, प्रीति सिंह, सरिता वर्मा, कविता तिवारी, राजेंद्र कुमार, मीरा वर्मा सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्यजनों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

### सूचना

मैं शपथी राधिका प्रसाद वर्मा उर्फ राधेश्याम पुत्र लौटू वर्मा निवासी ग्राम एकडेगा पोस्ट माड़ा परगना बभनी पायर विकासखंड छपिया तहसील मनकापुर जिला गोण्डा सशपथ बयान करता हूं की राधिका प्रसाद वर्मा और राधेश्याम यह दोनों मेरे ही नाम है भविष्य में मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाए।

### आम सूचना

**मेरी संपत्ति के बैनामों की मूल प्रतियां जिसका प्रमाण पत्र:**

(1) संख्या 4022 दिनांक 15.04.2013 जिसका खंड संख्या 5627 के पृष्ठ सं. 217/238, (2) संख्या 12384 दिनांक 07.12.2012 जिसका खंड संख्या 5466 के पृष्ठ सं. 01/12, (3) संख्या 9995 दिनांक 27.08.2011 जिसका खंड संख्या 4852 के पृष्ठ सं. 317/338, (4) संख्या 4793 दिनांक 23.05.2006 जिसका खंड संख्या 2675 के पृष्ठ सं. 279/292 पर दर्ज है। उपरोक्त बैनामो की मूल प्रतियां मुझसे रामपुर कलां बाजार क्षेत्र में कही गिर गई हैं। जो कि काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिल पाई हैं। जिसकी प्राथमिकी भी मैंने उ. प्र. पुलिस में दिनांक 19.08.2025 को दर्ज करा दी है, जिस का L.A.R.N 20250000593145 है। किसी को मिलने पर संपर्क करें- नईम खां पुत्र हकीमुल्ला खां निवासी ग्रा. व पो. लौकीखेड़ा, तहसील मोहम्मदी जिला लखीमपुर खीरी (उत्तर प्रदेश)।

# यूपी पुलिस व सेंचुरियन विवि के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

### एमओयू छात्रों को फोरेंसिक विज्ञान क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त करेगा प्रदान, शैक्षणिक व अनुसंधान के क्षेत्रों में सहयोग होगा मजबूत

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्ण की मौजूदगी में शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय में ओडिशा की सेंचुरियन विश्वविद्यालय के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुए।

इस समझौते का उद्देश्य प्रशासनिक, शैक्षणिक और अनुसंधान के क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करना है। इस दौरान एडीजी तकनीकी सेवाएं नवीन अरोरा ने इस समझौता ज्ञापन के प्रमुख लाभ बताते हुए कहा कि यह संयुक्त शिक्षण, प्रशिक्षण और अनुसंधान पहल, शोध सामग्री प्रकाशनों और पुस्तकालय संसाधनों का आदान-प्रदान, वैज्ञानिक उपकरणों, सॉफ्टवेयर और प्रयोगशाला सुविधाओं का सदुपयोग, वैज्ञानिकों व शोधार्थियों के लिए सह-मार्गदर्शन के अवसर प्रदान करेगा। यह एमओयू छात्रों को तेजी से विकसित हो रहे फॉरेंसिक विज्ञान क्षेत्र में प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करेगा, उनकी रोजगार क्षमता को बढ़ाएगा।

अत्याधुनिक अनुसंधान को बढ़ावा देगा, जो देश भर में कानून प्रवर्तन और न्यायिक प्रणालियों का समर्थन करेगा। इस अवसर पर डीजीपी ने इस एमओयू की सराहना करते हुए कहा कि यह ज्ञान-विनिमय, नवाचार और फॉरेंसिक क्षमता-वृद्धि की साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह न केवल शैक्षणिक शोध को मजबूत करेगा बल्कि प्रदेश की फॉरेंसिक संरचना को भी नई वैज्ञानिक शक्ति प्रदान करेगा।

#### फॉरेंसिक पहलों को और गति देगा एमओयू

यह पहल उत्तर प्रदेश को वैज्ञानिक अन्वेषण और फॉरेंसिक उत्कृष्टता के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण साबित होगी। यह एमओयू प्रदेश में हाल ही में शुरू की गई कई फॉरेंसिक पहलों को और गति देगा। नए आपराधिक कानूनों के अंतर्गत अब गंभीर अपराधों में फॉरेंसिक विशेषज्ञ का घटनास्थल (एसओसी) पर पहुंचना अनिवार्य कर दिया गया है, जिससे सबूतों का वैज्ञानिक और सटीक संकलन सुनिश्चित हो रहा है। इसी माह 75 अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन का शुभारंभ मुख्यमंत्री के हाथों हुआ है। ये वैन डीएनए सैंपलिंग, फिंगरप्रिंट विश्लेषण, टॉक्सिकोलॉजी परीक्षण और अन्य आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हैं। इससे प्रदेश में फॉरेंसिक-आधारित पुलिसिंग को नया आयाम मिला है।

# बैंकॉक में पाटा ट्रैवल मार्ट में पर्यटन विभाग की पवेलियन पर आगंतुकों की रही भारी भीड़

▸ पर्यटन विभाग ने पेश की बौद्ध विरासतों की भव्यता : जयवीर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने राज्य की बौद्ध विरासतों के साथ एशिया प्रशांत क्षेत्र के प्रमुख पर्यटन मंच 47वें पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन पाटा 2025 में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज कराई।

राज्य पर्यटन अपनी विशेष प्रदर्शनी 'एम्बार्क ऑन योर बोधि यात्रा इन उत्तर प्रदेश' के साथ सबसे आकर्षक और सर्वाधिक देखे जाने वाले पवेलियनों में शामिल रहा। यहां राज्य के प्रमुख बौद्ध स्थलों को प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया। विदेशी आगंतुकों को 'बोधि यात्रा' पर उत्तर प्रदेश आमंत्रण के साथ पाटा-2025 की विदाई हुई। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के स्टॉल का उद्घाटन थाईलैंड में भारत के राजदूत नागेश सिंह ने किया। 26 से 28 अगस्त तक बैंकॉक के क्वीन सिरिकिट नेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में पर्यटन उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, टूर एंड ट्रैवल क्षेत्र से जुड़े पेशेवरों और साझेदारों के साथ सार्थक संवाद हुए।

संवाद सत्र में यूपी की सांस्कृतिक पृष्ठभूमि और आध्यात्मिकता को रेखांकित किया गया। यूपी पवेलियन में विदेशी आगंतुकों को 'बुद्धा राइस' काला नमक चावल विशेष रूप से भेंट किया गया। 47वां पैसिफिक एशिया ट्रैवल एसोसिएशन, पर्यटन अर्थव्यवस्था से जुड़े हितधारकों को जोड़ने वाला एक प्रमुख मंच सिद्ध हुआ।

## खबरें एक नजर में

### नदी में डूबने से चचेरे भाई-बहन की मौत, लोगों ने एक को बचाया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी में चचेरे भाई-बहन सहित 3 बच्चे नहाते समय लूनी नदी में डूबने लगे। आसपास के लोगों ने 1 बच्चे को सकुशल बाहर निकला लिया। चचेरे भाई-बहन की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने उनके शव का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया। पुलिस के काफी समझाने के बाद परिजन तैयार हुए। इसके बाद पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। हालांकि, मामले में पुलिस को कोई लिखित तहरीर नहीं दी गई है। घटना शुक्रवार सुबह गोसाईगंज थाना क्षेत्र के ग्राम लोधपुरवा मजरा सलेमपुर की है। बच्चों की पहचान ग्राम लोधपुरवा मजरा सलेमपुर निवासी गौरव (4) पुत्र साजन, हिमानी (4) पुत्री अंकित और विराट (4) पुत्र गुड्डू के रूप में हुई। गांव से करीब 500 मीटर की दूरी पर लूनी नदी बहती है। तीनों बच्चे नदी के किनारे खेल रहे थे। खेलते-खेलते नदी में नहाने लगे। पानी अधिक होने के कारण नदी में डूबने लगे। आसपास के लोगों ने डूबते हुए बच्चों को बाहर निकाला। तब तक गौरव और हिमानी की मौत हो चुकी थी। दोनों चचेरे भाई-बहन थे। विराट की स्थिति ठीक है।

### ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है : उमानन्द

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''आरजीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी, इटौंजा, लखनऊ, उप्र'' के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि प. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 447वां ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकर्त्री सीमा निरंजन एवं अनिल कुमार निरंजन ने अपने पुत्र हर्षवर्धन निरंजन एवं पुत्री अदिति निरंजन के उज्ज्वल भविष्य के लिए भेंट किया तथा उपस्थित संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ऋषि का सद्साहित्य नैतिक शिक्षा प्रदान करता है।

### एपी सेन कॉलेज में ध्यानचंद जयंती पर भाषण प्रतियोगिता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाई गई। शारीरिक शिक्षा, अर्थशास्त्र और अंग्रेजी विभाग ने मिलकर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो रश्मि श्रीवास्तव के उद्बोधन से हुई। इस वर्ष का विषय था खेल शांतिपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण हेतु। खेलों को अनुशासन, टीमवर्क, शांति और स्वस्थ जीवनशैली के लिए आवश्यक बताया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में बी.ए प्रथम वर्ष की आंचल ने पहला स्थान प्राप्त किया। बी.ए तृतीय वर्ष की प्रियाकुमारी दूसरे और बी.ए द्वितीय वर्ष की अनुष्का विश्वकर्मा तीसरे स्थान पर रहीं। भाषण प्रतियोगिता में अलका दुबे और शालिनी पाण्डेय ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल किया।

### छात्रा से छेड़छाड़ में फिजियोलॉजिस्ट सस्पेंड

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्य खाद्य प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी संस्थान एसआईएफपीटी में एमएससी की छात्रा से फिजियोलॉजिस्ट मनोज कुमार प्रचेता के छेड़छाड़, चौटिंग का मामला सामने आया है। जांच के बाद आरोपी को निलंबित कर दिया गया है। उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग परिसर में एसआईएफपीटी चलता है। एमएससी खाद्य प्रौद्योगिकी की पढ़ाई होती है। संस्थान बुंदेलखंड विवि से संबद्ध है। यहां की छात्रा ने फिजियोलॉजिस्ट कम बायोकेमिस्ट मनोज पर छेड़खानी और मोबाइल फोन पर असमय चैटिंग के आरोप लगाए थे। उद्यान विभाग की उप निदेशक गीता द्विवेदी की अध्यक्षता में गठित कमेटी ने जांच की। इसके बाद अपर मुख्य सचिव बीएल मीना ने आरोपी को निलंबित कर मुख्यालय से संबद्ध कर दिया है।

डिप्टी सीमए केशव मौर्य ने सड़क निर्माण में एफ्डीआर तकनीक व ग्रीन टेक्नोलॉजी का उपयोग विषय पर सेमिनार में कहा

# ग्रामीण मार्गों के निर्माण में एफडीआर तकनीक है वरदान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्रामीण सड़कों का उन्नयन राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं। पीएमजीएसवाई में उत्तर प्रदेश की अग्रणी भूमिका रही है। ग्रामीण मार्गों के निर्माण में एफ्डीआर तकनीक वरदान साबित हो रही हैं।

पीएमजीएसवाई की सड़कों में एफडीआर तकनीक अपनाने वाला उत्तर प्रदेश अग्रणी राज्य है। विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सबसे बड़ी जरूरत रोड कनेक्टिविटी है। एफडीआर तकनीक से बनी सड़कें ग्रामीणों का हाईवे सिद्ध हो रही हैं। समग्र विकास के लिए रोड



कनेक्टिविटी आवश्यकता है।गांव के विकास में पीएमजीएसवाई की सड़कों का व्यापक प्रभाव रहा है।

एफडीआर तकनीक में कम लागत में उच्च गुणवत्ता की ज्यादा टिकाऊ सड़के बन रही हैं। ग्रामीण सड़कों के नेटवर्क से समावेशी विकास संभव हुआ है। पर्यावरण संतुलन के साथ, हमें हर घर नल की तरह हर घर सड़क से जोड़ना है। केशव मौर्य शुक्रवार को आईआरसी व यूपीआरआर डीए ग्राम्य विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में, इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान लखनऊ मे सड़क निर्माण में एफडीआर तकनीक व ग्रीन टेक्नोलॉजी का उपयोग विषय पर आयोजित दो दिवसीय सेमिनार को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

#### प्रदेश के युवाओं को शिक्षा और रोजगार के लिए बाहर न जाना पड़े : योगेन्द्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद और माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर में 518 अस्थायी शैक्षिक पदों के सृजन को स्वीकृति प्रदान की है।उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार सुनिश्चित कर रही है कि विश्वविद्यालय या महाविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की कमी न हो। गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के लिए प्रोफेसर के 39, एसोसिएट प्रोफेसर के 78 एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के 156 अर्थात 273 पद तथा मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर के लिए प्रोफेसर के 35, एसोसिएट प्रोफेसर के 70 एवं असिस्टेंट प्रोफेसर के 140 अर्थात कुल 245 पद सृजित किए गए हैं। इन पदों के सृजन से विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और विद्यार्थियों को उच्च स्तरीय शिक्षा व बेहतर शोध अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि सभी नियुक्तियाँ शासन द्वारा निर्धारित प्रक्रिया और आरक्षण संबंधी नियमों का पूर्ण अनुपालन करते हुए की जाएंगी। पदों को केवल उन्हीं पाठ्यक्रमों की आवश्यकता अनुसार भरा जाएगा जिनका संचालन विश्वविद्यालयों में हो रहा है। योगी सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश का युवा कहीं बाहर शिक्षा और अवसर खोजने के लिए मजबूर न हो। नए विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की स्थापना, संसाधनों की उपलब्धता तथा योग्य शिक्षकों की नियुक्ति से उत्तर प्रदेश आज उच्च शिक्षा के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर रहा है।

### संभल हिंसा रिपोर्ट पर जोरदार प्रदर्शन, बर्क का पुतला फूंका

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को विश्व हिंदू रक्षा परिषद के कार्यकर्ताओं ने संभल के दिवंगत सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क का पुतला फूंका। परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा- बर्क के परिवार वाले इस्लामी राष्ट्र बनाना चाहते हैं। मगर हम लोग ऐसा नहीं होने देंगे। शनिवार को विश्व हिंदू रक्षा परिषद लखनऊ से संभल के लिए कूच करेगा। हम लोग अपना विरोध मार्च विधानसभा तक निकलना चाहते थे। लेकिन हमें रोक दिया गया। कार्यकर्ताओं ने अपने मुख्यालय से सनातन मार्च निकाला। इस दौरान भारत माता की जय के नारे लगाए। संभल हिंसा पर बीते गुरुवार को न्यायिक आयोग ने सीएम को रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें हिंदू आबादी घटकर 15 प्रतिशत बचे होने का दावा किया गया था।

# न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा की बात करने वाले अपनी बारी आई तो नियम बदल दिए

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत के रिटायरमेंट को लेकर दिए गए बयान पर तंज कसते हुये समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि 'न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा' की बात करने वाले ने अपनी बारी आने पर नियम बदल दिये। यादव ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा न रिटायर होऊंगा, न होने दूंगा की बात करने वाले जब अपनी बारी आई तो नियम बदल दिए। ये दोहरापन अच्छा नही।

अपनी बात से पलटनेवालों पर पराया तो क्या, कोई अपना भी विश्वास नहीं करता है। जो विश्वास खो देते हैं, वो राज खो देते हैं। गौरतलब है कि नई



दिल्ली के विज्ञान भवन में संघ प्रमुख ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा था कि उन्होंने कभी भी 75 साल की उम्र में रिटायर होने की बात नहीं कही थी। न उनके खुद के लिए न ही किसी और के लिए। ध्यान देने की बात है कि मोहन भागवत 11 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। दरअसल उनके बयान का हवाला देते हुए 75 साल की उम्र को ही प्रधानमंत्री मोदी के लिए भी जोड़ा जा रहा था।

### आपदा प्रभावित व्यक्तियों परिवारों को राहत के लिए तीन करोड़ 50 लाख मंजूर

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में आपदा प्रभावित व्यक्तियों परिवारों को राहत सहायता प्रदान करने के लिए 3 करोड़ 50 लाख रूपये मंजूर किये हैं। यह धनराशि राज्य आपदा मोचक निधि के तहत मंजूर की गयी है। मंजूर की गयी धनराशि संबंधित जनपद के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है।इस संबंध में राजस्व विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार उन्नाव के लिए 50 लाख रूपये, मीरजापुर के लिए 1 करोड़ रूपये तथा अयोध्या के लिए 2 करोड़ रूपये मंजूर किये गये हैं। स्वीकृत धनराशि संबंधित जनपद के कोषागार से सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में ई-पेमेन्ट के माध्यम से ही भुगतान सुनिश्चित किया जायेगा।

# उच्च पदस्थ लोगों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी दुखद

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने शुक्रवार को कहा कि राजनीति में उच्च पदों पर बैठे लोगों के खिलाफ अभद्र टिप्पणी किया जाना दुखद और चिंतनीय है। उनका यह बयान बिहार में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कथित तौर पर एक मंच से कुछ लोगों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी के बाद आया है।

बसपा प्रमुख ने शुक्रवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा, ''देश में खासकर राजनीतिक स्वार्थ के कारण राजनीति का गिरता हुआ स्तर अति-दुखद एवं चिंतनीय है। उन्होंने कहा, ''देश में उच्च सरकारी



व गैर-सरकारी संस्थाओं व विशेषकर राजनीति में उच्च पदों पर बैठे लोगों के बारे में जिस प्रकार की अभद्र, अशोभनीय, अमर्यादित व असंसदीय टिप्पणी करके उनकी व देश की छवि को भी धूमिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं वह अत्यंत दुखद व चिंतनीय है। उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में सभी दलों की राजनीति सिद्धांत आधारित तथा देश और आमजन के हित में होनी चाहिए।

### बौखलाहट में अभ्रदता की पराकाष्ठा पार करे रहे कांग्रेसी : भूपेंद्र चौधरी



**लखनऊ।** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय की राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ आरएसएस पर अभद्र टिप्पड़ी बेहद ही शर्मनाक, अपमानजनक एवं अक्षम्य है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के नेताओं की बौखलाहट इस कदर बढ़ गई है कि हर रोज अभद्रता की पराकाष्ठा पार कर रहे हैं। कांग्रेस में होड़ लगी हुई कि कौन कितना नीचे गिर सकता है ताकि कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी उनको ऊंचा पद दे सकें। श्री चौधरी ने कहा, जब नाश मनुज पर छाता है, पहले विवेक मर जाता है। इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी अब इंडियन नेशनल गाली पार्टी बन चुकी है।

# बसों की पर्याप्त संख्या में रहनी चाहिए उपलब्धता : एस एन साबत

▸ छह व सात सितंबर को प्रारंभिक अर्हता परीक्षा के संबंध में हुई बैठक

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष एसएन साबत की अध्यक्षता में पिकप भवन गोमतीनगर लखनऊ में परिवहन निगम के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक में आगामी 6 एवं 7 सितंबर को आयोजित होने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षापीईटी को सुचारू ढंग से संपन्न कराने के संबंध में वार्ता हुई।

बैठक में श्री साबत ने कहा कि इस वर्ष लगभग 25 लाख अभ्यर्थी प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2025 में सम्मिलित हो रहे हैं। इतनी बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों की आवागमन की सुचारू व्यवस्था के लिए परिवहन निगम की जिम्मेदारी एवं भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। बसों की पर्याप्त संख्या सुनिश्चित कर लिया जाए, जिससे कि समय से अभ्यर्थियों को उनके सेंटर पर पहुंचने में असुविधा न हो। एस एन साबत ने परिवहन निगम के अधिकारियों से कहा कि बस स्टैंड पर किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना हो,इसका पूरा ध्यान रखा जाए। अभ्यर्थियों के लिए बस स्टैंड पर पीने के पानी, बैठने इत्यादि की व्यवस्था उचित ढंग से की जाए। बस स्टेशन पर एवं बसों में साफ-सफाई बेहतर रहे।

# हुसैनगंज पुलिस ने वाहन चोर व ठग को पकड़ा

थानाध्यक्ष शिवमंगल के नेतृत्व में दो अलग-अलग मामलों के आरोपियों को भेजा गया जेल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ की हुसैनगंज पुलिस ने शुक्रवार को दोहरी सफलता हासिल करते हुए दो अलग अलग मामलों से संबन्धित वाहन चोर व शातिर ठग को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी हुसैनगंज शिवमंगल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पहली कामयाबी हासिल करते हुए स्थानीय पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक शातिर चोर को बाल विद्या मन्दिर चारबाग गेट नम्बर 2 के पास घेराबंदी करते हुए पकड़ लिया। जिसने पूछताछ में अपना नाम अली खान उर्फ़ सोनू उम्र करीब



30 वर्ष निवासी पारा जनपद लखनऊ मूल पता चुटकी भण्डार स्कूल के पास हाता ख्वाजा गौहर हुसैनगंज लखनऊ बताया। बरामद बाइक के बारे में जानकारी की गई तो ज्ञात हुआ कि केजीएमयू अस्पताल लखनऊ से उक्त एचएफ डीलक्स बाइक चोरी हुई थी जिस मामले में सम्बंधित थाने पर मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने बाइक बरामद करते हुए आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सम्पन्न कर उसे जेल भेज दिया। वहीं दूसरी सफलता हासिल करते हुए हुसैनगंज पुलिस टीम और डीसीपी मध्य की क्राइम टीम ने अंतर्राज्यीय ठग गैंग के एक शातिर ठग को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया। जिसके कब्जे से वादी का चोरी हुआ सामान एयर पॉड्स और 5200 रुपए नगद बरामद हुए। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान कालिदास पुत्र पेरूमल निवासी एफ ब्लॉक दक्षिणपुरी नई दिल्ली स्थाई पता गांधी नगर मोहनपुर नमक्कल तमिलनाडु उम्र करीब 45 वर्ष के रूप में हुई। थानाध्यक्ष शिवमंगल सिंह ने बताया कि यह शातिर किस्म का ठग चोर है जो मौका पाते ही लोगों की गाड़ी का शीशा तोड़कर सामान चोरी कर लेता और फरार हो जाता था। जिसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस टीम लगातार इसकी तलाश में थी। जिसे शुक्रवार को गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उसे सलाखों के पीछे भेज दिया गया है।

### सुपर व्हील्स ऑटोमोबाइल्स के कैम्पस ड्राइव में 55 अभ्यर्थी चयनित

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने हेतु आज राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानअलीगंज में सुपर व्हील्स आटोमोबाइल्स प्रालि का कैम्पस ड्राइव का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने कम्पनी प्रतिनिधि से अधिक से अधिक युवाओं को अवसर प्रदान करने की अपील की तथा चयनित अभ्यर्थियों को समय पर ज्वाइन करने के लिए प्रेरित किया। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खाँ के मुताबिक रोजगार मेले में 205 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जिनमें से 180 ने पंजीकरण कराया। साक्षात्कार प्रक्रिया के उपरान्त 55 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। कंपनी द्वारा चयनित युवाओं को 10,000 से 18,000 रुपये प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जायेगा।

# राशन कार्डधारकों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य : भूपेन्द्र एस चौधरी

▸ पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों को ई-केवाईसी कराये जाने से छूट

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश में खाद्य एवं रसद विभाग के अंतर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम- 2013 लागू है, जिसके अंतर्गत अंनत्योदय एवं पात्र गृहस्थी दो प्रकार के राशन कार्ड धारक लाभान्वित किए जाते हैं। विभागीय शासनादेश संख्या 3, 25.09.2021 द्वारा नए राशन कार्ड जारी किए गए थे, जिसमें यूनिटों में संशोधन तथा यूनिटों के स्थान परिवर्तन की व्यवस्था की गई।

आयुक्त, खाद्य एवं रसद भूपेन्द्र एस चौधरी ने बताया कि भारत सरकार के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी वितरण प्रणाली के अंतर्गत राशन कार्डधारकों की ई- कराना अनिवार्य कर दिया गया है। शासनादेश संख्या 1115/29-6-ई-2792/2020, 11.08.2025 द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि जिन लाभार्थियों का कार्य अपूर्ण है, उनके लिए सितंबर 2025 वितरण चक्र से पूर्व आगामी तीन माह का राशन अस्थायी रूप से अवरुद्ध करते हुए उन्हें ई-केवाईसी पूर्ण कराने हेतु एसएमएस के माध्यम से भेजे जाएंगे। 31 अगस्त 2025 तक जिन राशन कार्डधारकों ने केवाईसी नहीं कराया है, उन्हें किसी भी उचित दर की दुकान ई-पॉस पर जाकर अपने केवाईसी की प्रक्रिया पूरी करनी होगी। अंतिम तिथि तक केवाईसी नहीं कराने वाले लाभार्थियों को सितंबर से आगे तीन माह के लिए राशन वितरण से वंचित किया जा सकता है।

# महिला से चेन लूटने वाले स्नैचर को पुलिस ने पकड़ा

▸ डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम व अलीगंज पुलिस को मिली कामयाबी, विकास नगर में हुई घटना का भी खुलासा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तरी ज़ोन की अलीगंज पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने शुक्रवार को अलीगंज इलाके में महिला से हुई चेन स्नैचिंग का खुलासा करते हुए एक स्नैचर को गिरफ्तार कर लिया।

इस मामले में जानकारी देते हुए एडीसीपी उत्तरी जितेन्द्र दूबे ने बताया कि बीते 26 अगस्त को थाना क्षेत्र में महिला से झपट्टा मारकर स्नैचर चेन छीनकर फरार हो गया था। जिसके बाद शिकायतकर्ता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम अभियुक्त की



तलाश में लगी थी। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को स्थानीय पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम ने चेन स्नैचर को केन्द्रीय विद्यालय के पास से गिरफ़्तार कर लिया। जिसकी पहचान विशाल कुमार निवासी सचिवालय कालोनी इन्दिरानगर सर्वोदय नगर थाना गाज़ीपुर लखनऊ उम्र करीब 24 वर्ष के रूप में हुई। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से टूटी हुई दो पीली धातु की चेनें और घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद कर ली। कड़ाई से पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि उसी ने अलीगंज में महिला की चेन लूटी थी और विकास नगर, अलीगंज में उसने कुल 8 चेनें लूटी हैं और कबूला कि कुछ दिन पहले उसने विकास नगर में एक महिला से चेन लूटी थी। जिसका मुकदमा विकास नगर थाने में दर्ज है। अलीगंज पुलिस ने शातिर स्नैचर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कागजी प्रक्रिया सम्पन्न कर उसे सलाखों के पीछे भेज दिया है। गिरफ़्तार करने वाली टीम में डीसीपी उत्तरी क्राइम/सर्विलांस टीम प्रभारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल मु0 नदीम, अवधेश गिरी, संतोष कुमार, अमित कुमार गौतम, कांस्टेबल विशेष दुहुण राघवेन्द्र प्रताप सिंह, और प्रभारी निरीक्षक थाना अलीगंज अशोक सोनकर उपनिरीक्षक संतोष कुमार, कांस्टेबल अमन शुक्ला, रजत यादव, कौशलेंद्र रहे।

मुलाकात

राज्यपाल से सिविल न्यायाधीश 2022 बैच के 70 नवनियुक्त प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीशों ने की भेंट

# दोषी का छूट जाना उतना घातक नहीं, जितना निर्दोष को सजा मिलना

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शुक्रवार को राजभवन में सिविल न्यायाधीश (जूनियर डिवीजन) 2022 बैच के 70 नवनियुक्त प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीशों का शिष्टाचार भेंट एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ।

राज्यपाल ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि न्यायपालिका का दायित्व केवल कानून की व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना भी आवश्यक है। कई बार ऐसे प्रकरण सामने आते हैं, जिन पर कोई स्पष्ट कानून नहीं होता। ऐसे मामलों में



▸ न्यायपालिका का दायित्व केवल कानून की व्याख्या तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज की समस्याओं को समझकर संवेदनशील निर्णय लेना भी आवश्यक

न्यायाधीश को अपने विवेक, निष्पक्षता और मानवीय दृष्टिकोण से निर्णय लेना होता है। राज्यपाल ने कहा कि वर्तमान युग तकनीक का युग है, इसलिए सही निर्णय के लिए तकनीक का उपयोग व हर मामले को बारीकी से देखना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति किसी भी पद पर हो, लेकिन वे समाज का हिस्सा होते हैं, उनका धरती से जुड़ाव होना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षु न्यायाधीशों को सम्बोधित करते हुए कहा कि समाज की सुरक्षा का दायित्व भी आप पर है। उन्होंने पारिवारिक मूल्यों पर भी बल देते हुए कहा कि वृद्धाश्रम की आवश्यकता ही न पड़े, इसके लिए सभी को अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान के निदेशक दिवेश चंद्र सामंत ने संस्थान की स्थापना, उपलब्धियों, प्रशिक्षण के अनुभव एवं नवाचारों की जानकारी राज्यपाल को दी।

#### अपराधों की रोकथाम के लिए जागरूकता अत्यंत जरूरी

उन्होंने प्रशिक्षु न्यायाधीशों को कहा कि निर्णय देते समय विभिन्न प्रकार के दबाव आ सकते हैं, परंतु निष्पक्ष रहकर ही सही न्याय किया जा सकता है। राज्यपाल ने अपने जनपद भ्रमण के दौरान प्राप्त अनुभव साझा करते हुए कहा कि जेलों में बंद अधिकांश कैदी दहेज प्रथा, भूमि विवाद तथा धोखाधड़ी जैसे मामलों से जुड़े पाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि इन अपराधों की रोकथाम के लिए समाज में जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि जनपद स्तर पर, विशेषकर महिलाओं, बेटियों तथा विश्वविद्यालयों में ऐसे मुद्दों पर चर्चा और संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए, ताकि लोगों को इन अपराधों के परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके और समाज को इन बुराइयों से मुक्त किया जा सके। राज्यपाल ने अनाथ बच्चों, बाल सुधार गृहों में रह रहे बालकों एवं बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य एवं देखभाल पर विशेष ध्यान देने की बात कही।

# सौभाग्य योजना फेज-3 विद्युतीकरण का शिलान्यास

**हर गांव में बिजली की सुविधा पहुंचे और जनता के मूलभूत अधिकारों की पूर्ति हो : सुभाष त्रिपाठी**
**विधि विधान के साथ पूजा पाठ कर किया भूमिपूजन**





समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए शुक्रवार को उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तहत विधानसभा पयागपुर के ब्लॉक कैसरगंज के अंतर्गत ग्राम इच्छापुर में विद्युतिकरण कार्य का शिलान्यास विधायक सुभाष त्रिपाठी के द्वारा विधिवत हवन पूजन पश्चात संपन्न हुआ।कार्यक्रम में बताया गया कि यह शिलान्यास आरडीएसएस (एलओएच) योजना के अंतर्गत किया गया है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र में ग्रामीण विद्युत वितरण को मजबूत करना और स्थानीय विकास को गति देना है। सुभाष त्रिपाठी ने कहा हमारा प्रयास है कि हर गांव में बिजली की सुविधा पहुंचे और जनता के मूलभूत अधिकारों की पूर्ति हो। इस प्रकार के कार्य स्थानीय विकास और रोज़मर्रा की सुविधाओं को बेहतर बनाने में मददगार साबित होंगे। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने शिलान्यास के महत्व को रेखांकित करते हुए ग्रामीणों को अधिक से अधिक लाभ पहुँचाने का संकल्प लिया।इस अवसर पर विधानसभा संयोजक निशंक त्रिपाठी कैसरगंज ब्लाक प्रमुख संदीप सिंह, फखरपुर के प्रमुख मुन्ना सिंह, वरिष्ठ नेता डॉ महेंद्र पाठक, जिला मंत्री हरेंद्र विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजन सिंह,मण्डल अध्यक्ष रामनिवास निषाद, डॉ नीरज पाण्डेय, प्रधान रामू सिंह, त्रिवेणी सिंह, राजेश लोधी,वेद सिंह, दिलीप सिंह, देवराज सिंह, चन्द्रभान सिंह, मुन्नालाल गुप्ता आषीश भूटानी, पंकज राव, अजय सिंह, सीपी सिंह, अजय सिंह, बृजेश सिंह, विजय भान सिंह, अरविन्द वर्मा, अरविन्द सिंह सहित क्षेत्र के सैकड़ों लोग व विद्युत विभाग अधिकारी कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह का कैसरगंज में भव्य स्वागत



**ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन की अगुवाई में उमड़े हजारों कार्यकर्ता बुलडोजर से हुई पुष्पवर्षा**

**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** कैसरगंज में शुक्रवार को ऐतिहासिक नज़ारा देखने को मिला, जब ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन की अगुवाई में हजारों कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह का ज़ोरदार स्वागत किया। यह आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के निकट स्थित उनके प्रतिष्ठान पर उस समय हुआ, जब वे बहराइच जा रहे थे। पूर्व सांसद के आगमन की सूचना मिलते ही सुबह से ही कार्यकर्ताओं और समर्थकों की भारी भीड़ जुटनी शुरू हो गई। सड़क के दोनों किनारों पर कार्यकर्ताओं और क्षेत्रीय जनता ने हाथों में फूल–मालाएं लेकर उनका इंतज़ार किया। जैसे ही बृजभूषण सिंह का काफिला कैसरगंज पहुंचा, वातावरण बृजभूषण सिंह ज़िंदाबाद और हमारा नेता कैसा हो, बृजभूषण सिंह जैसा हो जैसे नारों से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने फूल–मालाओं से लादकर अपने नेता का गर्मजोशी से अभिनंदन किया। इस दौरान बुलडोज़र से फूलों की वर्षा कर स्वागत का अनोखा नज़ारा पेश किया गया, जिसने पूरे माहौल को उत्सव जैसा बना दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता ने भी उमंग और उत्साह के साथ पूर्व सांसद का अभिनंदन कर यह दर्शा दिया कि उनकी लोकप्रियता आज भी पहले जैसी ही बरकरार है। लोगों ने बृजभूषण सिंह के नेतृत्व और क्षेत्र के विकास में उनके योगदान की सराहना की। वहीं ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन ने कहा कि कैसरगंज की जनता आज भी बृजभूषण सिंह को अपना सच्चा प्रतिनिधि मानती है और यह जनसैलाब इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। इस अवसर पर मनोज सिंह, अमित सिंह काका, राकेश सिंह प्रधान, मौलाना खालिद, रियाज प्रधान, रोहित सिंह प्रधान, अनिल सिंह, सुभाष सिंह, आशुतोष सिंह, शिवाजी पांडे, नियाज अहमद प्रधान, अनुपम सिंह प्रधान, मोहम्मद आसिफ प्रधान, अंसार अहमद, विश्व पाल सिंह, बादशाह सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता, प्रधानगण, व्यापारी, समाजसेवी और आमजन मौजूद रहें।

# महसी में फिर लौटा जंगली जानवरों का खौफ जंगली जानवर के हमले में चार ग्रामीण घायल

**दहशत में जी रहे लोग आधी रात को ही गांव पहुंचे क्षेत्रीय विधायक**



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** बीते वर्ष जिस इलाके में खूंखार भेड़िये का आतंक था, उसी इलाके में एक जंगली जानवर ने हमला कर चार ग्रामीणों को घायल कर दिया। इलाके में दहशत का माहौल है ग्रामीणों के द्वारा सूचना पाकर मौके पर विधायक सुरेश्वर सिंह भी पहुंचे, उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बहराइच के महसी तहसील में एक बार फिर जंगली जानवर की दस्तक से लोगों में डर का माहौल कायम हो गया है।

हरदी थाना क्षेत्र के बदनपुरवा, मोतीपुरवा और सिसैय्या गांवों में देर रात तब अफरा-तफरी मच गई, जब एक जंगली जानवर ने अचानक ग्रामीणों पर हमला कर दिया। इस हमले में राजकुमार सिंह, त्रिलोकी, खैरुन्निशा और रंजना गंभीर रूप से घायल हो गए. घायलों का इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक सुरेश्वर सिंह आधी रात को ही गांव पहुंचे और पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर हर संभव मदद का आश्वासन दिया।सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीमें भी मौके पर पहुंच गईं और हमलावर जानवर की तलाश में जुट गई हैं। फिलहाल ग्रामीण दहशत में हैं और पूरे इलाके



में दहशत का माहौल बना हुआ है। चूंकि पिछले वर्ष भी इसी इलाके में खूंखार भेड़िये का आतंक था, इस वजह से लोगों में एक बार फिर दहशत उत्पन्न हो गई है।

## खबरें एक नजर में

### दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर, तीन घायल



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रायगंज मोड पर दो बाईकों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिसमें तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।जिले के चौकी बैवाही क्षेत्र के रामपुर बाजार में अपने घर को फेरु निवासी दिना पुरवा व बधई निवासी यडुकहा राजू निवासी रायगंज जो शुक्रवार को बाइक से अपने घर को जा रहे थे। की जैसे वो सलार बक्स के खेत के पास पहुंचे वैसे दोनों की बाइक अनियंत्रित होकर आमने सामने जोर दार टक्कर हो गई। टक्कर होने से तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने सूचना परिजनों को दी। सूचना देने के बाद परिजन मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेज दिया गया है। जहां इलाज जारी है। दो घायलों का पैर टूट गया है। चौकी इंचार्ज बैवाही राम सुधार यादव ने बताया कि मुझे सूचना नहीं मिली है।

### ट्रांसफार्मर में लगी आग, भागकर बचाई जान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** फखरपुर क्षेत्र के कुंडसपरा गांव में गुरुवार शाम को एक ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। आग की तेज लपटें और धमाके की आवाज से आसपास के लोगों में अफरा–तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत विद्युत उप केंद्र को सूचित किया। विद्युत आपूर्ति बंद करने के बाद ग्रामीणों ने आग पर काबू पा लिया। हालांकि तब तक ट्रांसफार्मर पूरी तरह जल चुका था। ट्रांसफार्मर के जलने से आसपास के सैकड़ों घरों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई है। गर्मी के मौसम में बिजली न होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत विभाग ने ट्रांसफार्मर की शीघ्र मरम्मत का आश्वासन दिया है।

### जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल के न्यायिक सदस्य बने नरेन्द्र



**बहराइच समृद्धि न्यूज.।** स्थाई लोक अदालत बहराइच के अध्यक्ष नरेन्द्र बहादुर यादव को जीएसटी अपीलीय ट्रिब्यूनल में न्यायिक सदस्य नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री यादव सेवानिवृत्त जिला जज रहे है। श्री यादव को माह सितम्बर 2025 में प्रधानपीठ, नई दिल्ली के समक्ष पदभार ग्रहण करना होगा।

### खेल प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज ।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, मालवीय नगर में शुक्रवार को खेल दिवस के अवसर पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन संकुल प्रमुख प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन मे सम्पन्न हुआ। आयोजित प्रतियोगिताओं मे भारतीय पारम्परिक खेल बाधा दौड़, जलेबी दौड़, सुदर्शन चक्र, शेर बकरी, नमस्ते जी आदि खेल आयोजित किया गया। संपन्न हुई प्रतियोगिता का परिणाम सोमवार को घोषित किया जायेगा। इस अवसर पर सर्व व्यवस्था प्रमुख प्रेमचंद्र मिश्र, कृष्ण गोपाल पाण्डेय, जीतेन्द्र पाण्डेय, शशि कुमार दुबे, ओंकार सिंह, पवन यादव निर्णायक की भूमिका मे रहे। साथ ही बहनो की प्रतियोगिता मे आचार्या बहन आरती शुक्ल, अनुराधा शुक्ला ने सराहनीय योगदान किया।

### राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर खुशी



**बेलसर, गोण्डा।** नगर पंचायत बेलसर वार्ड नंबर 16 चांदपुर विधानसभा तरबगंज निवासी शिवनाथ गुप्ता भोजवाल को राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र वासियो ने खुशी व्यक्त की प्रदेश अध्यक्ष शिव नाथ गुप्ता भोजवाल का प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार पार्टी की बैठक में पहुंचने पर राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी के पदाधिकारीयो ने बड़ा ही भव्य जोरदार स्वागत किया शिवनाथ गुप्ता भोजवाल ने उत्तर प्रदेश में हो रहे खाद की समस्या को लेकर सरकार से तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की अन्यथा पार्टी पदाधिकारियों के साथ किसानो के समर्थन मे रोड पर उतरकर धरना प्रदर्शन करेंगे और किसानों के साथ किसी भी दशा में उनका शोषण बर्दाश्त नही करेगी। राष्ट्रीय भारतीय अखंड पार्टी शिवनाथ गुप्ता भोजवाल के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर विजय भोजवाल संजय भोजवाल, दीपक भोजवाल, बजरंगी भोजवाल, शिवराम प्रजापति, दिलीप प्रजापति, राम तीरथ यादव राजेश भोजवाल समस्त पार्टी के पदाधिकारियों ने खुशी जताई।

# जन्म से कटे होंठ व कटे तालू का निःशुल्क पंजीकरण शिविर

**27 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण, 21 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित बच्चों के चेहरों पर लौटेगी मुस्कान**



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जनपद में विकास खंडवार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं कार्यालय मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद में 28 अगस्त से 01 सितम्बर 2025 तक प्रातः 10 सांय 4 तक जन्मजात कटे होंठ व कटे तालू से संबंधित समस्या वाले मरीजों के इलाज हेतु निःशुल्क पंजीकरण शिविर किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा के अधीक्षक डॉ चंद्र भान राम ने बताया कि इसी क्रम में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा में निःशुल्क पंजीकरण शिविर लगाया गया और शिविर में 21 मरीजों को ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया।

पूर्ण रूप से स्वस्थ बच्चे की मुस्कान ही उसका आत्म विश्वास जगाती है। इसी आत्मविश्वास को वापस लाने में अमेरिका की स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट के निदेशक डॉ वैभव खन्ना एवं डॉ आदर्श कुमार हेल्थ सिटी ट्रामा सेंटर एवं सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल सार्थक भूमिका निभा रहें है। पंजीकृत मरीजों का निःशुल्क ऑपरेशन एवं सम्पूर्ण इलाज लखनऊ हेल्थ सिटी अस्पताल में किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए डीईआईसी प्रबंधक गोविन्द रावत के मो. 9598769545 एवं स्माइल ट्रेन सस्था के प्रतिनिधि नीरज कुमार शर्मा के मो. 9454159999, 9565437056 पर संपर्क स्थापित किया जा सकता है।मुख्यचिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि इसी क्रम में 29 अगस्त को ब्लॉक पयागपुर, हूजूरपुर एवं विशेश्वरगंज का स्वास्थ्य परीक्षण/पंजीकरण का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर बहराइच में किया जाएगा, 30 अगस्त को ब्लॉक कैसरगंज,जरवल एवं फखरपुर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज में किया जायेगा और 01 सितम्बर को ब्लॉक चित्तौरा, रिसिया, तेजवापुर, महसी, बहराइच अर्बन एवं समस्त ब्लॉक के छूटे हुए मरीज का मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय बहराइच में आयोजन किया जायेगा। उन्होंने जनता से अपील किया की आप सभी लोग अपने क्षेत्र में, आस पडोस में कहीं पर भी कटे होंठ व कटे तालू के बच्चे को देखें तो उनको शिविर में पंजीकरण कराने के लिए भेजें । निःशुल्क परीक्षण एवं पंजीकरण शिविर को सफल बनाने में डीईआईसी प्रबंधक गोविन्द रावत, स्माइल ट्रेन प्रोजेक्ट अवेयरनेस असिस्टेंट नीरज कुमार शर्मा,समस्त राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीमें, कार्यरत मोबाइल हेल्थ टीमें, आशा/आगनबाड़ी कार्यकत्री , एच बी एन सी, ग्राम प्रधान,शिक्षा विभाग के समस्त कर्मचारी आदि सकारात्मक भूमिका निभा रहें है।

# हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान पंच संकल्प पोस्टर का विमोचन




**बीईओ ने कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग देने का दिया आश्वासन**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** परिषदीय विद्यालयों को स्वच्छ, अनुशासित, हरित व प्रेरणादायक स्थान बनाने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र जरवल रोड में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश द्वारा 1 सितंबर को आयोजित होने वाले देशव्यापी वृहद कार्यक्रम की कड़ी में बीईओ अरविंद बहादुर सिंह ने पंच संकल्प पोस्टर स्टिकर का विमोचन किया।

बीईओ द्वारा कार्यक्रम में आवश्यक सहयोग देने का आश्वासन दिया गया। संगठन की ओर से बताया गया कि विद्यालयों में उत्तम शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए यह अभियान शिक्षकों और विद्यार्थियों का साझा संकल्प है। अभियान के अंतर्गत विद्यालय की संपत्ति, समय और संसाधनों को राष्ट्र धन मानते हुए उनका संरक्षण और विवेकपूर्ण उपयोग का संकल्प दिलाया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अखण्ड प्रताप सिंह, महामन्त्री नीरज सिंह, उपाध्यक्ष रानू सेंगर, कोषाध्यक्ष गौरव मिश्र समेत अन्य पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

### भजन गायक संदीप आचार्य के भजनों पर झूमे भक्त

**बहराइच।** गायघाट के मोहनगिरी दास बाबा पर गणेश उत्सव कार्यक्रम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायक संदीप आचार्य मौजूद रहे।जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र के गायघाट स्थिति मोहन गिरी दास बाबा पर गणेश उत्सव कार्यक्रम पर गुरुवार की देर रात विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध भजन गायक संदीप आचार्य को बुलाया गया। कार्यक्रम देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। उनका कार्यक्रम रात 11 बजे से शुरू किया गया। उन्होंने कई प्रकार के भजनों को गाया। भजन में योगी सरकार व मोदी सरकारी की जमकर तारीफ भी। सुरक्षा को लेकर मोतीपुर थाना की भारी पुलिस मौजूद रही। कार्यक्रम में कमेटी अध्यक्ष हिमांशु गुप्ता अमित वर्मा उपाध्यक्ष महामंत्री शिवम पोरवाल सदस्यों के नाम आशीष वर्मा, सूरज वर्मा, अंकित वर्मा, अंकुल वर्मा, अनुराग निगम, सूरज सोनी, शुभम गुप्ता, विमलेश मिश्रा, विशाल यहसैनी आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

# रेलवे बोर्ड चेयरमैन के कार्यकाल विस्तार किए जाने पर पंकज श्रीवास्तव ने दी बधाई



समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** रेलवे बोर्ड चेयरमैन के कार्यकाल विस्तार किए जाने पर पूर्वोत्तर रेलवे क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्य पंकज कुमार श्रीवास्तव ने मिलकर बधाई दी हैं।

जेड .आर .यू .सीसी. मेंबर पंकज कुमार श्रीवास्तव ने अध्यक्ष रेलवे बोर्ड सतीश कुमार से रेल मंत्रालय में मिलकर पूर्वोत्तर रेलवे के रेल यात्रियों की ओर से एक वर्ष कार्यकाल विस्तार होने पर हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान रेलवे बोर्ड अध्यक्ष द्वारा रेल क्षेत्र में विकास त्वरित गति से हो रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के दिशा निर्देशन में रेल यात्रियों एवं कर्मचारी गण को आवश्यक सुविधा प्रदान की जा रही है भाजपा नेता उमेश श्रीवास्तव, शैलेंद्र उपाध्याय, अमित वर्मा, महेंद्र कुमार, संजय प्रजापति, दानिश, दिनेश ओझा, देवेंद्र गुप्ता, कृष्ण कुमार, अधिवक्ता अतुल श्रीवास्तव, ध्रुव कुमार, पिंटू गुप्ता, ऋषि गुप्ता, अफजल, राजेश कुमार, आरके नारद समेत दर्जनों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुनः रेलवे बोर्ड अध्यक्ष मनोनीत होने पर पूर्वोत्तर रेलवे का सर्वांगीण विकास होगा तथा भारतीय रेल यात्रियों एवं रेल कर्मचारी की सुरक्षा तथा सुविधा एवं संसाधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

### एसकेएस कॉलेज सबलापुर में मनाया गया खेल दिवस



**बहराइच।** डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूटशंस सबलापुर में शुक्रवार को खेल दिवस मनाया गया। संस्था डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला व नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर ने हाकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कालेज के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग किए। संस्था डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला ने मेजर ध्यानचंद के आदर्शों और खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर ने कहा कि छात्र-छात्राओं को खेलों के प्रति जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस मौके पर मैनेजर आस्था शुक्ला, नीलेश तिवारी, भंवर चौधरी,आलोक शुक्ला, फूलचंद्र डावरिया, मोहम्मद अशरफ, आंचल सिंह, फरहत खान, प्रतीज्ञा पाठक, सुनिधि शुक्ला, पुष्पेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी समेत अन्य मौजूद रहें।

# छात्रवृत्ति भुगतान बैठक 30 को, उपस्थित हों प्रधानाचार्य



**छात्रवृत्ति खातों में आधार सीडिंग व एनपीसीआई मैपिंग पर जोर**

समृद्धि न्यूज

**गोंडा ।** वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2025-26 में पूर्वदशम (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर (कक्षा 11-12) छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति धनराशि 31 दिसम्बर तक भुगतान किए जाने के साथ ही प्रथम चरण में 2 अक्टूबर 2025 को भी भुगतान करने के निर्देश शासन से प्राप्त हुए हैं।

पात्र छात्र-छात्राओं के ऑनलाइन आवेदन समय पर कराए जाने एवं मास्टर डेटा की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक एवं शिक्षा संस्थानों को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में छात्रवृत्ति बैंक खाते में आधार नंबर सीडिंग, एनपीसीआई से मैपिंग तथा शासन द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों के पालन को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। इसी क्रम में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 30 अगस्त 2025 को अपराह्न 2.30 बजे राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, गोंडा में बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में लीड बैंक अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, छात्रवृत्ति अधिकारी व जिले के सभी शिक्षा संस्थानों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहेंगे। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौरव स्वर्णकार ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं प्रधानाचार्यों से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि पर अनिवार्य रूप से बैठक में शामिल होकर छात्रवृत्ति वितरण संबंधी प्रक्रिया को सुचारु बनाने में सहयोग प्रदान करें।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय खेल दिवस का शुभारंभ

**सिन्थेटिक हॉकी स्टेडियम लखनऊ में आयोजित सीएम के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण**



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** हॉकी के जादूगर पदमभूषण मेजर ध्यानचन्द्र की जयन्ती राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर इन्दिरा गॉधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम का पूर्व सांसद अक्षयबर लाल गोड ने नगर पलिका परिषद के प्रतिनिधि श्यामकरण टेकड़ीवाल, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, बहराइच उद्योग व्यापार मण्डल के पदाधिकारी बृजमोहन मातनहेलिया, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, पीडीडीआरडीए अरूण कुमार, जिला क्रीडाधिकारी आनन्द कुमार श्रीवास्तव, प्रधानाचार्य महराज सिंह इण्टर कालेज संतोष शुक्ला सहित खेल संगठनों के पदाधिकारी व अन्य अतिथियों के साथ मेजर ध्यानचन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर वृहद खेल एवं फिटनेस क्रियाकलापों का शुभारम्भ कर मौजूद विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शिक्षकाओं, छात्र-छात्राओं, खेल प्रेमियों व अन्य अतिथियों को शपथ भी दिलायी।

इसके पश्चात् पूर्व सांसद ने अन्य अतिथियों के साथ जनता माण्टेस्री स्कूल व गोल्डेन वेल्स एकेडमी के मध्य खेले जाने वाले हाकी मैच का खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर शुभारम्भ किया। कार्यक्रम के दौरान पदमश्री मोहम्मद शाहिद सिन्थेटिक हाकी स्टेडियम विजयन्तखण्ड गोमतीनगर लखनऊ में आयोजित मा. मुख्यमंत्री योगी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद श्री गोड ने कहा कि हॉकी के जादूगर पदमभूषण मेजर ध्यानचन्द्र जी के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। राष्ट्रीय खेल दिवस के आयोजन के पीछे सरकार की मंशा है कि खेलों के माध्यम से युवाओं का शारीरिक व मानसिक विकास हो और खेलों के प्रति उनकी रूचि बढ़े। गत वर्षो में ओलम्पिक के दौरान हमारे देश के कई होनहार खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए मेडल प्राप्त कर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होनें मौजूद बच्चों के उज्वल भविष्य की कामना भी की। जबकि कार्यक्रम का संचालन सरदार सरजीत सिंह ने किया।

**निर्देश**

**जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल/मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण**

# अस्पताल में सफाई व मरीजों के बैठने की हो उचित व्यवस्था

समृद्धि न्यूज़

**गोण्डा।** जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन द्वारा आज जिला अस्पताल एवं मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया और मौके पर उपस्थित अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया और स्पष्ट निर्देश दिए कि मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ वातावरण मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल एक संवेदनशील स्थान है, जहां सफाई की व्यवस्था सर्वोपरि होनी चाहिए। गंदगी या अव्यवस्था की स्थिति किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने मरीजों के बैठने की





व्यवस्था का भी निरीक्षण किया और निर्देश दिया कि प्रतीक्षालयों एवं ओपीडी क्षेत्रों में पर्याप्त बैठने की सुविधा सुनिश्चित की जाए ताकि मरीजों व उनके परिजनों को अनावश्यक असुविधा न हो।

इस दौरान उन्होंने डॉक्टरों को सख्त निर्देश दिए कि मरीजों को बाहर से दवा या जांच लिखने की प्रवृत्ति पर तत्काल रोक लगाई जाए। सभी आवश्यक दवाएं एवं परीक्षण अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराए जाएं और मरीजों को अनावश्यक आर्थिक बोझ न उठाना पड़े।

उन्होंने यह भी कहा कि शासन द्वारा मरीजों के हित में जो भी योजनाएं एवं सुविधाएं निर्धारित की गई हैं, उनका लाभ मरीजों तक पूरी तरह से पहुंचना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा निःशुल्क दवाएं, जांच सुविधाएं, जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान भारत योजना जैसी अनेक सेवाएं दी जा रही हैं, जिनकी जानकारी हर मरीज को दी जानी चाहिए और उन्हें इसका समुचित लाभ भी मिलना चाहिए।

उन्होंने अस्पताल प्रशासन को निर्देशित किया कि इन योजनाओं की जानकारी पोस्टर व पंपलेट के माध्यम से अस्पताल परिसर में प्रमुखता से प्रदर्शित की जाए।

जिलाधिकारी ने सभी को चेताया कि लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और मरीजों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सीएमएस, मेडिकल स्टाफ व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सोशल मीडिया पर जातिगत भड़काऊ पोस्ट, कई पर मुकदमा दर्ज

**रायबरेली।** लगातार कई दिनों से दो पक्षों के बीच सोशल मीडिया पर की जा रही जातिगत भड़काऊ पोस्ट को लेकर पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी यशवीर सिंह के निर्देश पर सिविल लाइंस चौकी इंचार्ज की तहरीर पर जायस थाना क्षेत्र के बहादुरपुर निवासी युवक विनोद उर्फ सुशील, शिव प्रकाश सहित कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों पर सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने और शांति व्यवस्था भंग करने की नीयत से भड़काऊ सामग्री प्रसारित करने का आरोप लगाते हुए गंभीर धाराओं में केस पंजीकृत किया है। अधिकारियों ने साफ किया है कि सोशल मीडिया पर किसी भी तरह की आपत्तिजनक और भड़काऊ पोस्ट बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसपी ने बताया कि ऐसे मामलों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को कड़ा संदेश दिया जा सके।

### सार्वजनिक रास्ते पर घूरा, गांव में संक्रमण फैलने की आशंका

**महराजगंज, रायबरेली।** महादेव पुत्र बिंधा निवासी असनी थाना महराजगंज जनपद रायबरेली ने महराजगंज उपजिलाधिकारी को लिखित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि विपक्षी रमेश कुमार पुत्र कालीचरण निवासी ग्राम असनी सार्वजनिक रास्ता पर घूरा डालकर अतिक्रमण कर रहे हैं जिससे आम जनता को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रार्थी के मना करने पर प्रतिपक्षी रमेश फौजदारी पर आमदा है। प्रतिपक्षी दबंग व सरहंग किस्म का व्यक्ति है रास्ते पर घूरा होने के कारण संक्रमण फैलने से बीमारी का खतरा ग्राम वासियों में बना रहता है।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षकों ने एसडीएम को सौंपा संकल्प पत्र



**बिसवां, सीतापुर।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ब्लॉक अध्यक्ष अनूप कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में शिक्षक एसडीएम बिसवां से मिले साथ ही हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान से संबंधित संकल्प पत्र एसडीएम को सौंपा गया, जिला सह संयोजक मनीष शाक्य द्वारा बताया गया कि रेउसा ब्लाक के सभी 186 विद्यालयों सहित पूरे जिले में यह कार्यक्रम एक सितंबर को मनाया जाएगा। ब्लॉक महामंत्री राजेंद्र कुमार शुक्ल,संगठन मंत्री राजेश कुमार राजू, कोषाध्यक्ष नासिर अली आदि अनेक पदाधिकारी एवं शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड एवं प्रचलित प्रशिक्षण का किया गया निरीक्षण




**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उनके द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट रखने हेतु निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे आरटीसी प्रशिक्षणार्थियों एवं उनसे संबंधित व्यवस्थापन तथा बैरकों एवम् साफ सफाई हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### किसानों को कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत मिलेगा अनुदान

**सीतापुर।** जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद में किसानों के लिये खुशखबरी-प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजनान्तर्गत कृषि (गन्ना, गेंहू, सरसों आदि)/औद्यानिक (शाक भाजी, आलू, मटर, आम आदि) फसलों में कृषकों को कम लागत में गुणवत्तायुक्त अधिक उत्पादन, रोग रहित फसल, सिंचाई की लागत में कमी, खरपतवार पर नियंत्रण के साथ-साथ पानी में उर्वरकों को मिलाकर फसलों को पोषक तत्व देने में आसानी आदि के लिये ड्रिप/स्प्रिंकलर के जरिए फौव्वारा व टपक सिंचाई पद्धति के लिए जनपद में कुल 2012 हेक्टेयर में उद्यान विभाग सिंचाई के लिए पर ड्रॉप मोर क्रॉप (माइक्रो इरीगेशन) योजनान्तर्गत पहले आओ पहले पाओ के तहत किसानों को पोर्टेबल स्प्रिंकलर, ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर और रेनगन आदि सिंचाई उपकरणों की स्थापना पर अनुदान दिया जाएगा। इसके जरिए सिंचाई करने पर भूगर्भ जल की बचत होगी। ड्रिप/स्प्रिंकलर सिस्टम के सेट पर लघु, सीमांत किसानो को 90 व सामान्य किसान को 80 फीसद अनुदान दिया जाएगा। किसानों को पर ड्रॉप मोर क्रॉप माइक्रो इरीगेशन योजना का लाभ लेने के लिए www.upmip.in पर विजिट करना होगा एंव शासन की ओर से स्वीकृत फर्म/संस्था के माध्यम से किसानों की सिंचाई प्रणाली स्थापित की जायेगी। योजना का लाभ लेने के लिए लाभार्थी को निधारिंत कृषक अंश का भुगतान करना होगाइस योजना से जुड़ी अधिकारी जानकारी के लिये जिला उद्यान कार्यालय, राजकीय पौधशाला स्वरूपनगर परिसर सीतापुर से सम्पर्क कर सकते हैं।

### 15 हजार का इनामिया हिस्ट्रशीटर गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में उनि विवेक कुमार सिंह थानाध्यक्ष शिवरतनगंज मय हमराह द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना शिवरतनगंज में वांछित व 15,000/- रुपये का ईनामिया अभियुक्त सलाउद्दीन पुत्र फहमुद्दीन निवासी संजय नगर कमनी तालाब कस्बा व थाना बछरावां जनपद रायबरेली स्थायी पता ग्राम कुण्डौली थाना बछरावाँ जनपद रायबरेली को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त एक अन्तर्जनपदीय शातिर अपराधी है जिसके विरुद्ध जनपद रायबरेली, उन्नाव व अमेठी में हत्या, हत्या के प्रयास, डकैती, लूट, गैंगेस्टर, शस्त्र अधिनियम आदि विभिन्न धाराओं में कुल 24 अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्त थाना शिवरतनगंज पर पंजीकृत अभियोग में वांछित था जो माह जून वर्ष 2025 से फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा 15,000/- रुपये का पुरस्कार घोषित किया गया था। गिरफ्तारी के संबंध में थाना शिवरतनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### हत्या के अभियोग में वांछित दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में बृहस्पतिवार को देर शाम थाना गौरीगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना गौरीगंज जनपद अमेठी में वांछित अभियुक्ता लखराजी पत्नी स्व. रामअंजोर उर्फ ओले, अमिता पुत्री स्व रामअंजोर उर्फ ओले निवासीगण ग्राम लढ़ियापुर मजरे चन्दईपुर थाना गौरीगंज को गिरफ्तार किया गया है। विदित हो कि दो दिन पूर्व राम अंजोर उर्फ ओले की हत्या राम अंजोर की पत्नी लखराजी व पुत्री अमिता ने मिलकर लाठी डंडों से पीटकर कर दी थी। सूत्रों के मुताबिक राम अंजोर ने पुत्री के गलत संबंधों का विरोध किया था जिसके चलते दोनों कई दिनों से नाराज थीं तथा कई दिनों से राम अंजोर डिप्रेशन में थे। अभियुक्ता की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लाठी, डंडा वादिनी के मकान के पीछे से बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के संबन्ध में थाना गौरीगंज प्रभारी श्याम नारायण पाण्डेय ने बताया कि पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

### एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी का चिलौली में हुआ स्वागत



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शुक्रवार को श्रीमती शिवकुमारी शुक्ला इंटर कॉलेज, चिलौली जनपद अमेठी में शिक्षक एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी का आगमन हुआ। विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक देवेन्द्र शुक्ला एवं प्रधानाचार्य शिव चन्द्र त्रिवेदी ने की। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक सौरभ शुक्ला, शेखर शुक्ला, गौरव तिवारी, सतीश गुप्ता, नरेन्द्र तिवारी आदि उपस्थित रहे। समाज के गणमान्य व्यक्तियों में कमलाकांत, उमाशंकर शुक्ल और राजकिशोर सिंह शिक्षक महासभा संरक्षक विशेष रूप से मौजूद रहे। शिक्षक महासभा से जय प्रकाश द्विवेदी जिला मंत्री और शिव भूषण उपाध्याय ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इसके साथ ही गिरिधर प्रजापती प्रबंधक रामनाथ विद्यालय और राम प्रकाश पांडेय जागृति इंटर कॉलेज भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। शिक्षक एमएलसी ने शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने पर बल देते हुए कहा कि शिक्षक ही समाज की सच्ची दिशा और दशा तय करते हैं।

### खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में उत्कृष्ट कार्य हेतु सीडीओ को मिला प्रशस्ति पत्र

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पीएमएफएमई में उत्कृष्ट कार्य करने पर जनपद के मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल को शासन द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। यह प्रशस्ति पत्र खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश के अपर मुख्य सचिव बी.एल. मीणा द्वारा प्रदान किया गया। कृषकों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में सीडीओ की सक्रिय भूमिका रही है। उन्होंने कृषकों और उद्यमियों को समय-समय पर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया, जिससे जिले के प्रस्तावों को स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण सफलता मिली।

---

**कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह का एकदिवसीय दौरा**

# 13 विकास कार्यों का किया शिलान्यास

- प्राचीन दुर्गा माता मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए करोड़ों रुपये की राशि भी स्वीकृत की




**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने रायबरेली को कई सौगातें दी हैं। यहां ऊंचाहार के दीनशाह गौरा विकासखंड में कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे थे। उन्होंने यहां प्राचीन दुर्गा माता मंदिर प्रांगण में 13 विकास कार्यों का शिलान्यास किया। साथ ही मंत्रालय की ओर से उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर करोड़ों रुपये की राशि भी स्वीकृत की। इस मौके पर आयोजित विशाल जनसभा में पूर्व मंत्री और मौजूदा विधायक डॉ. मनोज पांडेय, बीजेपी से सदर विधायक अदिति सिंह और पूर्व एमएलसी राजा राकेश प्रताप सिंह भी मंच पर मौजूद रहे। जनसभा को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि ÷संभल की न्यायिक रिपोर्ट चौंकाने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से जिस दिशा में लोगों का ध्यान आकर्षित किया है, वह महत्वपूर्ण है। हमें सजग रहने की आवश्यकता है। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी और बिहार में प्रधानमंत्री मोदी के लिए कहे गए अपशब्द निंदनीय हैं। देश की जनता कांग्रेस को कभी माफ नहीं करेगी।

## डीएम ने स्टेडियम के निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण कर, कार्य की प्रगति का लिया जायजा



**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा आज मोती लाल नेहरू स्टेडियम में निर्माणाधीन बैडमिनटन हॉल, तरणताल, बाउण्ड्रीवाल कार्य का निरीक्षण कर कार्य की प्रगति का जायजा लिया गया। स्टेडियम में लगभग 20 करोड़ रूपये की लागत से निर्माण कार्य कराया जा रहा है, परियोजना की प्रथम किस्त के रूप में 05 करोड़ रूपये की धनराशि प्राप्त हुई है, जिसके सापेक्ष निर्माण कार्य कार्यदायी संस्था उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद द्वारा कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि कार्यो को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध पूर्ण कराया जाये। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित अधिकारी नियमित रूप से निर्माणाधीन कार्यो की प्रगति व गुणवत्ता की समीक्षा करते रहें। निरीक्षण के समय मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, जिला क्रीडाधिकारी, धीरेन्द्र कुमार पुरुषोत्तम सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## राहुल गांधी के बयान को लेकर बवाल

- हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने जताई कड़ी नाराज़गी, राहुल गांधी का पुतला दहन करने का प्रयास
- कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली



**सलोन, रायबरेली।** बिहार में तेजस्वी यादव और राहुल गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां पर अभद्र टिप्पणी करने को लेकर पूरे जनपद में आक्रोश देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में सलोन विधानसभा क्षेत्र में हिंदू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने कड़ी नाराज़गी जताते हुए राहुल गांधी का पुतला दहन करने का प्रयास किया।

हालांकि मौके पर मौजूद पुलिस प्रशासन ने पुतला दहन की अनुमति नहीं दी और स्थिति को काबू में किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस प्रशासन के बीच नोकझोंक भी देखने को मिली। उधर, कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता कर भाजपा पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के खिलाफ पुतला दहन का कार्यक्रम भाजपा की साज़िश है और जनता को गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। इस प्रकरण को लेकर राजनीतिक माहौल गरमा गया है और दोनों ही पक्ष एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप कर रहे हैं।

# सपाइयों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

डलमऊ में सरेनी विधायक व सपा कार्यकर्ताओं ने विधान सभा ऊंचाहार सरेनी के विकाखंड डलमऊ एवं दीनशाह गौरा के किसानो छात्रों एवं व्यापारियों जन समस्याओं को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। डलमऊ में सपा कार्यकर्ताओं ने भरी संख्या में ब्लॉक परिसर में एकत्रित हो कर सरकार के खिलाफ नारे बाजी करते हुवे पैदल तहसील पहुंचे सपा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने मांग पत्र में बताया कि खरीफ की फसल धान के लिए साधन सहकारी समितियो में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराई जाए आए दिन लगने वाले जाम से व्यापारियों का व्यापार चौपट हो रहा स्कूली बच्चे जाम में फंसने से दुर्घटनाएं बढ़ रही इसको ले कर बाईपास या ओवरब्रिज बनाया जाय भारी वाहनों को सुबह 6 बजे से नौ बजे तक नो एंट्री लगाई जाय। किसानों की सिंचाई के लिए पूर्ण क्षमता से कैनाल पंप को चलाया जाए बिजली के घरेलू उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर में खर्च से अधिक बिल आने को रोक जाय क्षेत्र के ग्रामीण मार्ग व जिला मार्ग को सही कराया जाय डलमऊ जगतपुर मार्ग पर गंगनहर पर अंधा मोड का सांकेतिक बोर्ड लगाया जाय। स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सा एवं दवाइयां गायब रहती है इन्हें उपलब्ध कराया जाय आवारा पशुओं से किसानों की फसल चौपट हो रही एवं मार्ग दुर्घटनाएं बढ़ रही जिसे दूर किया जाय। इस मौके पर सरेनी विधायक देवेंद्र सिंह, जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव ,सरेनी विधान सभा अध्यक्ष जयप्रकाश यादव, सहित भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खाद वितरण केंद्र पर जाम, पुलिस ने हटवाए किसानों के वाहन

**रायबरेली।** नसीराबाद क्षेत्र के शिवनगर कस्बे में 28 अगस्त को खाद वितरण के दौरान भारी भीड़ उमड़ने से यातायात बाधित हो गया। जानकारी के अनुसार लगभग 300-400 किसान खाद लेने पहुंचे थे, जिन्होंने अपनी साइकिल व मोटरसाइकिल सड़क किनारे खड़ी कर दी। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस के अनुसार मौके पर तैनात पुलिस बल ने किसानों से कई बार अनुरोध किया कि अपने वाहन सड़क से हटाकर किनारे कर लें ताकि यातायात सुचारू रूप से चल सके। लेकिन किसानों द्वारा वाहन न हटाए जाने पर पुलिस ने वाहनों को सड़क से हटाकर साइड में लगवाया। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि किसानों की साइकिलों की हवा निकालने या उन्हें नुकसान पहुँचाने जैसे आरोप पूरी तरह निराधार हैं। कार्रवाई केवल यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए की गई थी, जिससे आम लोगों और राहगीरों को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

### महिला थाना प्रभारी के प्रयास से सात जोड़े पुनः साथ रहने को हुए राजी

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत बृहस्पतिवार को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना कंचन सिंह तथा उनकी टीम के प्रयास से 7 वैवाहिक जोड़े एक साथ रहने को राजी हुए। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में एक दूसरे द्वारा की गई शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा पति पत्नी दोनों के बीच मतभेदों से उत्पन्न हुई समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को फिर से एक साथ रहने के लिए समझाया गया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह के प्रयास से 7 विवाहित जोड़े राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर घर गए, तथा थाना प्रभारी व जनपद पुलिस को धन्यवाद दिया। महिला थाना प्रभारी कंचन सिंह व उनकी टीम द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

## बाघ के हमले से किसान की गई जान, वन विभाग की कॉबिंग जारी



**सीतापुर।** महोली क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व नरनी क्षेत्र में एक युवक की बाघ के हमले में जान चली गई थी। जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ था अभी घटना को कुछ ही दिन बीते थे कि क्षेत्र के बसारा गांव के किसान राकेश वर्मा जो कि अपने खेत में चारा काटने जा रहे थे बाघ ने उन पर हमला कर दिया। जिससे उनकी भी जान चली गई है। क्षेत्रमें दहशत का माहौल लगातार बढ़ता जा रहा है। बाघ के हमलो में गई जानो को लेकर एक तरफ तमाम दलों के जनप्रतिनिधि गहरा दुख व्यक्त कर रहे हैं। वहीं महोली का वन विभाग हर कोशिश में नाकाम नजर आ रहा है। हालांकि विभाग लगातार कांबिंग कर रहा है लेकिन विभाग के हाथ खाली नजर आ रहे हैं। कुछ दिन पूर्व दुधवा नेशनल पार्क की टीम भी महोली क्षेत्र में आई थी लेकिन वह भी बाघ का पता नहीं लगा सकी थी।

## दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण एवं इकाई कार्यक्रम संपन्न



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केन्द्र रायबरेली प्रभारी रविवंश नारायण ने बताया कि संचालित ग्राम-बाराडीह, न्याय पंचायत सूची, विकास खण्ड सलोन, रायबरेली मुख्यमंत्री खाद्य प्रसंस्करण ग्राम स्वरोजगार 02 दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण एवं इकाई कार्यक्रम का शुभारम्भ गुरुवार को आलोक सिंह ग्राम प्रधान द्वारा उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर श्याम लाल सहायक अधिकारी सेवानिवृत्त ग्रामोउद्योग से सम्बन्धित उपस्थित लाभार्थियों को अपने विभागीय योजना की विस्तार पूर्वक जानकारी दिया कैलाश चन्द्र वर्मा सेवानिवृत्त ने विभागीय जानकारी दी। अनीता मिश्रा ने खाद्य प्रसंस्करण से सम्बन्धित जैम, अचार, मुरब्बा के बारे में बताया। ग्राम प्रधान आलोक सिंह ने लाभार्थियों को खाद्य प्रसंस्करण योजना से सम्बन्धित कुटीर उद्योग जैसे अचार, पापड़, बरी, मसाले, नमकीन बेकरी आदि उद्योग लगाने के लिये प्रेरित किया। केन्द्र प्रभारी ने मुख्यमंत्री जी की खाद्य प्रसंस्करण की योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया खाद्य प्रसंस्करण इकाई घरेलू स्तर से लगाकर अपना स्वयं का रोजगार स्थापित कर सकते है सरकारी की योजना में लागत का 50 प्रतिशत मशीन व अन्य मद में सहयोग प्रदान किया जाता है समापन के अवसर पर लाभार्थियों को प्रमाण पत्र ग्राम प्रधान द्वारा वितरित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की और आयोजन का आभार व्यक्त किया और ग्रामीण प्रशिक्षार्थियों को आत्मनिर्भर बनने के लिये प्रेरित किया और कहा इस तरह का कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्र में आयोजित किया जाय केन्द्र कर्मचारी विजय कुमार मौर्या व अरूण कुमार अवस्थी ने कार्यक्रम में सहयोग दिया।

## मानव संपदा संबंधी विसंगतियों पर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन




**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

तहसील क्षेत्र तिलोई में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लॉक इकाई सिंहपुर के पदाधिकारियों ने शिक्षकों की समस्याओं को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी सिंहपुर को ज्ञापन सौंपा है। शिक्षक संघ ने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर दर्ज सेवा पुस्तिका (सर्विस बुक) में विभिन्न प्रकार की त्रुटियां व विसंगतियां पाई जा रही हैं। इसके कारण शिक्षकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शिक्षक संघ ने इन त्रुटियों के निराकरण की मांग की है। संगठन पदाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी से सितंबर माह में होने वाले विभिन्न शिक्षकों के चयन एवं वेतनमान निर्धारण संबंधी मुद्दों पर भी वार्ता की। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। इस मौके पर शिक्षक संघ अध्यक्ष आशुतोष शुक्ला, सिद्धार्थ द्विवेदी, संजय पांडेय, राहुल कुमार, अनवारुद्दीन समेत कई शिक्षक मौजूद रहे।

## तकनीकी उन्नयन योजनाः लाभार्थियों को मिलेगा अनुदान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र संजय सिंह ने सूचित किया है कि शासन द्वारा सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाईयों को अत्याधुनिक तकनीकी के आयात/क्रय एवं गुणवत्ता में वृद्धि तथा उत्पादकता में सुधार हेतु तकनीकी उन्नयन योजना संचालित है। योजनान्तर्गत सूक्ष्म एवं लघु औद्योगिक इकाईयों को निम्न मदों में सहायता/अनुदान प्रदान किये जाने की व्यवस्था है-

1-पूंजी उपादानः-नई मशीनरी क्रय का 50 प्रतिशत अधिकतम रू0 5.00 लाख तक।

2-ब्याज उपादानः-नई मशीनरी के क्रय हेतु लिये गये ऋण पर 05 प्रतिशत की दर से 05 वर्ष तक।

3-उद्यम स्त्रोत योजनाः-कुल पूंजी लागत का 50 प्रति0 अधिकतम रू0 1.00 लाख तक।

4-कन्सलटेन्सी सहायताः-मान्यता प्राप्त संस्थाओं से परामर्श प्राप्त किये जाने पर व्यय का 50 प्रतिशत अधिकतम रू0 1.00 लाख।

5-ब्राण्डिंगः-इकाई द्वारा उद्यम ज्ञापन दाखिल करने एवं विकसित ब्राण्ड के नाम 03 वर्ष तक विपणन करने पर अधिकतम रू0 1.00 लाख ।

6-बौद्धिक सम्पदाः-कुल व्यय का 50 प्रतिशत अधिकतम रू0 2.00 लाख।

7-प्रदेश के अन्तर्गत आने वाले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के CAQM मानकों के अनुरूप विनिर्माण इकाईयों में प्रयुक्त जनरेटर के गैस आधारित परिवर्तन ड्यूल फयूल मोड, 100 प्रतिशत अथवा रिट्रों फिटेड इमीशन कन्ट्रॉल डिवाइसेज (ईसीडीएस) अथवा पूर्णरूपेण एलपीजी/नेचुरल गैस/बायोगैस/प्रोपेन/ब्यूटेन फयूल आदि अथवा मानकों के अनुरूप नये जनरेटर के क्रय हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जायेगी।

उपरोक्त विषयक विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, औद्योगिक आस्थान सरांय मल्हुई सीतापुर से प्राप्त की जा सकती है।

### चोरी के बर्तन व 1500 रुपए नकदी के साथ एक गिरफ्तार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद में अपराधियों के धरपकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान में क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र के कुशल नेतृत्व में शुक्रवार को थाना रामगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र में चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना रामगंज से संबंधित अभियुक्त अर्जुन कुमार पुत्र महेश कुमार निवासी त्रिसुण्डी थाना रामगंज जनपद अमेठी को गिरफ्तार किया गया है। तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से 1500/-रुपये नगद बरामद हुआ है। पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि वह कुछ माह पहले अपने साथी रामधन, सूरज व सचिन के साथ मिलकर अपने गांव में ही चन्द्रशेखर तिवारी के घर में पीछे के रास्ते से सीढ़ी से घुसकर कुछ बर्तन, बैटरी व अनाज चोरी किये थे। जिसको आने जाने वाले राहगीरों को बेचकर पैसा आपस में बांट लिया था। बरामद रुपये उसी चोरी के सामान की बिक्री के हैं। कुछ बर्तन हमने आपस में बांट लिया था। जिसमें कुछ बर्तन यहीं झाड़ियों में छिपाकर रखा हूँ। अभियुक्त की निशानदेही पर झाड़ियों से 2 पीतल व 5 स्टील की थाली बरामद हुई है। बरामदगी के आधार पर मुकदमा में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## जिले को मिली 3166.8 मीट्रिक टन इफको यूरिया की रैक



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिले के किसानों को राहत देते हुए शुक्रवार को 3166.8 मीट्रिक टन इफको यूरिया की रैक प्राप्त हुई है। इसमें कुल 70,412 बोरियां यूरिया उपलब्ध हैं। यह जानकारी जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि प्राप्त यूरिया को चार इफको केंद्रों, 15 आईएफएफडीसी सेंटरों, 11 एग्री जंक्शन तथा सभी समितियों व संघों में वितरित किया जाएगा। साथ ही 610 मीट्रिक टन यूरिया रिज़र्व में रखा जाएगा, जिसे आवश्यकता पड़ने पर समितियों को भेजा जाएगा। जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिले में खाद की कोई कमी नहीं है। वर्तमान में जनपद में 5080 मीट्रिक टन यूरिया, 3261 मीट्रिक टन डीएपी, 2365 मीट्रिक टन एनपीके तथा 1298 मीट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट उपलब्ध है। किसान अपनी खतौनी लेकर नजदीकी समिति से खाद प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने सभी उर्वरक बिक्री केंद्रों को निर्देशित किया है कि उर्वरक बिक्री रजिस्टर में किसान का मोबाइल नंबर और खतौनी नंबर अनिवार्य रूप से दर्ज करें। साथ ही अन्य जिलों के किसानों को किसी भी स्थिति में उर्वरक न दिया जाए। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित केंद्र के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसानों से अपील करते हुए जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। किसान भाई अनावश्यक रूप से परेशान न हों, सभी को उनकी आवश्यकता अनुसार खाद उपलब्ध कराई जाएगी।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई मत्स्य समिति की बैठक



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मत्स्य विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना एवं मत्स्य पालक कल्याण कोष योजनाओं की समीक्षा और प्रस्तुतीकरण किया गया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल कुमार ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना का उद्देश्य जिले में मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाना, मत्स्यपालकों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना, रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना तथा कुपोषण को दूर करना है। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए और पात्र मत्स्यपालकों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराया जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी अनिल चतुर्वेदी, उप कृषि निदेशक सत्येंद्र कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## कोचिंग की मजबूरी

हाल के दिनों में कोचिंग का तेजी से बढ़ता प्रचलन अभिभावकों के बजट को बिगाड़ रहा है। छात्रों का कोचिंग जाना धीरे-धीरे अपरिहार्य माना जाने लगा है। जिसके चलते माता-पिता को अपने अन्य जरूरी खर्चों में कटौती करनी पड़ती है। हाल ही में भारत सरकार के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि देश भर के लगभग हर चार में से एक स्कूली छात्र ने इस वर्ष निजी कोचिंग ली। कुल मिलाकर देश के 27 फीसदी विद्यार्थी निजी कोचिंग लेते हैं। यह प्रतिशत शहरों में ज्यादा है, जो सर्वे में करीब 31 फीसदी पाया गया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की तुलना में कम- 25 फीसदी पाया गया है। पंजाब और हरियाणा जैसे राज्यों में यह कोई वैकल्पिक सुविधा नहीं है बल्कि शिक्षा प्रणाली की विसंगतियों से अपने बच्चों को उबारकर उनके बेहतर भविष्य की आस का जरिया है। उस स्थिति से उबरने की कोशिश है जो छात्रों को परीक्षा से पूर्व तनाव व परेशानी में धकेल देती है। केंद्र सरकार के व्यापक वार्षिक माड्यूलर सर्वेक्षण यानी सीएमएस में खुलासा हुआ है कि शहरी परिवार कोचिंग पर साल में औसतन चार हजार रुपये खर्च करते हैं। वहीं उच्चतर माध्यमिक छात्रों के लिये राशि बढ़कर दस हजार रुपये हो जाती है। दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में यह खर्च कम हो जाता है। लेकिन फिर भी परिवार की आय पर दबाव जरूर बनाता है। कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के व्यापक मॉड्यूलर सर्वेक्षण (शिक्षा) के ये आंकड़े एक सच्चाई को उजागर करते हैं कि स्कूली पढ़ाई छात्रों की सभी जिज्ञासाओं को शांत नहीं कर पाती। यानी स्कूल छात्रों की परीक्षाओं के लिये अपेक्षित आत्मविश्वास प्रदान करने में पूरी तरह सफल नहीं हो पा रहे हैं। जाहिर बात है कि यदि स्कूलों में पढ़ाई छात्राओं की आकांक्षाओं के अनुरूप हो और उनकी जिज्ञासा कक्षा की पढ़ाई के दौरान शांत हो जाए, तो वे कोचिंग की आवश्यकता महसूस नहीं करेंगे। सर्वे बताता है कि आज देश में 56 फीसदी छात्र सरकारी स्कूलों में शिक्षा ले रहे हैं। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में यह संख्या दो दिहाई है। निस्संदेह, ऐसी स्थिति में कोचिंग का बढ़ता प्रचलन आकांक्षाओं से ज्यादा व्यवस्थागत कमजोरी का संकेत है। वहीं पंजाब और हरियाण में,यह प्रचलन ज्यादा है जहां बोर्ड और प्रवेश परीक्षाओं का अधिक दबाव हावी रहता है। जिसके चलते कुकरमुत्तों की तरह कोचिंग सेंटर उग रहे हैं। नतीजा साफ है कि कक्षाओं में ठीक से पढ़ाई न होने के कारण छात्रों का ध्यान व पैसा स्कूल के समानांतर चलाए जा रहे कोचिंग सेंटरों को जा रहा है। कोचिंग सेंटर, जिनका मकसद सिर्फ मुनाफा जुटाना ही है, वे समाज में एक कृत्रिम स्पर्धा ट्यूशन पढ़ने व न पढ़ने वाले छात्रों के बीच पैदा कर रहे हैं। पारिवरिक परिस्थितियों के चलते ट्यूशन न पढ़ने वाले छात्र असुरक्षा व हीन भावना के शिकार हो जाते हैं। दरअसल, इस समस्या का समाधान कोचिंग को बाजार हिस्सा मानकर नहीं किया जा सकता है। प्रतिबंध या सीमाएं निर्धारण से भी समस्या का समाधान करने के बजाय हम इस मुद्दे को और जटिल बना देंगे। बेहतर होगा कि स्कूल में कमजोर छात्रों को स्कूल के समय बाद अतिरिक्त कक्षाओं के जरिये मजबूती प्रदान की जाए। खासकर बोर्ड की परीक्षाओं में शामिल हो रहे छात्रों पर अधिक ध्यान व समय देकर स्कूल प्रबंधक रचनात्मक भूमिका निभा सकते हैं। जिससे अभिभावकों पर अतिरिक्त आर्थिक दबाव भी नहीं पड़ेगा। अधिक विषयों के लिये योग्य शिक्षकों की नियुक्ति व रटने के बजाय समझने की प्रवृत्ति को बढ़ावा देकर भी कोचिंग प्रथा को कम किया जा सकता है। इसके साथ ही स्कूलों में छात्रों का मध्यावधि मूल्यांकन भी मददगार साबित हो सकता है। राज्य बोर्डों को भी छात्रों के ज्ञान के मूल्यांकन को नया स्वरूप देना चाहिए। वे छात्रों को समझ और व्यावहारिक ज्ञान देने को प्राथमिकता दें बजाय कि रटने की प्रवृत्ति को बढ़ाने की। यदि निजी कोचिंग अपरिहार्य है तो कम आय वाले छात्रों के लिये आर्थिक सहायता नैसर्गिक न्याय करेगी। इससे शिक्षा के क्षेत्र में समानता लाना संभव है। अन्यथा कोचिंग का दायरा बढ़ता ही रहेगा। अन्यथा असमानता बढ़ेगी और कक्षाओं में छात्रों की भागीदारी कम होती जाएगी।

# डोनाल्ड ट्रंप का आर्थिक युद्ध : भारत, रूस, चीन व ब्राजील एक प्लेटफॉर्म पर

*संजीव ठाकुर*




**निश्चित तौर पर एशिया और दक्षिण एशिया डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका की नीतियों के विरोध में आ चुका है। भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है अमेरिका से व्यापारिक संबंध खराब होने पर भारत को 25: तक नुकसान होने की संभावना है पर भारत के लिए यह एक बड़ा सबक प्रमाणित होगा कि किसी एक पश्चिमी देश पर निर्भर रहना भारत की विदेश नीति के लिए उपयुक्त नहीं होगा। फलस्वरुप उसे ओपन मार्केट पॉलिसी अपना कर सभी देशों से अपना व्यापार और व्यवसाय करने की योजना निर्मित करनी होगी तब जाकर ही भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख सकता है। दूसरी बार डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद रूस यूक्रेन युद्ध के युद्ध को विराम तो नहीं दे पाए किंतु युद्ध की आग को और भड़का दिया है। उधर परमाणु संपन्न देश चीन नॉर्थ कोरिया और रूस की त्रिगुटीय जुगलबंदी ने अमेरिका सहित नाटो यूरोपीय देश और यूक्रेन की नींद उड़ा दी है। उल्लेखनीय की नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया के आपस के कड़वे रिश्ते के बीच अमेरिका का साउथ कोरिया को लेकर काफी हस्तक्षेप है जिसे नॉर्थ कोरिया कई दशक से पसंद नहीं करता आया है। संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका निरर्थक हो चुकी है वैसे भी संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की कठपुतली बन चुका है।**

यह बड़ी प्रसिद्ध कहावत है कि दुश्मन का दुश्मन अपना दोस्त और अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति पद की ताजपोषी के साथ-साथ डोनाल्ड ट्रंप द्वारा अपनी विदेश नीति के तहत अंधाधुंध आयात टैरिफ लगाकर भारत रूस और चीन को नाराज कर लिया है। भारत पर आज से 50: टैरिफ लागू कर दिया गया है अब भारत अमेरिका के विकल्प के रूप में नया बाजार तलाश करने और रूस तथा चीन से गहरे गढ़ जोड़ बनाने में लगा हुआ है। (स्वतंत्रता के बाद से अविश्वसनीय चीन पर भारत ने अब भरोसा जताना शुरू किया है चीन के विदेश मंत्री के भारत में व्यापारिक के लिए यात्रा पर उनका स्वागत किया गया। भारत के प्रधानमंत्री बहुत जल्द चीन की यात्रा पर जाने वाले वाले हैं और चीन के राष्ट्रपति शी जिन पिंग खुद भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वागत करने की योजना बना रहे हैं। ब्राजील पर भी अमेरिका ने 40 से 50: आयात शुल्क आरोपित कर दिया है ब्राजील ने अमेरिका से बात करने की बजाय भारत के राष्ट्रपति नरेंद्र मोदी से बात करना उचित समझा। ब्राजील भी अमेरिका से व्यापारिक मुद्दों पर काफी खफा नजर आ रहा है। इस तरह भारत रूस चीन और ब्राजील एक प्लेटफार्म पर खड़े नजर आ रहे हैं।

निश्चित तौर पर एशिया और दक्षिण एशिया डोनाल्ड ट्रंप और अमेरिका की नीतियों के विरोध में आ चुका है। भारत एक विकासशील अर्थव्यवस्था है अमेरिका से व्यापारिक संबंध खराब होने पर भारत को 25: तक नुकसान होने की संभावना है पर भारत के लिए यह एक बड़ा सबक प्रमाणित होगा कि किसी एक पश्चिमी देश पर निर्भर रहना भारत की विदेश नीति के लिए उपयुक्त नहीं होगा। फलस्वरुप उसे ओपन मार्केट पॉलिसी अपना कर सभी देशों से अपना व्यापार और व्यवसाय करने की योजना निर्मित करनी होगी तब जाकर ही भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख सकता है। दूसरी बार डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति बनने के बाद रूस यूक्रेन युद्ध के युद्ध को विराम तो नहीं दे पाए किंतु युद्ध की आग को और भड़का दिया है। उधर परमाणु संपन्न देश चीन नॉर्थ कोरिया और रूस की त्रिगुटीय जुगलबंदी ने अमेरिका सहित नाटो यूरोपीय देश और यूक्रेन की नींद उड़ा दी है। उल्लेखनीय की नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया के आपस के कड़वे रिश्ते के बीच अमेरिका का साउथ कोरिया को लेकर काफी हस्तक्षेप है जिसे नॉर्थ कोरिया कई दशक से पसंद नहीं करता आया है। संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका निरर्थक हो चुकी है वैसे भी संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की कठपुतली बन चुका है। क्या मानवीय संवेदनाओं की आशाएं निर्मूल साबित हो रही हैं।

वैश्विक शांति और अमन की कल्पनाओं से परे वैश्विक युद्ध की आशंका में उत्तर कोरिया ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है ताजा ताजा घटनाक्रम में रूस के विदेश मंत्री लावरोव उत्तर कोरिया के दौरे पर जाकर वहां के समकक्ष चोई सांन संग से उत्तर कोरिया के शहर पूर्वी वोंनसान मैं अत्यंत महत्वपूर्ण मीटिंग की है।रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन से भी मुलाकात कर रुस को यूक्रेन और अमेरिका के खिलाफ समर्थन देने की बात रखी जवाब में उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन ने रूस को अमेरिका यूरोप और यूक्रेन के खिलाफ निशर्त खुला समर्थन देने की घोषणा कर दी है।

गौरतलब है कि उत्तरी कोरिया पिछले कई महीनो से मिसाइल का परीक्षण कर साउथ कोरिया अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को सीधा-सीधा संदेश दिया है कि साउथ कोरिया और नॉर्थ कोरिया के संबंधों के बीच किसी देश के हस्तक्षेप को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच अब तनाव बढ़ने लगा है। उधर उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम के जवाब में अमेरिका दक्षिण कोरिया व जापान त्रिपक्षीय त्रिपक्षी संधियां और सैनिक अभ्यास का विस्तार तथा फिर से बहाली कर रहे हैं। तीनों देशों ने उत्तर कोरिया के रूस और चीन को समर्थन देने के और परमाणु परीक्षणों के खिलाफ दक्षिण कोरिया प्रायद्वीप के पास अमेरिकी परमाणु सक्षम बम वर्षको के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किया है।

उल्लेखनीय है कि तीनों देशों के सैन्य प्रमुखों ने एक गंभीर बैठक कर उत्तर कोरिया से क्षेत्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाली सभी गैर कानूनी गतिविधि बंद करने का आह्वान किया है वैसे भी उत्तर कोरिया अमेरिका के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और जापान के इस युद्ध अभ्यास को उत्तर कोरिया के खिलाफ होने वाले हमले का पूर्व अभ्यास मानता है। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर बड़े हमले की चेतावनी भी दे डाली है। इन परिस्थितियों में विश्व में चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध तथा इसराइल हमास लेबनान ईरान युद्ध के अलावा उत्तर कोरिया ने हमले की धमकी देकर एक नये युद्ध का मोर्चा खोल दिया हैस यह तो सर्व विदित है कि उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन एक सनकी तानाशाह है और अमेरिका पर परमाणु युद्ध के हमले की गाहे-बगाहे धमकियां भी दिया करता हैस उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया की किसी भी हिमाकत पर उस पर हमला कर सकता हैस उधर रूस यूक्रेन युद्ध को ढाई वर्ष पूरे हो चुके है कई प्रभावशाली प्रयासों के बाद भी युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है रूस के व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के व्लादिमीर जेलेन्स्की हास्य कलाकार होने के बावजूद यूक्रेन के लिए त्रासदी के नायक बन गए हैं। दोनों देशों में हजारों नागरिक एवं सैनिक मारे जा चुके हैं इसके अलावा अरबों डॉलर की संपत्ति का भारी नुकसान भी हुआ है।

इसराइल हमास लेबनान तथा ईरान के मध्य युद्ध अपने पूरे शबाब पर हैस इजरायल के आतंकवादी समूह हिजबुल्लाह के कमांडर याह्या सिनवार को रॉकेट लांचर से मार देने के बाद इसके जवाब में लेबनान से इजरायल के सिरोसिया शहर में जहां इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू का आधिकारिक निवास है रॉकेट लांचर से हमला किया है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामनेई ने अपने बयान में बताया की इस तरह के और हमले अभी जारी रहेंगे। पूरा विश्व इस समय विश्व युद्ध की कगार पर है और यदि उत्तर तथा दक्षिण कोरिया के मध्य युद्ध होता है तो निश्चित तौर पर अमेरिका साउथ कोरिया की तरफ से एवं रूस,चीन नॉर्थ कोरिया की तरफ से इस युद्ध में शामिल हो सकते हैं। पूरा विश्व दो भागों में बट गया है एक तरफ रूस,चीन, नॉर्थ कोरिया, पाकिस्तान तथा पश्चिम एशिया के देश होंगे तथा दूसरी तरफ अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, कनाडा, इजरायल तथा अन्य देश के युद्ध में शामिल होने की संभावना बलवती हो रही हैस भारत लगातार रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास युद्ध को रोकने के लिए प्रयासरत है और इस प्रयास के अंतर्गत भारत के प्रधानमंत्री ने रूस तथा यूक्रेन की आधिकारिक यात्राएं भी की है। परंतु दोनों देशों के राष्ट्रपतियों के अड़ियल रवैये के कारण शांति वार्ता संभव नहीं हो पाई, परंतु जैसा पुतिन ने अपने वक्तव्य में बताया की रूस यूक्रेन के साथ युद्ध विराम शांतिपूर्वक तरीके से करना चाहता है पर यूक्रेन इस वार्ता से पीछे हटकर अमेरिका तथा नाटो देशों के दम पर इनकार कर दिया हैस रूस यूक्रेन युद्ध से अमेरिका रूस का बड़ा विरोधी बनकर लगभग 15 साल पीछे जा चुका है एवं उसकी मुद्रा डॉलर की कीमत भी अब वैश्विक स्तर पर काम होते जा रही है।

रूस के नुकसान के साथ-साथ अमेरिका को भी काफी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी है। पुतिन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे हमेशा रूस के लिए और शांति प्रयासों के लिए फिक्रमंद रहते हैं यह यह तथ्य वैश्विक शांति के लिए एक महत्वपूर्ण कदम भी है। पूरी दुनिया वैश्विक युद्ध के परिणाम से अच्छे तरह से वाकिफ है पूर्व के विश्व युद्ध में जापान के नागाशाकी तथा हिरोशिमा की भयानक मानवीय त्रासदी को हर देश के नागरिक अच्छे से महसूस करते हैं। अतः विश्व युद्ध को हर संभव प्रयासों से रोका जाना चाहिए अन्यथा विश्व युद्ध मानवता के विकास के लिए एक बडा अवरोध और विनाशक होगी।

विचार

# भारत के सर्वांगीण विकास की है संघ की 100 वर्ष की यात्रा

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

अंराष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) अपनी स्थापना के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार के हाथों रखी गई नींव आज भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन में गहरी पैठ बना चुकी है। शताब्दी वर्ष के अवसर पर दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित तीन दिवसीय व्याख्यानमाला "100 वर्ष की संघ यात्रा : नए क्षितिज" इस बात का संकेत रही कि संघ अब केवल शाखा या संगठन नहीं, बल्कि एक विचारधारा और राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र है। उसके लिए भारत का सर्वांगीण विकास ही सबकुछ है। वस्तुतः इस व्याख्यानमाला में संघ सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने 'जिज्ञासा समाधान' सत्र में देशभर से आए 218 प्रश्नों को 21 विषय समूहों में बांटकर उत्तर दिए। इस संवाद में संघ की विचारधारा, कार्यप्रणाली और भविष्य की दिशा का समग्र खाका दिखा। डॉ. भागवत ने शिक्षा को केवल सूचना या रोजगार तक सीमित न रखने की चेतावनी दी। उनका कहना था कि "वही शिक्षा है जो विष का भी उपयोग औषधि में करने की बुद्धि दे।" नई शिक्षा नीति-2020 को उन्होंने भारतीय दृष्टिकोण से सकारात्मक बताया। इसमें पंचकोशीय विकास (शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, आत्मिक और आध्यात्मिक) का जो उल्लेख है, वह भारतीय परंपरा की शिक्षा की मूल भावना को पुनर्जीवित करता है। उनका जोर इस पर भी था कि बच्चों को केवल परीक्षा में अंक लाने के लिए नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदार और विवेकशील नागरिक बनाने के लिए शिक्षित किया जाए। कला, संगीत, योग, क्रीड़ा और जीवन-मूल्य शिक्षा का हिस्सा हों।

भागवत ने तकनीक की बढ़ती ताकत पर भी टिप्पणी की। "पहले मोबाइल हम सुनते थे, अब मोबाइल हमें सुनता है।" इस वाक्य के पीछे गहरी चिंता छिपी है कि तकनीक साध्य नहीं, केवल साधन है। यदि यह मानव कल्याण के लिए उपयोग न होकर मानव पर हावी हो जाए तो यह विनाशकारी हो सकती है। संघ की सोच है कि विज्ञान और तकनीक का उपयोग समाज और मानवता के हित में हो, न कि केवल बाजार और उपभोक्तावाद को बढ़ाने के लिए। भारतीय भाषाओं और संस्कृति को लेकर उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी भारतीय भाषाएं राष्ट्रीय हैं और मातृभाषा को शिक्षा का माध्यम बनाया जाना चाहिए। संस्कृत को उन्होंने भारत को समझने की कुंजी बताया। विदेशी भाषाएँ सीखना अनुचित नहीं, लेकिन उन पर निर्भरता आत्मगौरव को आहत करती है। निश्चित ही यह दृष्टिकोण आज उस ऐतिहासिक सत्य को सामने लाता है कि गुलामी के दौर में भाषा और संस्कृति पर चोट कर भारतीय आत्मविश्वास को कमजोर किया गया। संघ का आग्रह है कि नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़ा जाए।

इस्लाम और हिंदुत्व पर उठे प्रश्नों पर संघ क्या सोचता है, इसके उत्तर में उन्होंने कहा, "इस्लाम जब पहले दिन भारत में आया, तभी से यह यहां है और आगे भी रहेगा। इस्लाम नहीं रहेगा यह सोचने वाला हिंदू सोच का नहीं है।" उनका कहना था कि विश्वास और संवाद से ही संघर्ष समाप्त हो सकता है। संघ प्रमुख के इन शब्दों ने उस धारणा को तोड़ा कि संघ मुस्लिम समाज को बाहर रखना चाहता है। उनका दृष्टिकोण यह है कि सभी धर्मों के लोग भारतीय समाज का हिस्सा हैं, और पारस्परिक विश्वास ही एकता की कुंजी है। भागवत ने साथ ही यहां यह भी स्पष्ट किया कि आक्रमणकारियों के नाम पर स्थानों के नाम नहीं होने चाहिए। लेकिन वीर अब्दुल हमीद और डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जैसे महापुरुषों का सम्मान होना चाहिए। यह दृष्टिकोण बताता है कि संघ किसी का विरोध और नफरत नहीं, बल्कि गौरवशाली स्मृति को प्राथमिकता देता है।

यहां डॉ. भागवत ने जनसंख्या संतुलन और असंतुलन की चुनौती पर भी अपने विचार रखते हुए स्पष्ट किया कि इस विषय में रास्वसंघ का दृष्टिकोण क्या है। वे कहते हैं, प्रत्येक परिवार को अधिकतम तीन बच्चों तक सीमित रहना चाहिए। आदर्श जन्मदर 2.1 है। असंतुलन और अवैध प्रवास विभाजनकारी स्थितियों को जन्म देते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि अवैध प्रवासियों को रोजगार और राजनीतिक संरक्षण नहीं मिलना चाहिए। निश्चित ही उनका यह दृष्टिकोण जनसंख्या नीति को केवल संख्याओं का प्रश्न नहीं,




बल्कि सामाजिक संतुलन का मुद्दा मानता है।

सरसंघचालक डॉ. भागवत ने आरक्षण पर संघ की नीति दोहराई कि संविधान में जो व्यवस्था है, उसका संघ समर्थन करता है। यह तब तक चलेगा जब तक समाज स्वयं यह न कहे कि अब हमें इसकी आवश्यकता नहीं। उन्होंने कहा, "हमारे बंधुओं ने 1000 साल तक कष्ट सहे हैं, उनके दर्द को मिटाने में हमें धैर्य रखना होगा।" वस्तुतः यह कथन इस बात का संकेत है कि संघ आरक्षण विरोधी नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय के साथ खड़ा है।

राजनीति और संघ के रिश्तों पर भागवत ने साफ कहा कि संघ सरकार चलाने में विशेषज्ञ नहीं, बल्कि शाखा और समाज निर्माण में कुशल है। "मैं शाखाएं चलाने में विशेषज्ञ हूं और भाजपा सरकार चलाने में।" यह कथन इस धारणा का उत्तर है कि संघ का काम समाज निर्माण और सरकार चलाना राजनीतिक दलों का कार्य है। उन्होंने यहां स्पष्ट कहा है कि संघ का किसी भी दल से विरोध नहीं, अच्छे काम में संघ सबका समर्थन करता है। यही कारण है कि संघ नेताओं से लेकर विचारधारा के विपरीत समझे जाने वाले लोगों तक से संवाद करता है। राजनीति में सुधार की चर्चा करते हुए उनका कहना रहा कि जेल जाने पर पद से हटाने जैसे नियम बन सकते हैं, लेकिन असली सुधार व्यक्ति निर्माण से होगा। जब समाज बदलेगा तो व्यवस्था स्वतः सुधरेगी। यही संघ का मूल दर्शन है; "व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण।" डॉ. भागवत ने आर्थिक दृष्टिकोण पर भी टिप्पणी की। उनका कहना था कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार हो, परंतु भारत की आत्मनिर्भरता बनी रहे। बाहरी निर्भरता से भारत की नीतियां बंधक नहीं बननी चाहिए। यह दृष्टिकोण महात्मा गांधी के स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत के सपने से मेल खाता है। संघ की तीन अपरिवर्तनीय बातों के बारे में भी यहां बताया गया, एक- हिन्दुस्तान एक हिंदू राष्ट्र है। दो- संघ का उद्देश्य व्यक्ति निर्माण है और अंतिम प्रमुख बात यह कि देश की सेवा सर्वोपरि है। इनके अलावा शेष सभी विषयों पर संघ समय और परिस्थिति के अनुसार लचीलापन दिखाता है। वस्तुतः यहां यही कहना होगा कि संघ की स्थापना से अब तक उसके सामने कई चुनौतियां आईं; 1948 में प्रतिबंध, 1975 में आपातकाल, और कई बार राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप, किंतु इन सबके बावजूद संघ ने समाज में अपनी जगह बनाई। सेवा कार्यों से लेकर सांस्कृतिक जागरण तक, संघ ने यह दिखाया कि उसका लक्ष्य केवल संगठन विस्तार नहीं, बल्कि राष्ट्र का सर्वांगीण विकास है। देश पर आए हर संकट के दौरान स्वयंसेवकों ने जिस तरह सेवा कार्य किए, आपदाओं में राहत पहुँचाई और समाज के सबसे कमजोर वर्ग तक पहुँचे, वह संघ की कार्यशैली का उदाहरण है। संघ प्रमुख के वक्तव्यों से यह स्पष्ट होता है कि संघ का अंतिम लक्ष्य भारत का सर्वांगीण विकास है। शिक्षा में संस्कार, संस्कृति में आत्मगौरव, राजनीति में स्वच्छता, समाज में समरसता और अर्थव्यवस्था में आत्मनिर्भरता, ये सभी तत्व संघ के ध्येय में समाहित हैं। पिछले 100 वर्षों से स्वयंसेवक यही साधना कर रहे हैं। शाखा में अनुशासन, समाज में सेवा और राष्ट्र के प्रति समर्पण ने संघ को भारत के सबसे बड़े सांस्कृतिक संगठन के रूप में स्थापित किया है।

वस्तुतः आज जब भारत अमृतकाल में प्रवेश कर रहा है, तब संघ की साधना का यह संदेश अधिक प्रासंगिक है कि भारत का भविष्य केवल आर्थिक प्रगति से नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और मूल्यनिष्ठ नागरिक निर्माण से ही उज्ज्वल होगा। यही संघ की शताब्दी साधना का सार है और यही उसकी स्थायी धारा भी है।

साहित्य



## चेतन जड़

**अशोक चक्रधर**

प्यास कुछ और बढ़ी  
और बढ़ी।

बेल कुछ और चढ़ी  
और चढ़ी।

प्यास बढ़ती ही गई,  
बेल चढ़ती ही गई।

कहाँ तक जाओगी बेलरानी  
पानी ऊपर कहाँ है?

जड़ से आवाज़ आई--  
यहाँ है, यहाँ है ।





## राशिफल

**मेषः-** नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय की अपेक्षित है।

**वृषभः-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वों के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। दुविधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में व्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में व्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।

**मकरः-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी। कार्य क्षेत्र में सम्बन्धों का भरपूर लाभ मिलेगा।

**कुंभः-** अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। कार्य क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे।

# समाज में नारी की स्थिति



*शिवांगी चौहान, मिस फर्रुखाबाद-2022*

नारी समाज का मूल आधार है तथा ईश्वर द्वारा दिया गया खुबसूरत उपहार है नारी मां, बहन, पत्नी, बेटी का रिश्ता निभाती है नारी जीवन की असली कलाकार है। यह दुनिया पल-पल बदलती रहती है और नारियों को भी स्वयं को मौजूदा परिस्थितयों के अनुसार लगातार बदलते रहना होगा नारी कोई वस्तु या दया का पात्र नहीं है मां के रूप में कमजोर दिखने वाले नारी को जब लगता है कि मेरे बच्चों पर कोई खतरा है तो उनकी रक्षा करने के लिए वह स्वयंम चंडी का रूप धारण कर लेती है संसार को जन्म देती है तो नरसंहार का कारण भी बनती है।

वैदिक कल की नारी पुरुष वर्ग के साथ समान रूप से समाज में सहायक थी वैदिक काल की स्थिति नारी के लिए स्वर्णिम काल कहा जाता था। समाज में नारी महत्वपूर्ण स्थान की अधिकारिणी थी ज्ञानदायिनी, ऐश्वर्यप्रदायनी, शक्तिस्वरूपी सभी रूपों में दृष्टिगोचर होती थी। शिक्षा के अतिरिकत कन्या को युद्ध विद्या, गणित, नृत्य, संगीत इत्यादी विद्याओं में शिक्षा प्राप्त करने की अधिकारिणी थी उनको वर चुनने का अधिकार भी दिया जाता था उनको स्वयं निर्णय लेने दिये जाते थे।

मध्यकाल में नारियों की स्थिति में गिरावट आयी बाल विवाह, शिक्षा का अभाव और राजपूतों द्वारा जौहर, देवदासी प्रथा जैसी कुरितियो के माध्यम से नारी जाति का शोषण आरंभ हो गया नारीयों को परदे के पीछे कैद कर दिया गया और उनके निर्णय उनके पिता, भाई, पति और बेटा के द्वारा लिए जाने लगे सामाजिक बुराइयाँ ने नारी के जीवन को और कठिन बना दिया था नारी से अपेक्षा की जाती थी वे घर के काम काज और बच्चों की देखबाल करने में व्यस्त रहे, नारी से अपेक्षा की जाती थी कि वह अपनी आकांक्षाओं की तुलना में विवाह और घरेलू कर्तव्य को प्रथमिकता दे। इसके बाद भी अनेक नारियों ने संघर्ष करते हुए राजनीति, साहित्य, शिक्षा और धर्म के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धिया अर्जित कर सम्मान पाया रानी दुर्गावती, मीराबाई, रजिया सुल्तान शिवाजी की माता जीजाबाई जैसी नारियों ने सारी जाति को गौरव प्रधान किया।

अंग्रेजी राज्य में नारियों की स्थिति में धीमी गति से सुधार आना आरंभ हुआ नारियों को शिक्षा पाने का अवसर मिला राजा राममोहन राय ने सती प्रथा खत्म करी और ईश्वर चंद्र विद्यासागर ने विधवा विवाह के पक्ष में बड़ा योगदान दिया। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने समाज के कमजोर वर्गो के साथ साथ स्त्रीयो को भी शिक्षा और समानता देने का अधिकार दिलाने के लिए काम किया।अम्बेडकर जी के प्रयास से भारतीय संविधान में स्त्रियों को शिक्षा और अन्य क्षेत्र में समान अधिकार मिले जो सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में एक महत्तवपूर्ण कदम था।

आजादी के बाद 1950 में जब देश को संविधान मिला तो उसमें स्त्रीयो को सुरक्षा सम्मान और पुरूषों के समान अवसर व अधिकार मिले। आधुनिक नारी पुरूषों से किन्ही भी मायनों में कम नहीं और चार दीवारी में कैद नहीं है व उच्च शिक्षित है। डॉक्टर है, इंजीनियर है, वैज्ञानिक है, अंतरिक्ष यात्रा कर रही है। वह घर की हर जिम्मेदारी को निभा कर वह अपने परिवार को खुशहाल से रखती है, ऐसे खुशहाल करो से ही देश ताकतवार बनता है, यह जरूरी नहीं कि घर संभालने में नारी अपने आपको इतना ना झोक दे कि अपने स्वास्थ्य और खुशियों व अन्य सामान्य जरूरतो का ध्यान ही न रहे उसे यह समझना होगा कि घर में उतना ही सम्मान मिले जितना कि घर का पुरुष घर के बाहर काम करके अर्जित करता है।

आधुनिक समाज में महिला सुरक्षा बलात्कार और दहेज प्रथा महत्वपूर्ण मुद्दा बन चुका है। देश में आए दिन ऐसा घटना होना जैसे आम बात बन गई किसी को कानून का डर ही नहीं रहा आये दिन बलात्कार की खबरें आती रहती है जिन्हें रोकना तो दूर कम तक नहीं किया जा रहा है कुछ ऐसी घटनाएं होती हैं जिसको सुनकर रूह कांप जाती है (निर्भया) दिल्ली (मौमिता) कोलकाता और अभी हाल मे हरियाणा में (मनीषा), लेकिन क्या इन सब कानून संशोधनों से कुछ असर हुआ आखिर में झेलना तो महिला को ही पड़ा, जान भी महिला की गई और इसके बाद भी केस में कोई कमी नहीं दिन व दिन बढ़ते जा रहे हैं। आज के समाज को देखते हुए जरूरी है कि हर महिला सशक्त आत्मनिर्भर और आत्मरक्षक वने ताकि वह खुद की रक्षा कर सके।

परिवार महिलाओ की सुरक्षा में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं नारियों को अधिकार के प्रति जागरूक करना और उन्हें शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाना परिवार की पहली जिम्मेदारी होनी चाहिए और दूसरी जम्मिदारी स्कूल और कॉलेज में नारी सुरक्षा की शिक्षा अनिवार्य होनी चाहिए उससे लड़कियां अपने अधिकारों और सुरक्षा के बारे में जान सकेगी। जिससे वह आत्मरक्षक बन सकेंगी। महिला सुरक्षा केवल सरकार या पुलिस की जिम्मेदारी नहीं है बल्की समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है हमे अपनी सोच को बदलने और महिलाओं को एक सुरक्षित और सम्मानजनक स्थान देने के लिए मिलकर काम करना होगा।

हमे शुरू से ही अपने घर के बच्चों और महिलाओं का ही नहीं बल्कि सभी का सम्मान करना सिखना होगा उन्हें भी बराबरी का हक है सर उठा कर जीने का हक है और जब तक कोई कठोर कानून वह गुनाह प्रति डर नहीं होगा, तब तक यह केस यू ही आते रहेंगे, क्योंकि जो डर होना चाहिए था वह बचा ही नहीं और इसके चलते अपराध बढ़ते जा रहे हैं। महिलाओं को आत्मरक्षक कौशल सिखाना चाहिए और डिजिटल सुरक्षा के प्रति जागरूक होना चाहिए।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति-पत्नी व पुत्र के खिलाफ गाली गलौज करने का मुकदमा दर्ज किया

**कुरारा,हमीरपुर।** थाना क्षेत्र के शेखुपुर गांव निवासी ग्रामीण ने घर पीछे बने प्लाट की दीवार गिरा देने की तहरीर तीन लोगों के खिलाफ थाने में दी है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के शेखुपुर गांव निवासी बच्चन द्विवेदी पुत्र स्व सुरेंद्र बहादुर ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 28 अगस्त को मोहल्ला निवासी नरेश पांडे पुत्र सरजू पांडे व पुत्र शिवम , व पत्नी अरुणा पांडे ने मेरे मकान के पीछे बने प्लाट की दीवार को गिरा दिया है। जब मैने उनसे जानकारी की तो उन्होंने गाली गलौज किया तथा जान से मारने की धमकी दी पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने पति, पत्नी, व पुत्र के खिलाफ गाली गलौज करने का मुकदमा दर्ज किया है।

### मूर्तिकारों ने पीओपी से मूर्तियों बनाने पर रोक लगाने की मांग

**भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** कस्बे के मूर्तिकारों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उप जिलाधिकारी को सौंप कर पीओपी से निर्मित होने वाली मूर्तियों में रोक लगाने की मांग की है कस्बे की मूर्तिकार निशांत, एसके,संदीप, मनोज कुमार, आर्यन, उत्तम आदि जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर पीओपी से निर्मित होने वाली मूर्तियों पर रोक लगाने की मांग की है। उन्होंने मिट्टी से मूर्ति निर्माण के लिए आदेश निर्गत करने की मांग की है। मूर्तिकारों का कहना है कि पीओपी में केमिकल होने से विसर्जन के समय तालाब पोखरों का पानी दूषित हो जाता है।

### छठ महोत्सव में निकाली गई भव्य शोभायात्रा




**भरूआ सुमेरपुर, हमीरपुर।** क्षेत्र के पारा रैपुरा के दो दिवसीय छठ महोत्सव का शुभारंभ नयनाभिराम झांकियों की शोभायात्रा के साथ हुआ। शोभायात्रा का शुभारंभ सदर विधायक डॉ.मनोज कुमार प्रजापति ने भगवान श्रीकृष्ण की आरती उतार कर किया। शोभायात्रा गांव में भ्रमण के उपरांत काली माता मंदिर प्रांगण तालाब में नागनाथन लीला के साथ संपन्न हुई। शोभायात्रा में देवी देवताओं के साथ देशभक्ति से ओतप्रोत एक दर्जन से ज्यादा झांकियां शामिल रही। शोभायात्रा देखने के लिए आसपास के गांव से भारी भीड़ उमड़ी रही। शोभायात्रा में ग्राम प्रधान शिवदयाल प्रजापति, पूर्व प्रधान बिहारी लाल प्रजापति, टेढ़ा के नोखेलाल यादव, बिरखेरा के प्रधान अशोक यादव, पूर्व प्रधान राकेश शर्मा, जुग्गीलाल गुप्ता, ब्रजेश कुमार, अरविंद, जीत सिंह, विजय कुमार सहित सैकड़ों लोग शामिल रहे।

### एएनएम व आशा कार्यकर्त्री द्वारा आख्या रिपोर्ट न लगाए जाने पर नहीं बन पा रहा है जन्म प्रमाण पत्र

**कुरारा, हमीरपुर।** जनपद बांदा के जसपुरा ब्लाक निवासी ने अपनी पत्नी के जन्म प्रमाण पत्र पर एएनएम व आशा कार्यकत्री द्वारा आख्या रिपोर्ट न लगाए जाने की शिकायत जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर की है बांदा जनपद के जसपुरा ब्लाक क्षेत्र के चंदवारा गांव निवासी गोविंदनारायण पांडे ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि मेरी पत्नी रंजना पुत्री स्व संतोष द्विवेदी ग्राम भैंसापाली ब्लाक कुरारा की निवासी है। इसका जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए उपजिलाधिकारी के यहां आवेदन किया था। जिसकी सारी कार्यवाही पूरी हो चुकी है। गांव भैंसापाली में तैनात ए एन एम व आशा कार्यकत्री जानबूझ कर इसमें आख्या रिपोर्ट नहीं लगा रही है। जिससे जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस प्रकरण को सक्षम अधिकारी से जांच कराकर न्याय दिलाया जाए।

### तीन घंटे तक गांव के ऊपर मंडराती रही डिवाइस ग्रामीणों में दहशत, पुलिस भी रही हलाकान



**हमीरपुर भरुआ सुमेरपुर।** बीती रात क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में ड्रोन जैसी डिवाइस आसमान में घूमती हुई देखकर ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और छतों में खड़े होकर निगरानी करते रहे। पश्चिम के बाद अब बुंदेलखंड में रात के समय ड्रोन उड़ाए जाने की अफवाह ने जन्म लिया है। बीती रात क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में रात करीब 11 बजे आसमान में लाल एवं सफेद रंग की लाइट जलती हुई एक डिवाइस गांव के ऊपर चक्कर लगाती नजर आई। कुछ ही देर में यह अफवाह गांव भर में फैल गई। लोग कमरों से निकलकर छतों में पंहुच गये गांव के पूर्व प्रधान सौरभ सिंह, मानसिंह, अनमोल सिंह, सुंदर सिंह, प्रदीप प्रजापति आदि ने गांव में बस्ती के ऊपर ड्रोन जैसी डिवाइस आसमान में घूमने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस गांव पहुंची और आसमान में घूम रही डिवाइस को देखकर गांव के चारों तरफ चक्कर लगाया। लेकिन कोई संदिग्ध हाथ नहीं लगा। रात करीब 2 बजे डिवाइस अचानक गुम हो गई। इस घटना से ग्रामीणों में दहशत है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने कहा कि ड्रोन उड़ाने की बात झूठी है। यह किसी अराजकतत्व का कार्य है जो लोगों में दहशत पैदा करना चाहता है।

# खट्टी मीठी यादों को संजोए संपन्न हुआ तीन दिवसीय तीजा मेला

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



खट्टी मीठी यादों को संजोए कस्बे का सैकड़ो वर्ष पुराना ऐतिहासिक तीजा मेला गुरुवार की रात हुई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ सकुशल संपन्न हो गया। मेले के सकुशल संपन्न होने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली। हाईवे पर तीन दिनों से लगे डायवर्जन को हटा दिया। जिससे भारी वाहनों चालकों को राहत मिली है।

कस्बे का ऐतिहासिक तीजा मेला सैकड़ो वर्ष पुराना है। इसकी ख्याति बुंदेलखंड के अलावा रूहेलखंड के जनपदों में है। कस्बे का यह ऐतिहासिक तीजा मेला लोक संस्कृति, ज्ञान विज्ञान, सामाजिक एकता के लिए मशहूर है। इस मेले में लाखों की भीड़ उमड़ती है। इस वर्ष शोभायात्रा में काफी बदलाव दिखा। वहीं पशु बाजार मेला प्रबंधक सौमित्र सिंह ने इस बार बड़े बदलाव करके मेला को भव्य बनाया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे ने इसकी ख्याति को बढ़ाने में किसी तरह की कोर कसर नहीं छोड़ी है। साफ सफाई पानी बिजली के पुख्ता इंतजाम कराकर अपनी अलग छाप बनाई है। नागनाथन लीला के लिए हर चंदन तालाब में कराए गए सुंदरीकरण की लोगों ने जमकर प्रसंशा की। मेले के आखिरी दिन गुरुवार की रात में झांसी के इसरार ग्रुप के कलाकारों ने पशु बाजार मेला मैदान में वीर बुंदेला लाला हरदौल नाटक का सफल मंचन किया। नाटक देखने के लिए भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। वहीं त्रिवेणी मैदान में 72 घंटे का अनवरत चलने वाले कबीरी भजन का तड़के समापन हो गया। इसी के साथ कस्बे का यह ऐतिहासिक तीन दिवसीय तीजा मेला खट्टी मीठी यादों को संजोए सकुशल संपन्न हो गया।

## ग्राम प्रधान ने सीएम से की शिकायत, प्रमुख सचिव ने रिपोर्ट दर्ज करने के दिए आदेश

- प्रधान से गुंडा टैक्स की गई थी मांग, पीड़ित ने आठ माह बाद की शिकायत

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

प्रधान से गुंडा टैक्स की मांग करने पर शिकायत के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। पीड़ित ने आठ माह बाद मुख्यमंत्री से शिकायत की है। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को जांचोपरांत रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश देकर आख्या मांगी है कलौलीजार के प्रधान अरविंद यादव ने मुख्यमंत्री को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि गत वर्ष 14 दिसंबर को वह अपनी मां के साथ सुमेरपुर की तपोभूमि में महायज्ञ की वर्षगांठ में जब दर्शन करने आया था। तभी यहां पर कस्बा निवासी रवींद्र कुमार भारतवंशी मिला और कहा कि 35 हजार रुपये नहीं दिए हैं । इसलिए जेल जाने को तैयार हो जाना। प्रधान का आरोप है कि आरोपी खुद को पत्रकार बताकर फर्जी जांच कराने, दलित उत्पीड़न एक्ट में फंसाने के नाम पर 50 हजार रुपये की मांग की थी । जिसमें उसने अपनी बहन से 15 हजार रुपये आरटीजीएस कराए थे। शेष 35 हजार रुपये की मांग को लेकर उसने 14 दिसंबर को तपोभूमि में गाली गलौज की और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। इसके समस्त साक्ष्य एकत्र करके शिकायत थाना पुलिस से की थी। लेकिन पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है।

गत 25 अगस्त को प्रधान ने मामले के शिकायत मुख्यमंत्री से की। मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद ने जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को जांचोपरांत मुकदमा दर्ज करके रिपोर्ट तलब की है। प्रमुख सचिव के आदेश पर डीएम एसपी ने आवश्यक कार्यवाही के आदेश दिए है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। अगर कोई आदेश आता है तो जांच के बाद विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### गुड्डू बने मुहम्मदिया जुलूस के अध्यक्ष

**भरुआ, सुमेरपुर।** कस्बे की ईदगाह में संपन्न हुई बैठक में पेश इमाम के प्रस्ताव पर कस्बा निवासी वसीम सिद्दीकी उर्फ गुड्डू को मुहम्मदिया जुलूस का अध्यक्ष घोषित किया गया जुमे की नमाज के बाद हुई मुस्लिम समाज की बैठक में शहर के पेश इमाम हाजी सैफुल्लह के प्रस्ताव पर वसीम सिद्दीकी उर्फ गुड्डू को मुहम्मदिया जुलूस का अध्यक्ष बनाया गया। इसके बाद लोगों ने फूलमाला पहनाकर मुंह मीठा कर बधाई दी। इस मौके पर हाफिज रियाजुल हसन, फैजल खान, नूरमोहम्मद, यासीन, हिदायतउल्ला, इब्राहिम खान आदि मौजूद रहे।

## डंपर ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, एक की मौके पर मौत, कई सवारियां गंभीर रूप से घायल

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




थाना क्षेत्र के बेरी कदौरा मार्ग पर गुरुवार शाम को लहरा गांव के पास कदौरा से बेरी तरफ जा रहे डंफर चालक ने ई रिक्शा चालक को सामने से टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा चालक व उसमें बैठी एक सवारी गंभीर रूप से घायल हो गए रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। जिसमें एक व्यक्ति की हादसे में मौत हो गई है क्षेत्र के कदौरा थाना क्षेत्र के महमूद नगर गांव निवासी मूलचंद्र ई रिक्शा लेकर गांव से कदौरा जा रहा था। तभी लहरा गांव निवासी मोहनलाल कुशवाहा भी उसमें कदौरा जाने के लिए बैठ गया। लहरा से आगे सामने से आ रहे डंफर चालक ने रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे रिक्शा के परखच्चे उड़ गए तथा तथा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनो को कदौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से हालत गंभीर होने पर उरई रिफर किया गया। जहां मोहन लाल की मौत हो गई। रिक्शा चालक मूलचंद अहिरवार का इलाज चल रहा है। मृतक के भाई सोहनलाल कुशवाहा ने बताया अपनी बड़ी बेटी की शादी का कर्ज चुकाने के लिए कदौरा जा रहे थे। इस हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने गांव के बाहर जाम लगा दिया। ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सड़क जाम की खबर मिलते ही थाना प्रभारी व तहसील दार मौके पर पहुंचे तथा समझाने पर जाम खुलवा दिया ककरऊ ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान लखन लाल ने बताया कि सड़क संकरी होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है।

## हाईवे पर ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गुमटी में घुसा, दुकानदार घायल

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



नेशनल हाईवे में दोपहर को तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर नेहा चौराहा में मकान के बाहर रखी गुमटी में जा घुसा। इस घटना में दुकानदार घायल हो गया। घटना होते ही चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है। घटना की सूचना पाकर व्यापार मंडल अध्यक्ष मौके पर पहुंचे और घायल व्यापारी को सांत्वना देते हुए। पुलिस से चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है दोपहर करीब 12ः00 एक लोड ट्रक महोबा की तरफ से कानपुर की ओर जा रहा था। नेहा चौराहा में यह अनियंत्रित होकर मकान के बाहर रखी गुमटी में जा घुसा। इस घटना में गुमटी में बैठा दुकानदार भगवानदीन श्रीवास 60 वर्ष घायल हो गया और गुमटी में रखा सामान तहस नहस हो गया। दुकानदार के मुताबिक करीब 50 हजार का नुकसान हुआ है घटना की सूचना पाकर व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू मौके पर पहुंचे और घायल दुकानदार का हाल-चाल लेकर सांत्वना देते हुए। कस्बा इंचार्ज संजय राय से चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लिया है।

## बिरखेरा की ग्राम चौपाल में जोर-शोर से उठा अवैध लकड़ी कटान का मुद्दा

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



बिरखेरा में आयोजित ग्राम चौपाल में ग्रामीणों ने लकड़ी की अवैध कटान का मुद्दा उठाते हुए राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र की शिकायतों के साथ शासन के आदेश पर करोड़न नाला में बनने जा रहे रपटे से जुडी जमीन का मुद्दा उठाकर समाधान की मांग की।शुक्रवार को सदर विधायक डा. मनोज कुमार प्रजापति की मौजूदगी में ग्राम प्रधान अशोक कुमार यादव की अध्यक्षता में काली माता मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई चौपाल में राशन वितरण, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र एवं परिवार रजिस्टर नकल में हो रही असुविधा की दस शिकायतें दर्ज करायीं। ग्रामीणों ने लकड़ी की अवैध कटान के अलावा करोड़न नाला में बनने वाले रपटे में निजी भूमि का विवाद सामने आने का मुद्दा उठाया। सदर विधायक ने जिला पूर्ति अधिकारी से कहा कि वह आदेश निर्गत करें कि किसी भी कार्डधारक को राशन के अलावा अतिरिक्त सामग्री लेने के लिए बाध्य नहीं किया जाये। उन्होंने कहा कि रपटे के निर्माण में आ रही समस्या का समाधान मंगलवार को राजस्व टीम मौके पर आकर करेगी। खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने कहा कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के साथ परिवार रजिस्टर की नकल के लिए आवेदन पंचायत सहायक के पास जमा करायें। पंचायत सहायक सचिव के माध्यम से इन्हें निर्गत कराकर ग्रामीणों को देंगे। ब्लॉक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं से रूबरू कराते हुए कहा कि उनकी सभी समस्याओं का समाधान ग्राम सचिवालय से होगा। उन्होंने कहा कि वह वन अधिकारियों से वार्ता करके लकड़ी की अवैध कटान रोके जाने को कहेंगे। बैठक में एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, पंचायत सचिव संजय सिंह, अजित शुक्ला, बवाली पाल आदि मौजूद रहे।

### अध्यापिका के लेट पहुंचने पर ग्रामीणों ने कांटा हंगामा

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पढ़ोरी में परिषदीय विद्यालय में शिक्षकों के लेट लतीफ पहुंचने से नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय में हंगामा काटते हुए उपजिलाधिकारी मौदहा को एक ज्ञापन सौंप मामले की जांच पड़ताल कर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका के स्थानांतरण की मांग की है वही इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने गांव के कुछ युवकों पर विद्यालय में जबरन घुस शिक्षण कार्य में व्यवधान उत्पन्न करने का आरोप लगाया है। खंड विकास क्षेत्र मौदहा के ग्राम पढ़ोरी स्थित कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को विद्यालय में शिक्षकों के लेट लतीफ पहुंचने को लेकर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा काटा और शिक्षकों पर मनमानी करने के आरोप लगाए। ग्रामीणों के इस हंगामे से विद्यालय में मौजूद बच्चों में अफरा तफरी का माहौल बन गया हुआ वह अपने बस्ते से ले इधर-उधर भागने लगे उसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी करणवीर सिंह को एक ज्ञापन सौंप विद्यालय में देर से पहुंचने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है इसके अलावा उन्होंने यहां तैनात इंचार्ज प्रधानाध्यापिका के स्थानांतरण की भी मांग कीहै। ज्ञापन देने वालों में अनिल कुमार, शिवपूजन, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्री राम निषाद, हसीन खान, जब्बार खान, जगदीश यादव, ताहिरा, इमामन, सुबराती व राम श्री समेत अन्य महिलाएं मौजूद रहे वही विद्यालय की इंचार्ज प्रधानाध्यापिका वर्षा तिवारी ने बताया कि इस हंगामे का नेतृत्व कर रहा अनिल कुमार कई बार विद्यालय में आकर कक्षाओं में घुस शिक्षण कार्य में व्यवधान उत्पन्न कर चुका है जबकि इसका या इसके परिवार का कोई बच्चा विद्यालय में नहीं पढ़ता है। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कमल ने बताया की विद्यालय में अध्यापकों के देर से पहुंचने की शिकायत मिली है जिसकी जांच की जाएगी ।वही इस पूरे मामले को लेकर गांव के ग्रामीणों में चर्चा है कि ग्राम प्रधान के चुनाव आने का समय हो रहा है जिसके चलते कुछ प्रधान पद के भावीप्रत्याशी विद्यालय के सहारे अपनी नेतागिरी चमकाने में लगे हुए हैं।

## कुरारा-हमीरपुर मार्ग पर डग्गामार चालक पासिंग से अधिक भरते है सवारियां, आये दिन होती हैं दुर्घटनाएं

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कुरारा-हमीरपुर मार्ग पर डग्गामार आटो पासिंग से अधिक भरते है सवारियां आटो में अधिक सवारी होने से आय दिन होती है घटना अभी दो दिन पूर्व झलोखर के पास आटो पलट गया था। आटो में बैठीं एक सबारी गंभीर रूप घायल हो गयी थी जिसको जिला अस्पताल के लिए रिफर व अन्य बैठीं साबरियो का इलाज करके घर भेज दिया गया कुरारा सीमा क्षेत्र में लोडर ने ई रिक्शा में मारी टक्कर एक व्यक्ति की मोके पर मौत व अन्य सवारियों को किया गया रिफर गांव बालों ने सड़क पर जाम लगा दिया।

## शार्ट फिल्म अधिकार की शूटिंग सार्थक एंटरटेनमेंट के बैनर तले हुई

- शार्ट फिल्म का शुभारंभ 31 अगस्त को होगा

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**




जिले में हुई शॉर्ट फिल्म अधिकार की शूटिंग सार्थक सांस्कृतिक सोसाइटी के तत्वाधान एवं सार्थक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली शॉर्ट फिल्म, अधिकार की शूटिंग हमीरपुर के विभिन्न स्थानों पर हुई, फिल्म का मुहूर्त शॉर्ट शहर के पूजा होटल में हुआ, इस अवसर पर शहर के जाने-माने व्यापारी आलोक गुप्ता ओमर जी ने नारियल फोड़ कर फिल्म की शूटिंग का शुभारंभ किया, इस अवसर पर अशोक खटीक शहर के संगीत के क्षेत्र से जुड़े मलय सोनकर, समाजसेवी शील रतन एवं पूजा लॉज के मालिक विमल गुप्ता भी उपस्थित थे। फिल्म के समस्त कलाकार, हमीरपुर जनपद से हैं, जिन्हें संस्था द्वारा आयोजित ऑडिशन, जो की संस्था द्वारा ही 25 जुलाई 2025 को किया गया था, उसमें जो भी कलाकार चयनित हुए थे, उन्हीं को फिल्म अधिकार में भूमिका दी गई है, जिसमें प्रिया शुक्ला, संध्या गौतम, सनत श्रीवास्तव, सफवान अहमद, कनिष्क ओमर श्रेयओमर, आदि प्रमुख है, फिल्म की कहानी एक जागरूक और साहसी पत्रकार साक्षी की है, जो अपने मानवाधिकार के अधिकारों का प्रयोग करते हुए, कुछ ऐसे लोगों को न्याय दिलाती है, जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

यहां उल्लेखनीय है कि शॉर्ट फिल्म अधिकार का प्रदर्शन सार्थक सांस्कृतिक सोसाइटी एवं सार्थक एंटरटेनमेंट द्वारा आयोजित होने वाले दिनांक 31 अगस्त 2025 को सार्थक फिल्म फेस्टिवल हमीरपुर में इस फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा, एवं इस फिल्म से जुड़े हुए सारे कलाकारों को सम्मानित किया जाएगा, फिल्म निर्माण में अशोक खटीक एवं अशोक गुरु का विशेष सहयोग रहा... फिल्म के निर्माता निर्देशक एवं लेखक एस के प्रसाद ने बताया कि, उनकी संस्था बुंदेलखंड में इस शॉर्ट फिल्म के साथ-साथ अन्य कई प्रोजेक्ट पर भी काम करने की योजना बना रही है, और उसी के ध्यान में रखते हुए इस फिल्म का निर्माण एवं सार्थक फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है, ताकि बुंदेलखंड के स्थानीय कलाकारों को मुख्य धारा से जुड़ने का अवसर मिले।

## दिल्ली से आ रही स्लीपर बस हादसे से बाल-बाल बचे यात्री

- दो बाइकसवार को बचाने के चक्कर में बस चालक अपना संतुलन खो बैठा

**पनवाड़ी, महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



पनवाड़ी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जानकारी के अनुसार दिल्ली से महोबा जा रही अमर शक्ति ट्रैवल्स की स्लीपर बस महुआ के आगे कुनाटा बारिया के पास सड़क किनारे खाई में गिर गई। बताया गया कि अचानक सामने आए दो बाइक सवारों को बचाने के चक्कर में बस चालक ने संतुलन खो दिया, जिससे बस खाई में जा गिरी। बस चालक दिलीप कुमार ने बताया कि बस में कुल पांच यात्री सवार थे। गनीमत रही कि हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई और सभी यात्री सुरक्षित हैं। घटना स्थल पर मौजूद ग्रामीणों–विरग, प्रह्लाद, साबिर, राकेश और कमलेश– ने तत्काल राहत कार्य में सहयोग किया। सूचना मिलते ही थाना पनवाड़ी पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया।

## चित्रकूट एक्सप्रेस से फेंके गए पांच बैग चादर एवं तौलिए

- आरपीएफ जांच में जुटी

**भरुआ सुमेरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



जबलपुर से लखनऊ जा रही चित्रकूट एक्सप्रेस से आउटर के समीप पांच बैग फेंक दिए गए। दोहरीकरण का कार्य कर रही केपीटीएल कंपनी के सुरक्षा गार्डों ने ट्रेन से फेंके गए बैगों को एक युवक को उठाते देखकर खदेड़ा और उनको अपने कब्जे में लेकर स्टेशन मास्टर के सुपुर्द किया है। बताते हैं कि इनमें वातानुकूलित कोचों में यात्रा करने वाले यात्रियों को दिए जाने वाले चादर और तौलिया भरे हुए हैं। शुक्रवार को तड़के 5:00 बजे जबलपुर से चलकर लखनऊ जा रही चित्रकूट एक्सप्रेस समय पर स्टेशन पर आई और दो मिनट रुकने के आगे के लिए रवाना हुई। आउटर के पहले चलती ट्रेन से किसी ने पांच बैग नीचे फेंक दिए। इन बैगों को उठाने के लिए एक युवक पहले से ही आउटर के समीप खड़ा था। आउटर के समीप रेलवे के दोहरीकरण का कार्य कर रही कंपनी केपीटीएल का ऑफिस बना हुआ है। यहां पर सुरक्षा गार्ड तैनात रहते हैं। युवक को बैग उठाते देख कर सुरक्षा गार्डो ने ललकारते हुए पटरी की तरफ दौड़े। उनको आता देखकर युवक बैग छोड़कर भाग खड़ा हुआ। सुरक्षा गार्डो ने इनको कब्जे में लेकर स्टेशन मास्टर के सुपुर्द किया। कंपनी के सुरक्षा अधिकारी नंदकिशोर ने बताया कि पांचो बैगों में चादर एवं तौलिया भरे हुए हैं। बताते हैं कि यह वातानुकूलित कोचों में यात्रियों को सफर के दौरान दिए जाते हैं।आरपीएफ घाटमपुर चौकी के प्रभारी राजकुमार ने बताया कि बैगों में सोनपुर रेलवे डिवीज़न लिखा है। इससे यह प्रतीत होता है कि बरौनी एक्सप्रेस के कोच से गिरे हो।आशंका जताई कि यह गेट किनारे रखे हो और गेट खोलने पर गिर गए हो। मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि चित्रकूट एक्सप्रेस लखनऊ पहुंचने के बाद बरौनी जाती है। बरौनी से वापस होकर यह शाम को जबलपुर के लिए रवाना होती है।

### सहकारी संघ लि. का भवन जर्जर हालत में चल रहा



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा के थाने के समीप बनी सहकारी संघ लिमटेड का भवन जर्जर हालत में है। मजबूरी में केंद्र प्रभारी व मजदूर इस भवन में खाद आदि का वितरण करते है। ईंटों की छत ने सरिया छोड़ दिया है। कस्बा कुरारा में थाने के सामने सहकारी संघ लिमटेड सरकारी संस्था है। इस का भवन जर्जर हालत में है। इस संस्था का भवन वर्ष 1960 के आसपास बना था इसमें केंद्र प्रभारी के निवास आदि की व्यवस्था थी। तथा एक स्टोर रूम व कार्यालय आदि बने है। इसमें किसानों को रबी की फसल में बुवाई के लिए बीज का वितरण किया जाता था तथा जून माह में किसानो से वसूली कर गोदाम में जमा किया जाता था। लेकिन इस समय इस केंद्र से किसानों को खाद का वितरण किया जाता है। केंद्र प्रभारी सत्यवीर नामदेव ने बताया कि पुराना भवन होने के कारण छत की सरिया दिखाई देने लगी है तथा छत का प्लास्टर भी गिरता है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को पत्र दिया गया है। इस भवन के सामने मैदान है। किसान नरोत्तम दास गुप्ता ने बताया कि इसके भवन का नया निर्माण होना चाहिए तथा चारों तरफ बाउंड्री बाल बनाकर गेट लगना चाहिए यह भवन खतरे से भरा हुआ है। खाद वितरण के दौरान मजदूर गोदाम से खाद निकालते है तथा किसान भी मौजूद रहते है। किसानों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि इस भवन का नवीन निर्माण कराया जाए।

# दिव्यांग ने प्रार्थना पत्र देकर पढ़ने की जतायी इच्छा, मांगी सहायता

- जन सुनवाई में फरियाद लेकर पहुंचा था दिव्यांग
- डीएम ने सीएमओ, बीएसए व समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित कर करायी व्यवस्था, आसान हुई पढ़ाई की नई राह



**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

जन सुनवाई के दौरान शुक्रवार को एक अनोखा प्रकरण सामने आया, जिसने सभी को भावुक कर दिया। उमरार खेड़ा निवासी 21 वर्षीय जीतू पुत्र जनक सिंह जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के समक्ष पहुंचे और प्रार्थना पत्र देकर पढ़ाई की इच्छा जताई।

जीतू की लंबाई महज साढ़े तीन फुट है और अब तक वह कभी स्कूल भी नहीं जा सका। जीतू ने बताया कि बचपन से ही पारिवारिक परिस्थितियां प्रतिकूल रहीं। उसकी मां पैरालिसिस से जूझ रही हैं, जबकि पिता एक्सीडेंट में गंभीर रूप से घायल होकर रीढ़ की हड्डी की चोट से पीड़ित हैं। इन परिस्थितियों के चलते वह शिक्षा से पूरी तरह वंचित रह गया। जीतू ने भावुक होकर कहा कि हाल ही में उसने अखबार में पढ़ा कि मुख्यमंत्री जी की योजना से जिलाधिकारी ने एक बच्ची जानवी की शिक्षा का जिम्मा उठाया है। उसी से प्रेरित होकर वह भी अपने सपनों को पूरा करने की आस लेकर जिलाधिकारी के पास आया है। उसका कहना था कि वह पढ़-लिखकर अपने पैरों पर खड़ा होना चाहता है और जीवन में कुछ करना चाहता है। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उसकी बात ध्यान से सुनी और बीएसए सीएमओ एवं समाज कल्याण अधिकारी को बुलाकर उसकी सभी व्यवस्था कराई। सुनवाई के दौरान युवक को आश्वस्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश हैं कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

इसी क्रम में कार्यवाही की जा रही है। जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को परिवार की आर्थिक स्थिति की जांच कर अन्य सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए, ताकि जीतू को पठन पाठन और समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। जिलाधिकारी ने मौके पर ही जीतू को कॉपी, किताबें, बैग और यूनिफॉर्म आदि की व्यवस्था भी करायी।

## क्रॉप सर्वे के विरोध में रोजगार सेवकों ने पांच सूत्रीय ज्ञापन बीडीओ को सौंपा

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



कोंच ब्लॉक के रोजगार सेवकों ने पांच सूत्री ज्ञापन खंड विकास अधिकारी को सौंपा जिसमें विभिन्न पांच बिंदु पर काम नहीं करने के विरोध में कोंच बीडीओ कार्यालय में ज्ञापन सौंपा।

बीडीओ को सौंपे गये ज्ञापन में एग्रीस्टेक डिजिटल क्रॉप सर्वे में काम न करने के विरोध में पांच सूत्री ज्ञापन खंड विकास अधिकारी संदीप मिश्रा को सौंपा जिसमें क्रम बार पांच बिंदु थे जिसमें कार्य करने में बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है साथ ही ग्राम पंचायतों में पहले से ही बहुत अधिक कार्य है एग्रीस्टेक डिजिटल क्रॉप सर्वे में बहुत समस्याएं आ रही है। इस दौरान प्रशांत श्रीवास्तव कम्प्यूटर ऑपरेटर, संघ अध्यक्ष रामलाल कैथी कोषाध्यक्ष गोपाल दास लोना, नरेंद्र वर्मा भदेवरा, राकेश घुसिया, अभिषेक परेथा, अशोक अमीटा, सुनील भरसूडा, प्रीति कुदरा बुजुर्ग, जितेन्द्र कुमार गोरा, राजीव चमेंड़ आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### शिक्षक दिवस पर निकाले जाएंगे जश्न-ए-ईद-मिलादुन्नबी के झंडे, पीस कमेटी की हुई बैठक



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** 5 सितंबर को बारह रबी उल अव्वल के मौके पर कस्बा सहित कुछ गाँव में भी जश्न ए ईद मिलादुन्नबी के झंडे निकाले जाएंगे। जिसके मद्देनजर स्थानीय थाने मे पीस कमेटी की बैठक की।जिसमे झंडा उठाने वाली अंजुमनो के मुख्य लोगो की मौजूदगी सीओ सदर सौरभ श्रीवास्तव ने कहाकि जिस तरह से जुलूस निकलते है।उसी तरह से निकाले जायेगे।कोई नई परम्परा की शुरुआत नही होनी चाहिए।जुलूस से इंसानियत का संदेश दिया जाये।जबकि थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहाकि जुलूस का जो समय है समय का ध्यान में रखकर निकाला जाये।सभी लोग आपसी प्रेम के साथ ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मनाए।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम,अबू उमेर,हाफिज मो सलीम,मो अख्तर,कस्बा इंचार्ज विनय कुमार,दीवान गुफरान खान, जय नारायण सिंह,पंकज सिंह राठौर,शैलेश कुमार,पंकज सिंह,जलालुद्दीन आदि लोग उपस्थित थे।

### सड़क हादसे में पति-पत्नी घायल, ट्रामा सेंटर पहुंचने से पहले महिला ने तोड़ा दम

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** लखनऊ सुल्तानपुर हाईवे पर लोनी कटरा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में तेज रफ्तार कार द्वारा जोरदार टक्कर मार देने से पति पत्नी घायल हो गए। पता चला है कि ट्रामा सेंटर के लिए रेफर महिला की रास्ते में ही मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बीरमपुर निवासी बैजनाथ वर्मा पुत्र श्यामलाल वर्मा उम्र 48 वर्ष अपनी पत्नी उमा देवी 46 वर्ष को साइकिल से लेकर मदनापुर गाँव में रहने वाले डॉक्टर के घर दवा लेने जा रहे थे की तभी अचानक तेज रफ्तार यूको कार ने मंगलपुर चौराहे के निकट जोरदार टक्कर मार दी जिससे दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र त्रिवेदीगंज लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने हालात को गंभीर देखते हुए लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। वहीं मिली जानकारी के अनुसार ट्रामा सेंटर ले जाते समय महिला उमा देवी की रास्ते में ही मौत हो गई हैं।

### श्रीराधाष्टमी महामहोत्सव 31 अगस्त को

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** गौर निताई परिवार द्वारा श्रीराधाष्टमी महामहोत्सव का आयोजन 31 अगस्त को किया जाएगा। यह दसवां वार्षिक महोत्सव प्रदर्शनी पंडाल में मनाया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए सनातन धर्म प्रचारक पं मनुपुत्र दास ने बताया कि श्रीराधाष्टमी पर्व पर भगवान श्री हरि की आह्लादनी शक्ति राधारानीजी का प्राकट्योत्सव मनाया जाता है। गौर निताई परिवार पिछले एक दशक से लगातार इस महोत्सव का आयोजन कर रहा है। कार्यक्रम शाम 4 बजे से हरिनाम संकीर्तन के साथ शुरू होगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रह्लाद लीला का मंचन होगा। फिर महाभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में बधाई और महाप्रसाद का वितरण होगा। पहले यह कार्यक्रम शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में होता था। इस बार भक्तों की बड़ी संख्या को देखते हुए इसे प्रदर्शनी पंडाल में आयोजित किया जा रहा है। इटावा जिले और आसपास के क्षेत्रों से भक्तों के शामिल होने की उम्मीद है। प्रेसवार्ता में अरविंद पोरवाल, जितेंद्र गौड़, सर्वेश चौहान, देवेंद्र सक्सेना, पं. अरुण दुबे समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### सभासदों की नहीं बनी सहमति, तालाबों का आवंटन टला

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत जैदपुर में सभासदों में सहमति न होने से लगातार दूसरी बार टली तालाबों की नीलामी कुछ सभासदों ने नाराजगी जाताते हुए मनमानी करने का आरोप लगाया है।जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर में शुक्रवार को होने वाली बड़े तालाबों में धोबिन तलिया,छींटी ताल,दैताली की नीलामी नहीं हो सकी।उसका मुख्य कारण सभासदो मे सहमति न होना बताया जा रहा है।जबकि सभासद कासिम,सभासद ताहिर अंसारी,सुफियान अंसारी,अबसार शाएम मेंहदी, शाहे आलम का मानना था कि शुक्रवार को ही तालाबो की नीलामी हो,जिसमे राजस्व का अधिक मुनाफा हो।वही सभासद ताहिर सहित कुछ सभासदो ने मनमानी व टालमटोल करने भी आरोप लगाया है।इतना ही नहीं एक अखबार मे निविदा भी छपाई गई है।सभासदो का कहना है निविदा छापवाकर सरकारी धन का दुरुपयोग किया जा रहा है।वहीं अधिशासी अधिकारी राम जनक तिवारी से बात की गयी तो बताया गया कि सभासदों में सहमति न होने के चलते नीलामी को स्थगित कर दिया गया है। प्रस्ताव कर बैठक के बाद तालाबो की बोली होगी। जबकि चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अंसारी का कहना है कि बहुमत के साथ सभासदो ने आपत्ति जतायी थी,जिसके चलते तालाबों की बोली को नहीं हुई है,बैठक के बाद पुनः बोली कराया जायेगा।

### सड़क पर घायल अवस्था में मिला युवक



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** सीतापुर के रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के पडुखा गांव निवासी 23 वर्षीय संदीप सिंह को सड़क किनारे घायल अवस्था में पाया गया।संदीप दोपहर में घर से निकले थे।देर रात तक घर न लौटने पर परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान उन्हें बाराबंकी के मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र के सौरंगा गांव के पास सड़क किनारे घायल पाया गया।स्थानीय लोगों की मदद से परिजन संदीप को फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।घटना की सूचना अभी तक पुलिस को नहीं दी गई है। युवक के घायल होने के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

## आठ साल के बच्चे की मिली लाश

- कुत्ते नोंच रहे थे शरीर, घर से कबाड़ बीनने के लिए निकला था



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** शहर के थाना कोतवाली क्षेत्र के गाड़ीपुरा नई बस्ती में शुक्रवार सुबह आठ वर्षीय बच्चे का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 8 वर्षीय आहिल पुत्र शहंशाह निवासी गाड़ीपुरा थाना कोतवाली के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शव के पास आवारा और एक पालतू कुत्ता मौजूद था, जो उसे नोच रहे थे। यह नजारा देखकर आसपास अफ़रा-तफ़री मच गई और परिवार में कोहराम मच गया।

आहिल सुबह घर से कबाड़ बीनने के लिए निकला था। कुछ ही देर बाद मोहल्ले के लोगों ने देखा कि उसका शव खून से लथपथ पड़ा है। परिजनों का आरोप है कि बच्चे का चाकू से गला रेतकर हत्या की गई है और उसे कुत्ते के पास डालकर सच्चाई छिपाने की कोशिश की गई है। मृतक के चाचा आरिफने बताया कि आहिल की मां शाहीन की मौत के बाद वह दिल्ली में ननिहाल में रहता था। करीब तीन साल से वापस पिता के पास रह रहा था। पिता फेरी लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। चाचा का कहना है कि जिस मकान के सामने शव मिला है, उसी घर के लोगों पर उन्हें शक है। प्रत्यक्षदर्शी ऋतिक ने बताया कि उन्होंने सुबह देखा कि बच्चा खून से लथपथ पड़ा है और कुछ कुत्ते उसके पास मौजूद थे। उनका दावा है कि उनके पालतू कुत्ते ने बच्चे को नहीं काटा, बल्कि खून पहले से गिरा होने के कारण उसके मुंह पर खून लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस और फ़ोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। थाना पुलिस का कहना है कि अभी यह कहना जल्दबाजी होगी कि मामला हत्या का है या जानवर के हमले का। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बनी हाशिम ताबूत की जियारत कराई जायेगी

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** शहर के मोहल्ला कटरा स्थित मीर मासूम अली इमामबाड़े में शनिवार 6रब्बी-उल-अव्वल की अलविदाई जुलूस व 18 बनी हाशिम ताबूत की ज़ियारत कराई जायेगी। जुलूस से पहले शायर व हिंदुस्तान के मशहूर मौलाना सय्यद बिलाल काज़मी मजलिस को संबोधित करेंगे। उसके बाद जीनतुल अज़ा आलमपुर, पासदराने कर्बला लखनऊ, गुंचाये अब्बासिया, गुलामे अस्करी शहर की अंजुमने नोहखवानी व सीनाजनी करेगी। उक्त जानकारी नदीम अब्बास रिज़वी ने बताया कि ये प्रोग्राम कई वर्षों से होता आ रहा है, जिसमे गैर जनपद व जिले की अंजुमने हिस्सा लेती है।

प्रोग्रम के दौरान कर्बला के शहीदों की ताबूत की ज़ियारत कराई जायेगी और जीशान आज़मी नकाबत और उस्ताद शायर कशिश सडीलवी निजामत करेंगे। नदीम अब्बास ने सभी मोमिनो से पबंदिये वक्त पर पहुचने की अपील की है।

## युवाओं को तकनीकी ज्ञान से जोड़ने के लिए टैबलेट बहुत जरूरी : उर्विजा दीक्षित

- सूरज ज्ञान महाविद्यालय में छात्र, छात्राओं को वितरण किए गए टैबलेट

**कोंच (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना अंतर्गत सूरज ज्ञान महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, जेडीसी बैंक उरई के सभापति, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बृजभूषण सिंह मुन्नू, बार संघ महामंत्री एडवोकेट दीपक मिश्रा, भाजपा नगर उपाध्यक्ष मनीष नगरिया की गरिमामयी उपस्थिति रही वही महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष मिश्रा ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवम स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने कहा कि युवाओं को तकनीकी ज्ञान से जोड़ने के लिए टैबलेट का वितरण उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किया जा रहा है। आप सभी इस टैबलेट का सकारात्मक दिशा में उपयोग कर अपने कैरियर को उन्नत बनाये। जेडीसी बैंक के सभापति बृजभूषण सिंह मुन्नू ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका सुनिश्चित करने का आवाहन किया। आभार प्रभारी प्राचार्य डॉ आशुतोष मिश्रा ने ज्ञापित किया जबकि कार्यक्रम का संचालन रोहित राठौर ने किया। इस मौके पर डा. सुनील मुदगिल, मनोज पटेल, नीरज सोनी, अनिल यादव, अखिलेश यादव, मुकेश कुमार, आशुतोष पटेल, बृजेन्द्र यादव, पवन यादव, खुशनुमा परवीन, श्रृष्टि यादव, राजकुमार राठौर लोग मौजूद रहे।

## कांग्रेस ने मुख्यमंत्री से की इस्तीफे की मांग

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



उ.प्र. में विगत आठ साल के योगी शासनकाल में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। अगर हम कहें कि उ.प्र. अपराध प्रदेश बन गया है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। एनसीआरबी के ऑकड़ों के अनुसार उ.प्र. में महिलाओं और दलितों के साथ अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। यह बात कांग्रेस कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने पत्रकारों से बातकरते हुए कही।

पत्रकारों से बात करते हुए कांग्रेस शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने कहा कि इतना ही नहीं जो सामाजिक अपराध ख़त्म से हो गये थे वह भाजपा के शासन काल में फिर से होने लेगे हैं, जैसे दलितों की बारातों पर हमला, उन्हें घोड़ी पर न चढ़ने देना और तो और अब दबंग उन्हें अपने इलाकों से निकलने देना भी नहीं चाहते। पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है।

पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा कि हिंदुओं के नाम पर राजनीति करने वाली भाजपा सरकार में आज हिंदू सबसे अधिक प्रताड़ित है। दलित महिलाओं और बच्चियों के साथ बलात्कार के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। अपराधियों में कानून का डर ख़त्म सा हो गया है। शर्मनाक स्थिति यह है कि मुख्यमंत्री जी जाति और धर्म देखकर अपराधियों की पहचान करते हैं। जिला प्रवक्ता प्रेरणा ज़ुबैरी ने बताया कि पिछले एक महीने में जनपद में सैकड़ो ऐसी आपराधिक घटनाएं हुई हैं जिनके विरुद्ध या तो कार्रवाई नहीं हुई। और यदि कार्रवाई हो भी गई है तो उसका परिणाम शून्य ही रहा है। वार्ता में पीसीसी मेंबर कोमल सिंह कुशवाहा, प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी, प्रदीप द्विवेदी एवं अनुराग कर्ण आदि उपस्थित रहे।

### मतदाता सूची में सामने आई लापरवाही सात बीएलओ का रोका गया वेतन



**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** आगामी पंचायत चुनाव की तैयारियों के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण में लापरवाही बरतने का मामला सामने आया है। तहसील प्रशासन ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई करते हुए सात बीएलओ का वेतन रोक दिया है। निंदूरा ब्लॉक के पांच और फतेहपुर ब्लॉक के दो कर्मचारियों के खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। निंदूरा ब्लॉक से शिवकांत, सरोज कुमार, गीता मौर्य, शकील अहमद खान और सुदामा शामिल हैं। फतेहपुर ब्लॉक से रमेश चंद्र और प्रकाश श्रीवास्तव के वेतन पर रोक लगाई गई है। तहसीलदार वैशाली अहलावत ने सभी संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। उन्होंने इस मामले की जानकारी जिला अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र के माध्यम से दी है। तहसीलदार ने चेतावनी दी है कि कर्तव्य में लापरवाही करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

## अनुसूचित जाति आबादी में लगे यूकेलिप्टस के पेड़ों को लगाने वाले दलित ने काटा तो प्रधान ने जब्त की लकड़ी

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय तहसील व कोतवाली स्थित ग्राम पंचायत जुरौंडॉ में दलित उत्पीड़न का मामला प्रकाश में आया है। जुरौंडा गांव की शान्ती देवी संजू और उनके पति राजकुमार ने आरोप लगाया है कि प्रधान पति अवधेन्दु प्रताप सिंह के द्वारा किया जा रहा है। प्रधान पति ने उत्पीड़न और धोखे से हड़पे गये यूकेलिप्टस के बोटें तथा खेत में पड़ी लकड़ी पंचायत भवन में रखवा ली और अब वह लकड़ी के बोटे पंचायत भवन से गायब हो चुके हैं। शांति देवी ने जनसुनवाई ऐप पर आन लाइन शिकायत भेजकर मामला पंजीकृत कराये जाने की पीड़िता ने मांग की है।

पीड़ित दलित महिला और उनके पति ने पत्र मे और मौखिक रुप से कहा है कि मेरे ससुर बुलाकी पुत्र नत्था ने चकबंदी में मिली हरिजन आबादी की जमीन में यूकेलिप्टस के पेड़ों को लगा रखा था।उन्ही के इलाज के लिये हमने कटवाया था।वह लकड़ी बिक्री के लिये ले जा रहे थे रास्ते में प्रधान पति ने हल्का लेखपाल और दो सिपाहियों की बदौलत ग्राम समाज का धन बताकर छीन लिया था।प्रार्थिनी के साथ प्रधान पति ने गाली गलौज के साथ दुर्व्यवहार भी किया था।वह लकड़ी हल्का लेखपाल ने स्थानीय पुलिस चौकी पर प्रधान पति को यह लिखकर सौंप दिया था कि पंचायत इस लकड़ी को नीलाम करेगी यह परती की भूमि में लगे थे।तब से आज तक पीड़ित दलित नीलामी की राह ताक रही थी।यहां पर बात इतनी ही नहीं है दो ट्राली खेत में पड़ी लकड़ी को भी उठा लिया गया था।लेकिन वर्षों बीत जाने के बावजूद ऐसा तो कुछ हुआ नहीं लकड़ी हड़प हो जाने की जानकारी पर पुनः आला अधिकारियों को पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।पीड़िता ने कहा है कि बिना किसी नाप जोख के लकड़ी हड़प ली गयी यदि वह भूमि परती की है तो हरिजन आबादी कहा पर है जबकि मेरी पुश्तैनी भूमि भी वहां पर ही है फिर मेरे ससुर का तीस चालीस वर्ष के पहले से उक्त भूमि पर कब्जा था।नीलामी भी प्रत्यक्ष रुप से नहीं हुई वह कब हुई और उसका धन पंचायत के किस खाते मे कब जमा किया गया कोई विधिक कार्यवाही की भी जानकारी नहीं मिली।लकड़ी हड़पने की नीयति से प्रधान पति ने दलित महिला का उत्पीडन और खुलेआम धोखा किया है।सक्षम अधिकारियों को प्रार्थना पत्र और शपथ पत्र देने के बावजूद न्याय आज तक नहीं मिला।माननीय उच्च न्यायालय का भी स्पष्ट मत है कि पेड़ जिसने लगाया हक उसी का है।पीड़िता ने एक बार फिर मुख्यमंत्री महोदय के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

### विद्यालय छत की छात्रों से कराई गई सफाई, वीडियो हुआ वायरल



**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** बच्चो की जान की परवाह न कर जैदपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के बच्चों द्वारा कराई जा रही है विद्यालय छत की साफ सफाई कराई जा रही है।जिसका वीडियो वायरल होने अधिकारियों ने जांच कर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।जानकारी के अनुसार नगर पंचायत जैदपुर में स्थित प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार करीब 1 बजे विद्यालय की छत पर बिना सीढ़ी के लोहे की सरिया और छज्जे के भरोसे बच्चे छत पर चढ़कर कूड़े व गंदगी की साफ सफाई करते हुए दिखाई दिए।वही बच्चो से जब बात की गई तो उन्होने बताया कि बड़ी मैडम ने साफ सफाई के लिए छत के ऊपर भेजा था। जबकि सफाई देते हुए प्रधानाध्यापिका ने कहाकि किसी भी बच्चे को ऊपर नहीं भेजा गया।वही वीडियो में साफ तौर पर बच्चे छज्जे के भरोसे छत पर चढ़े हुए दिखाई दिए और साफ सफाई कर रहे थे।हालांकि इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है जांच का उचित कार्रवाई की जाएगी।

## कर्ज अदा न करने पर दो किसानों की भूमि कुर्क

- राजस्व प्रशासन व शाखा प्रबंधक की कार्रवाई से बकायादारों में मचा हड़कंप



**बेलहरा बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

तहसील क्षेत्र में किसान क्रेडिट कार्ड से दो किसानों द्वारा लोन लेकर बैंक का लोन चुकता न करने पर बड़ी कार्यवाही की गई है। बैंक कर्मियों ने शाखा के बकायेदारों की कृषि योग्य भूमि पर लाल झंडी लगाकर कुर्क कर ली है। शाखा प्रबंधक सहित तहसील कर्मियों की इस कार्रवाई से बकायादारों में खलबली मच गई है।

फतेहपुर कस्बे में स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार द्विवेदी के अनुसार इलाके के ग्राम मदनपुर निवासी गया प्रसाद पुत्र राम औतार ने वर्ष 2014 में किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से दो लाख 46 हजार रुपये का ऋण लिया था। कई सालों तक जमा न करने पर लिए गए लोन पर ब्याज सहित करीब दो लाख 73 हजार रुपए हो गए थे। वहीं इसी गांव ने निवासी ज्वाला प्रसाद पुत्र संत बख्श ने भी वर्ष 2013 में एक लाख 71 हजार लोन लिया था जो ब्याज सहित करीब दो लाख 60 हजार रुपए हो गए। दोनों बकायादारों को भुगतान के लिए नोटिस भेज कर जमा करने का अनुरोध किया गया।इसके बावजूद दोनों विलफुल केसीसी एनपीए खाताधारकों द्वारा बैंक का बकाया भुगतान ना करने पर शाखा प्रबंधक ने आरसी जारी करते हुए कुर्की के लिए तहसील प्रशासन को फाइल भेजी थी। जिसके बाद एसडीएम फतेहपुर के निर्देश पर शाखा प्रबंधक देवेंद्र कुमार द्विवेदी की अगुवाई में दोनों बकायादारों की बैंक में बंधक कृषि भूमि पर क्षेत्रीय लेखपाल व अमीन विजय कुमार,राजवंद मिश्र, सतीश सिंह,अनुसेवक संतोष,परशुराम द्वारा खेत में लगी धान की फसल में लाल झंडी लगाकर कुर्की की कार्यवाही की गई।

राजस्व प्रशासन और शाखा प्रबंधक कि इस कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप बचा हुआ है।

**सूचना**

पुत्र के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SARABJIT KAUR व जन्मतिथि 10.07.1970 अंकित हो गयी है। जबकि मेरा वास्तविक नाम SARABJEET KAUR व जन्मतिथि 01.01.1950 है। SARABJEET KAUR M/o No-4487965X, रैंक-लांस/हवलदार, नाम-अमनदीप सिंह, सिख लाई रेजीमेंट सेंटर फतेहगढ़, निवासी बस स्टैण्ड के पास, ग्राम-भोड़ीपुरा, जिला-बठिंडा, राज्य-पंजाब-151108, शपथ पत्र नंबर-46AA079455, दिनांक-29.08.2025

**सूचना**

सभी युद्ध विधवाएं/विधवाओं/विकलांग सैनिक व भूतपूर्व सैनिकों, जिन्हें दुकान चलाने का अनुभव हो, को सूचित किया जाता है कि सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ़ में विभिन्न रेजीमेन्टल दुकानों आवंटन के लिए उपलब्ध है जिसके लिए, इस सूचना के जरिये आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस सन्दर्भ में आप आवेदन पत्र पी.आर.आई. कार्यालय, सिख लाई आर सी से प्राप्त कर सकते हैं। ज्ञात रहे, आवेदन पत्र के साथ अपना बायोडाटा और जरुरी प्रमाणपत्र पी.आर.आई. कार्यालय, सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर फतेहगढ़ के पते पर दिनांक 15 सितम्बर 2025 से पहले सिख लाइट इन्फैन्ट्री रेजीमेन्टल सेन्टर के मुख्य द्वार पर रखे हुए बीड बोक्स में डालें या रजिस्टर्ड डाक करें। 15 सितम्बर 2025 के बाद कोई भी आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा। दुकानों का आवंटन उच्चत्तम बोली के आधार पर किया जायेगा।
**1.** Automobile Accessories & Repair Shop. **2.** Sports & Gift Shop. **3.** Agniveer Accoutrement Shop.

# टीबी व श्वसन रोगों पर राष्ट्रीय मंथन का आगाज

- आज के समय में टीबी का शत-प्रतिशत इलाज संभव : डॉ. राजेंद्र



**सैफई, इटावा, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय यूपीयूएमएस, सैफई में शुक्रवार को दो दिवसीय 18वां यूपीटीबीसीसी-कॉन का हुआ आगाज।

सैफई मेडिकल कॉलेज के लेक्चर हॉल में आयोजित सम्मेलन में ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन व रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ आदेश कुमार, यूपीटीबी एशोसियेशन अध्यक्ष व विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ टीबी रोग विशेषज्ञ प्रो डॉ राजेंद्र प्रसाद, नौ राज्यों के टीबी मुक्त भारत अभियान प्रभारी व केजीएमयू रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ सूर्यकांत त्रिपाठी व अन्य गणमान्य लोगों के द्वारा कार्यशालाओं का शुभारंभ हुआ, जिसमें देशभर के प्रतिष्ठित श्वसन रोग विशेषज्ञों, शिक्षकों एवं छात्रों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

डॉ. आदेश कुमार ने कहा कि कुलपति प्रो. डॉ. अजय सिंह के निर्देशन में ही इस कांफ्रेंस का आयोजन संभव हो पाया है आज आयोजित चार कार्यशालाओं ने छात्रों व संकाय सदस्यों को अमूल्य ज्ञान दिया है। उन्होंने कहा कि देशभर से आए विशेषज्ञों के अनुभवों से प्रतिभागियों को शोध एवं क्लिनिकल प्रैक्टिस में नई दिशा मिलेगी। प्रो. (डॉ.) राजेंद्र प्रसाद वरिष्ठ टीबी रोग विशेषज्ञ ने कहा कि आज के समय में टीबी का शत-प्रतिशत इलाज संभव है उन्होंने बताया कि डब्ल्यूएचओ की नई गाइडलाइन के अनुसार अब टीबी का इलाज पहले की तुलना में कम समय 6-9 महीने से घटकर 4 महीने में संभव होगा।

वर्तमान में हमारी सरकार भी इस संदर्भ में विचार कर रही है मेरा अनुमान है की हम आने वाले समय में टीबी रोगियों को बेहतर इलाज कम समय अवधि में प्रदान करेंगे। डॉ. सूर्यकांत त्रिपाठी ने कहा कि मरीज की सही जांच और पुष्टि के बाद ही टीबी का इलाज शुरू होना चाहिए। डॉ. त्रिपाठी ने बताया कि डब्ल्यूएचओ की ग्लोबल रिपोर्ट 2024 के अनुसार, भारत में टीबी रोगियों की संख्या और मृत्यु दर में अन्य देशों की अपेक्षा दोगुनी से भी ज्यादा दर से कमी आई है जिसके लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की प्रशंसा भी की है। हम माननीय प्रधानमंत्री जी के विजन को पूरा करने के लिए भारत तक टीबी मुक्त होने की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम में को-ऑर्गेनाइजिंग कमेटी उपाध्यक्ष प्रो डॉ संतोष कुमार, ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेट्र, प्रोफेसर डॉ. आदित्य कुमार गौतम कुमार, डॉ. आशीष गुप्ता डॉ. प्रशांत यादव डॉ. सोमनाथ, डॉ. नम्रता एवं सभी संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

### पौधरोपण के साथ किया गया पौधों का वितरण



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** आगा खान फाउंडेशन एवं टीसीपीएल द्वारा निन्दूरा ब्लॉक के ग्राम पर्वरभारी एवं ग्राम ताखा में निःशुल्क पौधों का वितरण किया गया। पर्यावरण और जल संरक्षण को ध्यान में रखते हुए किसानो को जागरूक किया गया। गांव से अखिलेश, गंगा राम, अरुण कुमार, हरि बक्श, शकुंतला,दयावती, संजय, दया राम, राहुल , राखी, संगीता, रामकली आदि सैकड़ो लोगों ने भाग लिया। साथ ही साथ लोगों ने रैली निकाल कर वृक्षारोपण कर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया। आगा खान फाउंडेशन की ओर से प्रमोद कुमार, पूजा सिंह एवं राज वर्मा ने सहयोग प्रदान किया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जायस जनपद-अमेठी।**

पत्रांक: 475/न.पा.प.जायस/2025-26 दिनांक- 26.08.2025

(निविदा शुद्धि पत्र)

इस कार्यालय के पत्र संख्या : 372/न.पा.प. जायस/2025-26 दिनांक 04.08.2025 द्वारा निर्गत एवं दैनिक समाचार पत्रों ''आज'' एवं 'समृद्धि न्यूज' में प्रकाशित नगर पालिका परिषद जायस की सीमान्तर्गत वार्डो की जी.आई.एस. आधारित मैपिंग, प्रापर्टी सर्वे, यू.आई.डी. संख्या आवंटन एवं ऑनलाइन कर प्रबन्धन प्रणाली अप्लीकेशन डेवलपमेन्ट कार्यो हेतु ई-निविदा में निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि 27.08.2025 को समय 5:00 बजे के स्थान पर 01.09.2025 को समय 5:00 बजे तथा निविदा की तकनीकी बिड खुलने की तिथि 28.08.2025 को समय 12:00 बजे अपरान्ह के स्थान पर 02.09.2025 को 12:00 बजे अपरान्ह तक बढ़ायी जाती है। निविदा में प्रतिभाग हेतु इच्छुक फर्मे/ठेकेदार/निविदादाता निर्धारित निविदा शुल्क व जमानत धनराशि नगर पालिका परिषद जायस के खाता संख्या :- 28070200000009 बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा जायस IFSCode-BARBOJAISBS बैंक में RTGS के माध्यम से जमा कराकर जमा रसीद की मूल प्रति अपलोड करना अनिवार्य होगा। ई-निविदा की शेष नियम व शर्ते पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार यथावत् रहेंगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद जायस
जनपद-अमेठी।

# हॉकी टूर्नामेंट में कानपुर पब्लिक स्कूल टीम ने मारी बाजी

▸ विधायक ने टूर्नामेंट का शुभारंभ कर खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर सौरिख स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभाग कर रहे खिलाड़ियों सहित सभी उपस्थित लोगों को खेल के प्रति समर्पण, उत्साह एवं जागरूकता से संबंधित शपथ दिलाई गई। विधायक कैलाश राजपूत ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इसके उपरांत उन्होंने खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों को संबोधित किया और उन्हें खेल के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम में लखनऊ से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा और सुना गया। विधायक ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन व व्यक्तित्व का विकास संभव है। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा खेलों के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी और बताया कि सरकार खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी नूर हसन, अध्यक्ष नगर पंचायत राहुल गुप्ता, निर्णायक मंडल अमित भारतीय, वेदप्रकाश, संजय मिश्रा सहित गणमान्य लोग रहे।


विधायक के साथ मौजूद हॉकी टीम

**टूर्नामेंट में कानपुर पब्लिक स्कूल ने 4-2 से हासिल की जीत**

**कन्नौज।** मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में बालक वर्ग की 14 टीमों की हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का फाइनल मैच कानपुर पब्लिक स्कूल कन्नौज और स्पोर्ट्स स्टेडियम सौरिख के मध्य खेला गया। जिसमें कानपुर पब्लिक स्कूल ने 4- 2 से जीत दर्ज की। समापन समारोह में विजयी टीम को पुरस्कार वितरित किए गए।

## विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की आरती में उमड़े भक्त

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मोहल्ला कोलियान में आकाश गुप्ता एडवोकेट और सुधीर गुप्ता (एसके किराना स्टोर) के आवास पर विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की रात्रिकालीन आरती में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भक्ति और उत्साह के साथ आयोजित इस आरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में भाजपा नगर महामंत्री व सभासद पंकज दुबे, पूर्व नगर अध्यक्ष आनंद गुप्ता, युवा मोर्चा नगर अध्यक्ष अतुल वर्मा, किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कश्यप, दीपक कठेरिया, शशांक मिश्रा और व्यापार संगठन के युवा नगर अध्यक्ष डॉ. आदित्य श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। भक्तों ने भगवान गणेश की स्तुति में भजन और आरती गाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह आयोजन स्थानीय लोगों के बीच धार्मिक उत्साह और एकता का प्रतीक बना। श्रद्धालुओं ने विघ्नहर्ता से सुख-समृद्धि की कामना की।

# खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ मना राष्ट्रीय खेल दिवस

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

भारत के महान हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती पर वीरेंद्र पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें छात्रों ने मेजर ध्यानचंद के जीवन और उनके खेल योगदान पर प्रकाश डाला। बच्चों ने प्रेरणादायी भाषण प्रस्तुत किए तथा एक लघु डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई, जिसमें उनके स्वर्णिम खेल जीवन की झलक प्रस्तुत की गई। विद्यालय परिसर में दौड़, कबड्डी, खो-खो, बैडमिंटन और फुटबॉल प्रतियोगिताओं में नेहरू हाउस, गांधी हाउस, पटेल हाउस और बोस हाउस के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों ने अपनी खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दर्शकों के उत्साहवर्धक नारों से पूरा खेल मैदान गूंज उठा। इस अवसर पर प्रधानाचार्य असीम मंसूर ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अनुशासन, तंदुरुस्ती और टीम भावना का संचार करते हैं। उन्होंने छात्रों को मेजर ध्यानचंद से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। विद्यालय के प्रबंधक विमलेश कुमार दुबे ने विजेता प्रतिभागियों और विजेता हाउस को पदक व प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं और छात्रों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी समान रूप से सक्रिय रहना चाहिए। कार्यक्रम का समापन शपथ ग्रहण समारोह के साथ हुआ, जिसमें सभी छात्रों ने प्रतिज्ञा ली कि वे सदैव सक्रिय रहेंगे, खेल भावना का सम्मान करेंगे और खेल संस्कृति को बढ़ावा देंगे।






## श्री गणेश महोत्सव में भक्ति और संस्कृति का दिखा संगम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** जय बालाजी सेवा समिति और विश्व सनातन शक्ति महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में 11वें श्री गणेश महोत्सव का भव्य आयोजन हुआ। गजानन कर दो बेड़ा पार, आज हम तुम्हें मनाते हैं... भक्ति गीतों की स्वरलहरियों के बीच भगवान गणेश की आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। मुख्य अतिथि विश्व सनातन शक्ति महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राहुल तिवारी और राज्य कर्मचारी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अंशुमान तिवारी ने भगवान गणेश की आरती उतारी। समिति ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। यश सक्सेना ने भगवान विष्णु और यशिका रानी ने मां लक्ष्मी के स्वरूप में आकर्षक झांकी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। मंच पर भजन, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। समिति के अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने सभी सदस्यों, पदाधिकारियों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। इस आयोजन में स्थानीय लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इसे यादगार बना दिया। यह महोत्सव भक्ति, संस्कृति और सामुदायिक एकता का अनुपम संगम बन रहा है।

# जेल में डीएम-एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े उपकरणों की जांच की

▸ अधिकारियों ने भोजन की गुणवत्ता की जांच कर रोटी बनाने, आटा गूथने की मशीन सहित अन्य रसोई उपकरणों की कार्यप्रणाली को भी परखा

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री व पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने अंनौगी स्थित जिला कारागार अनौगी का निरीक्षण किया। जिसमें बंदियों की परेड का अवलोकन, सुरक्षा उपकरणों की जांच, भोजन की गुणवत्ता पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बैरक एवं अहाते में बंदियों की परेड का अवलोकन कर सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान बैरकों में बंदियों के सामान की गहन तलाशी करायी। उन्होंने जेल परिसर में लगे सुरक्षा उपकरणों जैसे डोरफ्रेम मेटल डिटेक्टर, हैण्डहेल्ड मेटल डिटेक्टर, एफजी-1 पोल मेटल डिटेक्शन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे एवं अग्निशमन यंत्रों की क्रियाशीलता का भी परीक्षण किया। अधिकारियों ने पाकशाला का भी निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता की जांच की। रोटी बनाने की मशीन, आटा गूथने की मशीन सहित अन्य रसोई उपकरणों की कार्यप्रणाली को भी देखा।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जेल अस्पताल में भर्ती बंदियों से मिलकर उनका हालचाल जाना एवं चिकित्सकीय सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि बंदियों को कौशल विकास मिशन के तहत निरंतर प्रशिक्षण प्रदान किया जाए, जिससे उनकी पुनर्वास की संभावनाएं सशक्त हो सकें। इस दौरान जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुन्द, प्रभारी मुख्य कार्यालय पंकज कटियार सहित जेल प्रशासन एवं अन्य संबंधित अधिकारी रहे।



निरीक्षण के दौरान मौजूद डीएम- एसपी व अन्य

# आए दिन हो रही चोरियों से लोगों में दहशत

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

नगर व ग्रामीण क्षेत्र में आए दिन हो रही चोरियों से लोगों में दहशत व्याप्त है। असालत नगर स्थित एक बंद पड़े घर से चोर हजारों रुपए की नगदी सहित गृहस्थी का जरूरी सामान चोरी कर ले गए। ग्राम मुईया नगला में चोरों ने सोने के आभूषण तथा हजारों की नगदी सहित गेहूं चोरी कर लिए नगर से लगे असालत नगर में देवी मंदिर के पास निवासी जयप्रकाश पुत्र तेजराम तिवारी ने बताया कि चार दिन पूर्व वह घर में ताला डालकर अपने पैतृक गांव लुकुटपुर थाना किशनी गए हुए थे। शुक्रवार को वापस लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा तथा अंदर सामान बिखरा पड़ा देख दंग रह गए। उन्होंने बताया कि घर में घुसे चोर 30 हजार की नगदी सहित टीवी, पंखा, सिलेंडर, एसी सहित गृहस्थी का अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। उधर ग्राम मुईया नगला में चोरों ने अनिल यादव के घर को निशाना बनाया।

यहां से चोर 20 हजार रुपये नकद, सोने की चेन, झाले, अंगूठी, पायल, कमरपेटी और 10 बोरी (5 क्विंटल) गेहूं चोर चुरा ले गए। घटना के समय अनिल और उनका परिवार छत पर सो रहा था। सुबह नीचे उतरने पर बिखरा सामान और टूटी अलमारी देख उनके होश उड़ गए। 112 नंबर पर कॉल किया। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों में चोरी की घटनाओं से दहशत है और पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की जा रही है।

# नौनिहालों ने खेल प्रतियोगिताओं में दिखाया दम-खम

**राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर विद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अलीनगर, जलालपुर सरवन में दौड़, ऊंची कूद, लंबीकूद, जेवलिंग, चक्का फेक, खो - खो, कबड्डी इत्यादि विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। बालिका वर्ग में पलक ने दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, जेवलिंग एवं चक्का फेक में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही बालक वर्ग में वंश ने उक्त प्रतियोगियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अबधनारायण ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी जगत में अपनी अमित छाप छोड़ने वाले एवं अपने भारत देश को कई बार गौरव के शिखर तक पहुंचाने वाले भारत एवं विश्व हॉकी जगत के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद्र जी के जन्मदिवस के अवसर प्रतिवर्ष 29 अगस्त को मनाया जाता है। इनके नाम पर ही खेल जगत में आजीवन उपलब्धि के लिए भारत सरकार के द्वारा सर्वोच्च खेल रत्न पुरस्कार मेजर ध्यानचंद्र खेल रत्न पुरस्कार दिया जाता है। इस दिन विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन करके खेल संस्कृति को बढ़ावा दिया जाता है। इस दौरान समस्त स्टाफ़ रहा।


प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता छात्र

# हत्या के मामले में पत्नी और प्रेमी को आजीवन कारावास

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

जनपद में भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत पहली बार किसी मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। यह सजा थाना सौरिख क्षेत्र में पंजीकृत एक सनसनीखेज हत्या के मामले में दी गई, जिसमें मृतक के पिता ने अपनी पत्नी और उसके प्रेमी पर पुत्र की हत्या का गंभीर आरोप लगाया था।

थाना सौरिख क्षेत्र निवासी वादी धर्मेन्द्र गिहार ने 31 जुलाई 2024 को अपनी पत्नी सोनी गिहार और उसके प्रेमी गुड्डू गिहार (उर्फ शिवशंकर) के विरुद्ध अपने पुत्र की हत्या के सम्बन्ध में मामला पंजीकृत कराया था। विवेचना उपरांत पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे) कोर्ट-3, कन्नौज द्वारा दोष सिद्ध पाए गए अभियुक्त गुड्डू उर्फ शिवशंकर पुत्र रामप्रसाद उर्फ चंदेला, निवासी ग्राम जमाली नगला, सौरिख, सोनी गिहार पत्नी धर्मेन्द्र गिहार, निवासी अंबेडकर नगर, सौरिख, को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 30,000/- के अर्थदंड से दंडित किया गया। यह निर्णय बीएनएस कानून के अंतर्गत जनपद में प्रथम आजीवन कारावास की सजा के रूप में दर्ज हुआ है। जो उत्तर प्रदेश पुलिस और न्यायिक प्रणाली की गंभीरता तथा त्वरित न्याय की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# साइबर जागरूकता के लिए बच्चों के माध्यम से अनूठी पहल

▸ मोबाइल बनेगा चोर क्विज प्रतियोगिता

छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।

साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जागरूकता ही बचाव है के नारे के साथ माई सिटी माय रिस्पांसिबिलिटी (एमसीआर) मुहिम के तहत एक अनूठी पहल शुरू हो रही है। उड़ान संस्कारशाला और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म जरूरत ऐप के सहयोग से 'मोबाइल बनेगा चोर' नाम से साइबर वर्ल्ड अवेयरनेस क्विज कंपटीशन का आयोजन सितंबर में किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में साइबर सेल पुलिस कन्नौज और भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सहयोग से लगभग 15,000 बच्चे हिस्सा लेंगे। एमसीआर ग्रुप के संचालक गौरव त्रिपाठी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी सुरेंश मलिक को योजना की जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता निःशुल्क होगी। बच्चे घर बैठे ऑनलाइन सवालों के जवाब देंगे, और सही जवाब देने वालों को स्कूलों में पुलिस प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता तीन चरणों में होगी पहला चरण छिबरामऊ, दूसरा कन्नौज, और तीसरा तिर्वा तहसील के स्कूलों में आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष राज शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन ठगी के मामले बढ़ रहे हैं, जिसमें भोले-भाले व्यापारी और बच्चे शिकार बन रहे हैं। ऑनलाइन गेम्स और हैकर्स द्वारा भेजे गए लिंक्स बच्चों को लुभाते हैं, जिससे अनजाने में वे साइबर चोरी का हिस्सा बन जाते हैं। यह प्रतियोगिता बच्चों को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करेगी, ताकि वे अपने अभिभावकों को भी शिक्षित कर सकें। इस पहल से न केवल बच्चों में जागरूकता बढ़ेगी, बल्कि समाज में साइबर अपराधों के खिलाफ एक मजबूत सुरक्षा कवच तैयार होगा।



# अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में बैठक कर जनता की सुनीं समस्यायें

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।

शासनादेश के अनुसार अधिकारियों ने ग्राम पंचायत में बैठक कर जनता की समस्याएं सुनीं तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत ललई में शुक्रवार को उच्च अधिकारियों के निर्देशन में सहायक विकास खंड अधिकारी ने ग्राम सचिव के साथ जाकर जनता की समस्याएं सुनीं। वहीं लोगों को शासन की योजनाओं के बारे में बताया। सहायक विकास अधिकारी सुखदेश कुमार ने बताया की शासनादेश के अनुसार जो भी योजनाएं आम जनमानस को दी जाने वाली हैं वह धरातल पर लाने का कार्य किया जाएगा। सहायक विकास अधिकारी तथा ग्राम पंचायत अधिकारी कामता प्रसाद पटेल ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उन पर अमल करने की बात कही तथा बताया कि ग्राम पंचायत के स्तर से जो भी मूलभूत सुविधाएं दी जाने वाली हैं वह जनता को मुहैया कराई जायेंगी। जिसमें कूड़ा कलेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास तथा अन्य कई योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर सहायक विकास खंड अधिकारी सुखदेव सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी कामता प्रसाद पटेल, पंचायत सहायक उपकार मणि तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री व समूह की महिलाएं व ग्रामीण मौजूद रहे।


बैठक के दौरान मौजूद ग्रामीण, आंगनवाड़ी कार्यकत्री व समूह की महिलायें

# रस्सीकूद में छात्रा सुमेधा सिंह, देवांगी व अंजलि रही अव्वल

▸ हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर हुआ खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।

राजकीय महिला महाविद्यालय बांगर में मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर प्राचार्या रीतू सिंह की अध्यक्षता में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं को मेजर ध्यानचंद की डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। इसी श्रृंखला में डॉक्यूमेंट्री फिल्म पर आधारित मौखिक प्रश्नोत्तरी का आयोजन हुआ। क्रीड़ा प्रभारी पी पी यादव ने खेल के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। प्राचार्या ने छात्राओं को खेल स्पोर्ट्स स्पिरिट को आत्मसात करना, प्रतिदिन की दिनचर्या मे खेल कूद को शामिल करना और खेलकूद, व्यायाम, ध्यान, योग आदि शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहन हेतु संकल्प दिलाया गया। तत्पश्चात खेल प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा दिखाते हुए छात्रा कशिश ने प्रथम, द्वितीय दीपशिखा व छात्रा, देवांगी पाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके बाद आउटडोर गेम में रस्सी कूद में छात्रा सुमेधा सिंह ने प्रथम, देवांगी पाल ने द्वितीय, अंजलि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डॉ नेहा मिश्रा एवं नूपुर उपाध्याय ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।




## विद्युत बिल न जमा करने वाले 33 बकायेदारों के कनेक्शन कटे

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर के बाईपास रोड पर विद्युत विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने बकाया बिल न चुकाने वाले 33 उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन काट दिए हैं। नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा ने बताया कि यह कार्रवाई बिजली विभाग द्वारा बिल जमा न करने वाले बकायादारों के खिलाफ की गई है। उन्होंने कहा कि नगर में 10,000 से अधिक बकायेदार हैं। आज की कार्रवाई में 33 घरों के बिजली के पोल से केबिल को खोल दिया गया है। गोपाल मिश्रा ने सभी उपभोक्ताओं से बिजली बिल समय पर जमा करने की अपील की है। इस कार्रवाई से बकायादारों में हड़कंप मच गया है। कार्रवाई के दौरान नोडल अधिकारी गोपाल मिश्रा के साथ वीर सिंह, प्रदीप कुमार, प्रमोद कुमार, गौरव सिंह और प्रदीप यादव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

# पुलिस ने बदमाश के पैर में मारी गोली, तमंचा बरामद

इटावा, समृद्धि न्यूज।

फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र की न्यू टीचर्स कॉलोनी में रील बनाने को लेकर हुई फायरिंग और पथराव की सनसनीखेज घटना का मुख्य आरोपी आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गया। गुरुवार को ईटगांव इलाके में हुई पुलिस मुठभेड़ में प्रशांत यादव उर्फभूरा घायल हो गया। पुलिस की जवाबी फायरिंग में उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई है। बीते मंगलवार को दो गुटों के बीच हुए विवाद के बाद जमकर फायरिंग और पथराव हुआ था। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही जिले में हड़कंप मच गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने एसओजी, सर्विलांस और फ्रेंड्स कॉलोनी पुलिस की संयुक्त टीम को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। पुलिस को गुरुवार को सूचना मिली कि प्रशांत यादव कहीं भागने की फिराक में है।

इस पर पुलिस ने ईटगांव इलाके में रेलवे लाइन के पास चेकिंग शुरू की। तभी आरोपी वहां पहुंचा और पुलिस ने उसे रोकने का प्रयास किया। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग कर दी।

# इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत सरकार की छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच पैदा करने की मंशा को पलीता लगा रहा शिक्षा विभाग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।

▸ 10 अनुदानित, 208 वित्तविहीन, 26 सी.बी.एस.ई. बोर्ड के स्कूलों से नहीं हुए कोई पंजीकरण

▸ सी.आई.सी.एस.ई. को दो विद्यालयों में एक भी छात्र की पंजीकरण सूचना शिक्षा विभाग में नहीं आयी

शिक्षा विभाग की सर्वाधिक महत्वपूर्ण इंस्पायर अवार्ड योजना के जरिये सरकार की छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक वैज्ञानिक सोच पैदा करने की मंशा को खुद शिक्षा विभाग ही पलीता लगा रहा है।

इस योजना के अंतर्गत कुछ नया करने की इच्छा (नवाचार) रखने वाले कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों का पंजीकरण होना है। जिससे बाल विज्ञानी तैयार किये जा सकें। परन्तु विगत 26 दिनों में आठ राजकीय, दस अनुदानित प्राइवेट स्कूलों में इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत एक भी छात्र का पंजीकरण नहीं कराया गया है। जानकारी के मुताबिक जिले के सभी माध्यमिक विद्यालयों से नियमानुसार पांच-पांच बच्चों का पंजीकरण कराने की जिम्मेदारी शिक्षा विभाग के आलाधिकारियों की है। माध्यमिक शिक्षा विभाग, सी.बी.एस.ई. एवं सी.आई.सी.एस.ई. बोर्ड से संचालित सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को इंस्पायर अवार्ड योजना के तहत कक्षा 6 से 12 तक के बच्चों में नवाचार करने वाले पांच-पांच का चयन कर पंजीकरण कराना है।

इस हेतु 01 अगस्त को प्रधानाचार्यों को आदेश दिया गया था। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तहत जिले में दस राजकीय, 63 सहायता प्राप्त, 208 वित्तविहीन, 26 सी.बी.एस.ई. और इन सभी से 5-5 छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन होना है।

26 अगस्त तक 63 अनुदाति विद्यालयों में से 53, 10 राजकीय स्कूलों में से 02 विद्यालयों जी.आई.सी.भटासा और दीन दयाल मॉडल स्कूल रोशनाबाद से 10 छात्रों का पंजीकरण हुआ है। 10 अनुदानित, 208 वित्तविहीन स्कूलों के अलावा सी.आई.सी.एस.ई. को दो विद्यालयों में एक भी छात्र की पंजीकरण सूचना शिक्षा विभाग में नहीं आयी। पंजीकरण न कराने वाले विद्यालयों को शिक्षा विभाग द्वारा नोटिस देकर जवाब मांगा जायेगा।

# पांच हजार से अधिक की बकायेदारी होते ही काटी गई बिजली

कालपी,जालौन समृद्धि न्यूज।

▸ स्मार्टमीटर लगने के बाद लापरवाह विद्युत उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

पांच हजार से अधिक के विद्युत बकायेदारों के स्मार्ट मीटर से ही ऑनलाइन डिस्कनेक्श होने से बिजली गुल हो रही हैं। बकाया भुगतान करने पर ही कनेक्शन जोड़ने की कार्यवाही होगी। उप खंड अधिकारी धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि स्मार्ट मीटर में कई प्रकार की खूबियां हैं, उन्होंने बताया कि नगरीय क्षेत्र में 8 हजार घरेलू कनेक्शन धारियों में से प्रथम चरण में 6 हजार जगह कार्यदायी संस्था के द्वारा स्मार्ट मीटर स्थापित कर दिए गए हैं। जिन उपभोक्ताओं के द्वारा विभाग का 5 हजार से अधिक का बकाया धनराशि होगी तो स्मार्ट मीटर से ही ऑनलाइन डिस्कनेक्शन हो जा रहा है। वर्तमान अगस्त महीने में एक सैकड़ा बकायेदारों के स्मार्ट मीटर ऑनलाइन डिस्कनेक्शन हो गए।

उन्होंने बताया कि जो उपभोक्ता अपनी बकाया धनराशि को जमा करके रसीद प्राप्त कर लेंगे रसीद के अपडेट होते ही आगरा मुख्यालय से ऑनलाइन तरीके से कनेक्शन जुड़ जाएगा। उपखंड अधिकारी ने बताया कि कनेक्शन विच्छेद तथा ऑनलाइन जोड़ने का चार्ज भी 700 रुपये अतिरिक्त उपभोक्ता के बिल में जुड़ जाएगा।

# गणेश महोत्सव पर विवाद की आशंका, समिति ने थाना अध्यक्ष पर लगाए आरोप

- विधायक, सांसद और जिला अध्यक्ष भी पहुंचे जिलाधिकारी से मिलने
- डीएम बोले, सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ की जायेगी कठोर कार्यवाही


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते पदाधिकारी

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

गणेश महोत्सव को लेकर कस्बे में विवाद की आशंका जताई जा रही है। श्री गणेश सेवा समिति कमालगंज ने जिलाधिकारी को पत्र देकर अवगत कराया कि कस्बे में धूमधाम से आयोजित हो रहे गणेश महोत्सव में असामाजिक तत्व माहौल बिगाड़ने की कोशिश कर रहे हैं।

समिति ने पत्र में तीन प्रमुख बिंदु उठाए हैं, जिसमें थाना अध्यक्ष राजीव कुमार पर आरोप लगाया गया कि उन्होंने समिति को किसी प्रकार का सहयोग नहीं दिया और आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था की अनदेखी की। कस्बे में कुछ असामाजिक तत्व धार्मिक कार्यक्रमों में बाधा डाल रहे हैं। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालकर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है।

जिससे साम्प्रदायिक तनाव फैलने की संभावना है। समिति की इस शिकायत में जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, सांसद मुकेश राजपूत और भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा भी समिति के साथ मौजूद रहे और उन्होंने प्रशासन से उचित कार्रवाई की मांग की।समिति व जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि महोत्सव के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जाए और माहौल बिगाड़ने वाले तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाए। जिस पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी द्वारा गणेश सेवा समिति को आश्वासन दिया गया कि कार्यक्रम में किसी भी तरीके का कोई भी विघ्न नहीं डाल पाएगा एवं समाज में सौहार्द बिगड़ने वालों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करके उन्हें जेल की हवा खिलाई जाएगी। इस दौरान गणेश सेवा समिति के उपाध्यक्ष सतीश चंद्र, कोषाध्यक्ष सौरभ चौरसिया, अनुभव गुप्ता, शिव कुमार गोयल, राघव शुक्ला, महेंद्र पाठक, प्रबल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# चलती ट्रेन में चढ़ते समय वृद्धा का पैर फिसलने से मौत


रोती बिलखती मृतका की पुत्री

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

चलती ट्रेन में चढ़ते समय वृद्धा का पैर फिसल गया। जिससे ट्रेन की चपेट में आने से वृद्धा की मौत हो गयी। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर क्षेत्र के मोहल्ला शाक्य नगर निवासी रेशमा देवी उम्र 60 वर्षीय गुरुवार को अपनी बेटी रेखा व पूनम को साथ लेकर कायमगंज लक्ष्य हॉस्पीटल से दवा लेने आई थी। दवा लेकर वह अपनी बहन के यहाँ शिवरई बरियार थाना कायमगंज चली गई। रात को रेशमा देवी की बहन ने रोक लिया था। शुक्रवार की सुबह अपने घर वापस जाने के लिए रेशमा देवी अपनी दोनो बेटियों को साथ लेकर समय 7:45 बजे कायमगंज रेलवे स्टेशन पर पहुँची। जहाँ उन्हें फर्रुखाबाद से कासगंज जाने वाले एक्सप्रेस गाड़ी मिली। चलती ट्रेन में चढ़ते समय अचानक रेशमा देवी का पैर फिसल गया और ट्रेन की चपेट में आकर उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जिसकी सूचना स्टेशन मास्टर जयचन्द्र मीणा ने जीआरपी पुलिस को दी। मौके पर पहुँचे जीआरपी प्रभारी रामकेश ने जाँच पड़ताल कर मृतका के शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतका का एक 27 वर्षीय पुत्र शिवम, 24 वर्षीय पुत्री पूनम व 29 वर्षीय पुत्री रेखा है। जिनका घटना के बाद रो-रोकर बुरा हाल है।


ट्रैक्टर से स्टंट कर रहे युवा

## रील बनाने के चक्कर में मौत से सौदेबाजी कर रहे स्टंटमैन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** इसे रील का खुमार कहें या मौत से सौदेबाजी, ट्रैक्टर से हवा में करतब के हैरतअंगेज वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार आजकल युवक रील बाजी के चक्कर में जानलेवा स्टन्ट करने से भी नहीं चूक रहे हैं। उपरोक्त वीडियो नवाबगंज थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा रहा है कि दो ट्रैक्टरों को रस्सी से बांधकर उनके चालक सड़क पर खींच रहे हैं। हालांकि वायरल वीडियो की सृमद्धि न्यूज पुष्टि नहीं करता है। सूत्रों के अनुसार बताया जा रहा है कि यह वीडियो नवाबगंज के मोहम्मदाबाद मार्ग के दुनाया रोड का है। जहां आए दिन युवक ट्रैक्टर लेकर पहुंचते हैं और हवा में जानलेवा स्टंट करते दिखाई देते हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया अकाउंट पर वायरल किए गए हैं। वहीं इस मामले पर नवाबगंज थाना अध्यक्ष को कोई जानकारी नहीं है।

# मेजर ध्यानचंद्र के जन्मदिवस पर खेल दिवस का हुआ आयोजन

- खेल की कई प्रतियोगिताओं का किया गया आयोजन


मौजूद विद्यालय की प्रबंधिका, विजेता बच्चे व प्रधानाचार्य आदि

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान कायमगंज में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें खेलकूद की कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

शकुन्तला देवी शिक्षण संस्थान के प्रांगण में मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में खेल दिवस बेहद उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विद्यालय की प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल रहीं। प्रतियोगिता की शुरूआत छात्राओं ने खो-खो मैच खेलकर की। यह मैच जूनियर और सीनियर वर्ग के बीच खेला गया। जिसमें जूनियर वर्ग की छात्राएं विजयी रहीं। इसके बाद गोला फेंक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में आयोजित की गयी। जिसमें पहला वर्ग सब जूनियर कक्षा 6 से 8 तक व जूनियर वर्ग कक्षा 9 से कक्षा 12 तक व सीनियर वर्ग में बीए प्रथम से बीए तृतीय वर्ष तक रहे। उसके बाद छोटे बच्चों की दौड़, बाल्टी दौड़, रिंग दौड़ आदि प्रतियोगिता करायी गयी।

इन प्रतियोगिताओं में सबसे रोचक जूडो प्रतियोगिता रही। जिसमें 40 किलो में जाह्नवी, 57 किलो में कोमल और जाह्नवी तथा 48 किलो वर्ग में प्रज्ञा और छवि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में आस्था ने प्रथम, अनुष्का ने द्वितीय व निधी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बाल्टी दौड़ प्रतियोगिता में भानू सिंह प्रथम, पवन ने द्वितीय व धीरेश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद विद्यालय की प्रबन्धिका मोनिका अग्रवाल ने खेल दिवस के विषय में बच्चों को विस्तार से बताया और विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किये।

मुख्य अतिथि प्रमोद गंगवार ने सभी विजयी हाउस की छात्राओं को बधाई दी और कहा इसी तरह लगन और निष्ठा के साथ छात्राएं विद्यालय और परिवार का नाम रोशन करें। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुतीक्षण श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान ममता सिंह, शिल्की मिश्रा, अक्षिता यादव, शोभा यादव सहित कालेज के शिक्षक, शिक्षकाएं एवं छात्राएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 अरूण पाठक ने किया।

## खेत में शौचक्रिया करने गयी युवती से रेप का प्रयास, ग्रामीणों ने आरोपी को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना नवाबगंज के एक गांव निवासी ग्रामीण की पुत्री दोपहर बाद खेतों की तरफ शौच क्रिया के लिए गई थी। वहीं थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर निवासी एक युवक ने किशोरी को खेतों में जाते देख वह भी खेत में घुस गया और किशोरी से छेड़छाड़ करते हुए बलात्कार करने का प्रयास किया। जिस पर किशोरी ने शोर शराबा किया। शोर सुनकर ग्रामीण खेत की तरफ भागकर पहुंचे और ग्रामीणों ने युवक को पकड़कर उसकी लात-घूंसों व लाठी-डंडों से जमकर पिटाई कर दी। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने 112 नंबर पर फोन कर घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची 112 नंबर पुलिस युवक को पकड़कर थाने ले आई। पिता ने थाने पहुंचकर युवक के खिलाफ तहरीर दी।

# गंगा नदी में डूबकर किशोर की मौत, परिजनों में कोहराम


गंगा में किशोर की तलाश करते ग्रामीण

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नदी में डूबकर किशोर की मौत हो गयी। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम आजाद नगर निवासी 15 वर्षीय नसीम अपने दोस्तों की साथ खेलता हुआ गंगा नदी की तट तक पहुंच गया। अचानक गहरे पानी में जाने से वह डूबने लगा। जिस पर वहां पर खेल रहे छोटे बच्चों ने देखकर नसीम के परिजनों को खबर दी। खबर पाकर नसीम के परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के साथ पानी में उतरकर नसीम को बाहर निकाला और तुरंत ही अपनी मोटरसाइकिल पर बिठाकर कमालगंज सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां पर डॉक्टर विकास पटेल एवं मानसिंह वर्मा द्वारा नसीम को मृत घोषित कर दिया गया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

## गैर इरादातन हत्या में दो को आजीवन कारावास

तीस हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम शैली रॉय ने गैर इरादातन हत्या के मामले में भोला उर्फ सुरेन्द्र पुत्र गुबरे उर्फ गोवर्धन, सर्वेश पुत्र रामकिशन निवासीगण ग्राम बझेरा थाना कमालगंज को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास से दंडित किया। बीते 17 वर्षों पूर्व थाना कमालगंज क्षेत्र के ग्राम बझेरा निवासी वीरेंद्र सिंह पुत्र रामचंद्र ने 3 नवंबर 2008 को सुबह साढ़े आठ बजे भोला से मेरा पहले झगड़ा चल रहा था। उसी रंजिश को लेकर मैं अपनी बकरी व अन्य जानवर को ले जा रहा था कि मुझे घर के पास रोककर गंदी-गंदी गालियां देने लगे। जब मैंने विरोध किया, तो लाठी-डंडों से मारने पीटने लगे। मेरे शोर मचाने पर गांव के बहुत से लोग आ गए। जिन्होंने बचाया तथा मुझे जान से मारने की धमकी दी। मारपीट से मेरे शरीर पर काफी चोटें आयीं। उक्त घटना पर पुलिस ने एनसीआर दर्ज कर ली। घायल वीरेन्द्र की उपचार के दौरान डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल में मृत्यु हो गई थी, तो मुकदमा में धारा 304 की बढ़ोतरी कर दी गई। पुलिस ने साक्ष्य गवाह के आधार पर गुबरे उर्फ गोवर्धन, भोला उर्फ सुरेन्द्र, सर्वेश के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा विचरण के दौरान गुबरे उर्फ गोवर्धन की मृत्यु हो गई थी। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता कृष्ण कुमार पांडेय, संजीव कुमार पाल की पैरवी के आधार न्यायाधीश शैली रॉय ने भोला उर्फ सुरेन्द्र, सर्वेश को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर आजीवन कारावास व पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# गणेश महोत्सव की शिकायत पर एसडीएम व एएसपी ने थाने में की बैठक

**गणेश पंडाल का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष को हर तरह से सहयोग करने के दिये निर्देश**


बैठक लेते एएसपी, एसडीएम व सीओ आदि

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

गणेश महोत्सव समिति की शिकायत पर एसडीएम तथा एएसपी ने थाने में बैठक कर गणेश पांडाल का निरीक्षण किया। इस दौरान लोगों की समस्याओं को सुना गया तथा उन्हें दिशा निर्देश दिये गये।

गणेश महोत्सव एवं वारावफात को लेकर शुक्रवार को कमालगंज थाने में बैठक की गई। जिसमें कमालगंज नगर के व्यापारी एवं गणेश सेवा समिति कमेटी के लोग मौजूद रहे। इसके अलावा वारावफाद कमेटी मौजूद रही। अधिकारियों ने कहा कि नगर में शांति व्यवस्था कायम रखें एवं सोशल मीडिया पर किसी भी तरीके की कोई अफवाह ना फैलाएं। जिससे सौहार्दपूर्ण वातावरण बिगड़े। अफवाह फैलने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी। किसी भी नागरिक को किसी भी तरीके की समस्या हो तो वह अपनी समस्या बताए, उसका निराकरण किया जाएगा। बैठक समाप्ति के बाद अधिकारियों ने थाना अध्यक्ष के साथ पैदल ही मार्च करते हुए गणेश पंडाल में पहुंचे और वहां पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया तथा थाना अध्यक्ष कमालगंज को हर तरीके से सहयोग करने के लिए निर्देशित किया।

# चोरों की आवक से मोहल्लेवासी भयभीत, ललकारने पर फायर कर हुए फरार

- गांव के किनारे बने मकान से सामान निकालकर अंदर गांव के मकान में किया शिफ्ट


दूसरे मकान में सामान शिफ्ट करते ग्रामीण

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के वार्ड गांधीनगर में चोरों के भय से लोगों ने खेतों के किनारे बने मकान से सामान मोहल्ले में अंदर बने मकान में रखवाया।

बताते हैं कि बीती रात चोरों की आहट पर ग्रामीण सक्रिय हो गये थे और लाठी-डंडा लेकर उन्हें खदेड़ना चाहा, तो चोरों ने फायर दिया था। जिससे बाद चोर फरार हो गये थे। भयभीत मोहल्लेवासियों ने पुलिस को सूचना नहीं दी थी। कस्बा के वार्ड गांधीनगर में बीती रात लगभग 2:00 बजे अज्ञात चोरों ने अनिल पुत्र श्रीपाल सिंह चंदेल के घर के बाहर की कुंडी बंद कर दी तथा संजीव शुक्ला पुत्र ओम प्रकाश शुक्ला के दरवाजे पर धक्का मारा तथा धमकाते हुए गेट खोलने को बोला। संजीव शुक्ला ने गेट नहीं खोला। साथ ही गांव के किनारे बने मकान वैभव शुक्ला पुत्र पुत्र नरेश चंद्र शुक्ला, वासुदेव शर्मा पुत्र नौरंगीलाल शर्मा, हामिद खान पुत्र शेर मोहम्मद, खुर्शीद पुत्र जहीर खान, रामकुमार शर्मा पुत्र सुंदरलाल शर्मा के मकान के पीछे खेत में खड़े चारे में हलचल हो रही थी। ग्रामीणों ने एकत्र होकर लाठी-डंडे लेकर जैसे ही शोर मचाया, तो अज्ञात बदमाशों ने फायर कर दिया। जिससे एकत्र भीड़ पीछे हो गई। जिसका फायदा उठाकर अज्ञात बदमाश मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया की सुबह तक उन्होंने पुलिस को कोई भी लिखित सूचना तथा मौखिक सूचना नहीं दी। घटनास्थल पर जो मकान गांव के किनारे बने हैं उनमें से वैभव शुक्ला ने चोरों से भयभीत होकर खेत के किनारे बने आवास से अपना सामान निकाल कर गांव के बीच में बने आवास में रखवाया। जिससे सभी ग्रामवासी भयभीत हैं। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि उनके पास ना ही मौखिक सूचना है और ना ही लिखित में कोई फायरिंग तथा चोरों की सूचना पहुंची है। उसके बाद भी मामले की जांच के निर्देश दिए गये हैं।

# जनता की सुरक्षा से समझौता क्यों, गंगा/रामगंगा पुलों का हो पुनर्निर्माण : विकास राजपूत


गंगा नदी पर चल रहा मरम्मत कार्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिले में गंगा और रामगंगा नदी पर बने पुल अब जर्जर हालत में पहुँच चुके हैं। लोहिया सेतु लगभग 5 दशक पुराना हो चुका है और उसकी निर्धारित समय सीमा भी समाप्त हो चुकी है। इसी प्रकार रामगंगा पुल भी जर्जर हो चुका है। लगातार मरम्मत कार्यों के कारण यातायात प्रभावित होता है और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। हाल ही में गंगा नदी पर बने लोहिया सेतु की मरम्मत फिर से शुरू की गई। जिसके चलते एक महीने तक बड़े वाहनों के लिए रूट डायवर्जन लागू कर दिया गया। इससे शहर और आसपास के क्षेत्रों में लंबा जाम लग रहा है और हजारों यात्री प्रभावित हो रहे हैं। भाजपा नेता विकास राजपूत ने इस गंभीर समस्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बड़ोदरा सहित देश के कई हिस्सों में जर्जर पुलों के चलते बड़े हादसे हो चुके हैं और जनहानि हुई है। फर्रुखाबाद के गंगा व रामगंगा नदी पर बने पुल भी उसी स्थिति में पहुँच चुके हैं। अब समय आ गया है कि केवल मरम्मत के बजाय इन पुलों का पुनर्निर्माण किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि राज्य और केंद्र दोनों जगह भाजपा की सरकार है। यदि जनप्रतिनिधि और प्रशासन इच्छा शक्ति दिखाएँ तो सरकार से आसानी से बजट उपलब्ध कराया जा सकता है और पुलों का पुनर्निर्माण तेजी से कराया जा सकता है। राजपूत ने प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि जनता की सुविधा और सुरक्षा को देखते हुए गंगा/रामगंगा पुलों का पुनर्निर्माण प्राथमिकता पर होना चाहिए।

## साइबर ठगी का मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गॉव लालबाग हमीरपुर खास निवासी मोहम्मद यासर अंसारी ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसे व्हाट्सएप नंबर से सोनिया नाम की आईडी से पार्ट टाइम काम का झांसा दिया गया। इसके बाद दूसरे नंबर से अनन्या नाम की आईडी से संपर्क किया गया और एक लिंक भेजकर आईडी बनाने के लिए कहा गया। लिंक खोलने पर उसे टेलीग्राम ग्रुप से जोड़ा गया। जहां विभिन्न बैंक खातों में रकम जमा कराने के लिए उकसाया गया। यासर ने बताया कि फर्जी खातों में उसने कुल 3,08,644 रुपये ट्रांसफर कर दिए। रकम वापस करने का झांसा देकर उससे लगातार और पैसे मांगे जाते रहे। जब उसने टास्क पूरा करने से मना किया तो उसका पूरा पैसा फर्जी लिंक में दिखाकर रोक लिया गया। पीड़ित ने पहले साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी, एक सप्ताह में हटायें अतिक्रमण


दुकानदार को नोटिस देते अधिकारी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज चौराहे से फर्रुखाबाद रोड पर बुधवार दोपहर बाद पहुंचे पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता राकेश कुमार, अवर अभियंता मोइनुद्दीन ने अपनी टीम के साथ चौराहे पर पहुंचकर फीता डालकर नापजोख शुरू की थी। नवाबगंज चौराहे पर सड़क के दोनों तरफ बनी दुकानों के अंदर फीता डालकर टीम ने चिन्हांकन कर निशान लगा दिए थे। नापजोख में सड़क की हद में लगभग 12 से 14 मीटर जगह पर दुकानें बनी मिलीं। टीम ने दुकानों के अंदर सड़क की जगह का चिन्हांकन कर दिया। शुक्रवार शाम पीडब्ल्यूडी टीम ने अतिक्रमण किए हुए लगभग 113 दुकानदारों को नोटिस देकर एक सप्ताह के अंदर अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया। यदि ऐसा नहीं किया तो उचित कानूनी कारवाही की जाएगी। इस मौके पर पीण्डब्ल्यूडी टीम के साथ कस्बा इंचार्ज गिरीश कुमार, एसआई हेमंत कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

# समर्पण सेवा समिति/सीपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के तत्वावधान में लगा स्वास्थ्य कैंप



कैंप में मौजूद चिकित्सक व मरीज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें 273 मरीजों का निःशुल्क परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं।

कायमगंज, कम्पिल में गत माह से क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में लोगों को प्राकृतिक आपदा व बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। इसी को देखते हुए समर्पण सेवा समिति व सीपी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के 273 मरीज का निःशुल्क उपचार व दवाइयां वितरित की गईं। नगर पंचायत कंपिल के रामेश्वर मंदिर के बाहर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का शुभारंभ रामेश्वर मंदिर के महंत आनंद गिरि, वरिष्ठ भाजपा नेत्री डॉक्टर मिथिलेश अग्रवाल, पुखराज डागा, महेंद्र राजपूत, नंदराम शाक्य, लालाराम शाक्य व डॉक्टर शिवम त्रिपाठी द्वारा किया गया। शिविर में कम्पिल नगर पंचायत से जुड़े हुए ग्राम सूरजपुर, राईपुर चिनघटपुर, दूंदेमई, अकाखेड़ा, इकलहरा, शाहपुर के अनेक मरीजों को सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, पेट से संबंधित, त्वचा से संबंधित रोगों का उपचार व निःशुल्क दवाइयां तथा बीपीए शुगर, न्यूरोए हार्ट, नाक, कान, गला व हड्डी से संबंधित मरीज को अस्पताल भेजा गया। कल 273 मरीजों को निःशुल्क दवाइयां व परीक्षण किया गया। जहां पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ0 मंगल पांडे द्वारा निःशुल्क उपचार किया गया। कैंप में निशांत गुप्ता, गोविंद सैनी, प्रदीप शर्मा, निर्मल कश्यप, अतुल शाक्य, नितिन गंगवार, गोपी सक्सेना, नितिन शाक्य, विमला सिंह सहित अनेकों कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग प्रदान किया। इसके उपरांत अन्य मरीजों को अस्पताल में आकर दिखाने की सलाह दी गई।

## मेजर ध्यानचंद्र की जयंती पर हुई खेलकूद प्रतियोगितायें


दौड़ प्रतियोगिता को झंडी दिखाते प्रबंधक सत्यप्रकाश अग्रवाल व प्रधानाचार्य

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** सीपी विद्या निकेतन इण्टर कॉलेज कायमगंज में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद्र की जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के प्रवन्धक सत्यप्रकाश अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य योगेश चन्द्र तिवारी ने हरी झंडी दिखाकर खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। खेल प्रतियोगिताओं में स्लो साइकिल रेस एवं 100 मीटर एवं 200 मी0 दौड़ का आयोजन किया गया। स्लो साइकिल रेस में अभय कक्षा 8ए, उज्जवल 8ए ने प्रथम तथा ध्रुव सिंह 8बी ने द्वितीय एवं रजनेश 8बी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मी दौड में कनिष्का 8बी तथा 200 मीटर दौड़ मे तनिष्का 8बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा तनवी कक्षा ६बी और श्रेयल कक्षा 7बी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। श्रद्धा 6बी तथा कृतिका 8बी ने क्रमश: 100 मी एवं 200 मी दौड में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी वीच विद्यालय के उप प्रधानाचार्य मनोज कुमार तिवारी, जूनियर विग्स के इंचार्ज वीर सिंह शाक्य एवं नेहा रस्तोगी, व्यायाम शिक्षक अनिकेत भारद्वाज, रवि शाक्य एवं अन्य अध्यापकगण मौजूद रहे।

# खेलो इण्डिया ने राष्ट्रीय जनता इण्टर कॉलेज को हराकर जीता हॉकी फाइनल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन खेल निदेशालय द्वारा 29 से 30 अगस्त तक जिला खेल कार्यालय द्वारा कराया जा रहा है। हॉकी के विश्व प्रसिद्ध जादूगर मेजर ध्यानचन्द के जन्मदिवस पर 14 वर्षीय बालकों की जनपद स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन स्पोर्ट्स स्टेडियम फतेहगढ़ में कराया गया। हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं टॉस कराकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल, परियोजना निदेशक अंजुम दुबे, अध्यक्ष जिला ओलम्पिक एसोसिएशन सत्यम मिश्रा, अं0का0



हॉकी प्रतियोगिता का शुभारम्भ करते डीएम

हॉकी प्रशिक्षक, हॉकी निर्णायक मण्डल एवं स्टेडियम के समस्त कर्मचारियों ने भी माल्यार्पण किया। सभी ने राष्ट्रीय खेल दिवस के बारे में अपने-अपने विचारों को रखा तथा खेलों एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के बारे में चर्चा की। साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा लाइव प्रसारण के माध्यम से फिट इण्डिया शपथ ग्रहण कराकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। हॉकी प्रतियोगिता में 08 टीमों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

पहला मैच खेलो इण्डिया सेन्टर व राष्ट्रीय जनता इंटर कालेज के बीच खेला गया। जिसमें खेलो इण्डिया सेन्टर ने 0.5 गोल के अंतर से मैच जीत लिया। दूसरा मैच जीआईसी फतेहगढ़ बी व एमआईसी फतेहगढ़ के बीच खेला गया। जिसमें जीआईसी फतेहगढ़ बी टीम ने 0.1 से विजयी प्राप्त की। तीसरा मैच राष्ट्रीय जनता इण्टर कालेज बी एवं स्टेडियम फतेहगढ़ के मध्य खेला गया। जिसमें स्टेडियम फतेहगढ़ टीम वॉकओवर देकर जनता इण्टर कालेज विजेता बना। चौथा मैच जीआईसी ए व एमआईसी बी के बीच खेला गया। जिसमें जीआईसी ए ने 0.1 से मैच जीत लिया। वहीं पहला सेमीफाइनल खेलो इण्डिया सेन्टर फर्रुखाबाद व जीआईसी बी के बीच खेला गया। जिसमें खेलो इण्डिया सेंटर ने 4.0 से विजयी प्राप्त की। दूसरा सेमीफाइनल राष्ट्रीय जनता इण्टर कालेज बी व एमआईसी बी के बीच खेला गया। जिसमें राष्ट्रीय जनता इण्टर कालेज बी ने 1.0 से मैच जीत लिया। फाइनल मैच खेलो इण्डिया सेंटर फर्रुखाबाद व राष्ट्रीय जनता इण्टर कालेज बी के साथ खेला गया। खेलो इण्डिया सेंटर ने 6.2 से मैच जीत कर विजेता बन गया। वहीं राष्ट्रीय जनता इण्टर कालेज बी उप विजेता बना। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में सत्यम मिश्रा, शबनम शाक्य, दीपक कुमार, अजय माथुर, रोहित कुमार, सुशील कुमार, वासु पाल, सुशांत गुप्ता मौजूद रहे। इस अवसर पर सुशांत गुप्ता अं0का0 ताइक्कांडो प्रशिक्षक, पूनम शर्मा अं0का0 मुक्केबाजी प्रशिक्षक, दुर्गा देवी जिम ट्रेनर के साथ आदि मौजूद रहे। 30 अगस्त को जिला स्तरीय जूनियर बालिका ताइक्कांडो एवं जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। पुरस्कार वितरण समारोह दोपहर 3:30 बजे से मुख्य अतिथि द्वारा वितरित किया जायेगा।

# जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने हासिल किये गोल्ड मेडल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मदिवस पर रेलवे रोड स्थिति एक सिनेमा हॉल में कराटे एसोसिएशन के द्वारा जिला स्तरीय प्रतियोगियों का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मिथलेश अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य योगेश तिवारी व आरके बाजपाई, जिला स्काउट गाइड मास्टर चमन शुक्ला, किशोर कल्याण बोर्ड जज सुमन राठौर, संरक्षक लालजी सक्सेना, अनुपम यादव, जिला कराटे संघ के अध्यक्ष अंजुमन कुमार दुबे रहे। कई स्कूल के लगभग 200 बच्चो ने भाग लिया। कराटे प्रतियोगिता का आयोजन कराटे संघ व जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष अंजुम कुमार दुबे ने किया। कराटे प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले प्रबल भारद्वाज, आयुष देवकर, वैभव भारद्वाज, आर्यन, अंशिका, चेतन सिंह, आर्य दुबे, वैष्णवी चतुर्वेदी, अनिकेत, आरुषि, अरब, अनन्या भारद्वाज, संजन, बृजंगना, आदित्य कुमार, आस्था व पाखी सक्सेना ने प्राप्त किया। वहीं सिल्वर मेडल प्राप्त करने वाले खिलाड़ी वीर प्रताप सिंह, अक्षत, प्रिंसेस राजपूत, गैरेज, लक्ष्य सक्सेना, सम्राट, आराध्या गुप्ता, ममता राजपूत, प्रधुममन, अनिका, नैतिक, रिद्धि, दिशा, शौर्य प्रताप सिंह, उमंग तिवारी ने प्राप्त किया। अतिथियों के द्वारा विजेता खिलाड़ियों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कोच पारस भारद्वाज व पुष्कर भारद्वाज और आरती भारद्वाज को बधाई दी। प्रतियोगिता में रेफरी की भूमिका में पुष्कर भारद्वाज, अर्पिता भारद्वाज, कृष्ण गुप्ता व जज की भूमिका में पाखी सक्सेना, उमंग, अभय मिश्रा ने निभाई। वहीं मिथलेश अग्रवाल को संरक्षक बनाया गया। उन्होंने कहा कि मैं हमेशा संघ और बच्चों की मदद करती रहूंगी। जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में गायत्री इंटरनेशनल स्कूल नियर गुड़गांव देवी ने प्रथम स्थान, पुष्कर कराटे एकेडमी ने दूसरा व मदर मेमोरियल स्कूल मोहम्दाबाद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संचालन हर्षित मिश्र ने किया।




प्रमाण पत्र दिखाते विजेता

# प्रदेश में अपराध व अराजकता का माहौल: शकुंतला देवी



वार्ता के दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में आठ साल योगी सरकार के खिलाफ कांग्रेस ने मोर्चा खोला। जिला प्रवक्ता वरुण त्रिपाठी के निवास पर पत्रकार वार्ता में शकुंतला देवी ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के आठ साल हो गये है। योगी के शासन काल में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने कहा कि अपराध प्रदेश बन गया है। एन.सी.आर.बी. के आंकड़ों के अनुसार 3020 में महिलाओं और दलितों के खिलाफ अपराध सबसे ज्यादा हो रहे हैं। पूरे देश में महिलाओं के प्रति जितने अपराध हो रहे हैं उनका 15 प्रतिशत अकेले उ.प्र. में होते है।

उन्होंने आरोप लगाया गया पूरे प्रदेश का शायद ही कोई जनपद ऐसा होगा जहां आये दिन कोई जघन्य अपराध न होता हो। इतना ही नहीं जो सामाजिक अपराध खत्म से हो गये थे वह भाजपा के शासन काल में फिर से होने लेगे हैं। जैसे दलितों की बारातों पर हमला, उन्हें घोड़ी पर न चढ़ने देना और तो और अब दबंग उन्हें अपने इलाकों में निकलने देना भी नहीं चाहते।

पूरे प्रदेश में अराजकता का माहौल है, अपराधियों में कानून का डर खत्म हो गया है। पिछले एक महीने की अगर बात करें तो हमारे जनपद में निम्न बड़ी आपराधिक घटनाएं हुई है। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था का राज खत्म हो चुका है। अराजकता कायम है। ऐसे में मुख्यमंत्री नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दें। इस मौके पर शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा, जिला प्रवक्ता वरुण त्रिपाठी, आसिफ खान, हिलाल शफीकी, धर्मेद्र शाक्य, तन्मय मिश्रा, मनोज कुमार आदि मौजूद रहे।



शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

## खेल दिवस पर भारतीय पाठशाला में प्रतियोगितायें सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष में भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में शतरंज एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य दिनेश कुमार वर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता विभिन्न वर्गो 14, 17, 19 आयु वर्ग में आयोजित की गई। अंडर-14 बालक वर्ग में शतरंज प्रतियोगिता में कुशाग्र शर्मा प्रथम स्थान, प्रियम अग्निहोत्री द्वितीय स्थान, श्रेष्ठ तृतीय स्थान पर रहे। अंडर-17 में अर्चित प्रथम, प्रिंस द्वितीय व अंकुर ने तृतीय प्राप्त किया। अंडर-19 में फाजिल ने प्रथम स्थान तथा कार्तिक ने द्वितीय स्थान स्थान प्राप्त किया। खो-खो प्रतियोगिता में आदित्य शाक्य, नैतिक, आशुतोष, कार्तिक, प्रिंस आदि छात्रों ने स्थान प्राप्त किया। शतरंज प्रतियोगिता में निर्णायक की मुख्य भूमिका देवाशीष पाठक और संजीव ने निभाई। खो-खो प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका विद्यालय के शारीरिक शिक्षक केशव कुमार गंगवार ने निभाई। इस अवसर पर पवन शर्मा एवं अखिलेश कुमार पांडे आदि मौजूद रहे।

# मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज की टीम ने बाढ़ पीड़ितों का परीक्षण कर दी दवाइयां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल की ओर से विकास खण्ड राजेपुर के बाढ़ प्रभावित ग्राम उमेदपुर, उजरामऊ में स्वास्थ्य शिविर लगाकर मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गंगापार में बाढ़ के कारण कई बीमारियां फैल रही है।

जिसकी रोकथाम हेतु समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने अपनी मेडिकल टीम भेजकर वहां के मरीजों का उपचार कराया। उजरामऊ निवासी धर्मेन्द्र यादव की सूचना पर डॉ. जितेन्द्र सिंह यादव ने संज्ञान लिया और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में अपनी




मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण करते चिकित्सक

स्वास्थ्य टीम भेजकर लोगों का उपचार कराया। शिविर के दौरान लोगों का बीपी के अलावा अन्य परीक्षण किया गया। खांसी, जुकाम, बुखार के अलावा खुजली के मरीज पाये गये। स्वास्थ्य टीम के चिकित्सकों ने परीक्षण कर दवाइयां वितरित की। स्वास्थ्य टीम में डॉ. प्रिया गुप्ता, डॉ. ऋचा अस्थाना, डॉ. मकुल कुमार, डॉ. तबरेज, डॉ. सुधांशु कुमार, डॉ. रत्नवीर सिंह, चन्द्रभान सिंह राजपूत फार्मासिस्ट आदि ने भाग लिया और स्वास्थ्य परीक्षण कर मरीजों को दवाइयां वितरित की।

## खबरें एक नजर में

### स्वास्थ्य शिविर में 865 मरीजों का परीक्षण कर दी गई दवाइयां



शिविर में परीक्षण कराते मरीज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य आयुष सोसाइटी द्वारा संचालित डॉ. विजय कुमार यादव तथा डॉ. दीप्ती त्रिवेदी की अध्यक्षता में नोडल अधिकारी डॉ. गुप्ता के द्वारा ग्राम गौटिया पश्चिमी में पब्लिक हेल्थ आउटरिच कैम्प का निःशुल्क आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन सेक्टर संयोजक सुनील सिंह द्वारा किया गया। शिविर में डॉ. शिवम गुप्ता, डॉ. गौरी शंकर लाल, डॉ. सेफाली भदौरिया द्वारा आयुर्वेदिक विधा के डॉ. मोहम्मद असलम द्वारा व यूनानी विधा के डॉक्टर सुरेन्द्र सिंह द्वारा होम्योपैथिक विधा के कुल 865 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। बाढ़ से उत्पन्न होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में खुजली, खांस, जुकाम, बुखार के सर्वाधिक मरीज पाये गये। नेत्र परीक्षण रंजीत कुमार द्वारा 103 व्यक्तियों को योग करने का वादा कराया गया। शिविर में डीपीएम विष्णु कुमार, राधा सिंह, सुनील सिंह, संतोष यादव, शिव नारायण आदि लोग मौजूद रहे।

### प्रधानाध्यापक अनिल गंगवार राज्य पुरुस्कार से होंगे सम्मानित



अनिल सिंह गंगवार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज क्षेत्र के आदर्श विद्यालय पितौरा के प्रधानाध्याक अनिल सिंह गंगवार का नाम राज्य पुरुस्कार के लिए चयनित किया गया। कायमगंज के शिक्षकों ने अनिल सिंह गंगवार का नाम चयनित होने पर उन्हें बधाई दी। शिक्षक संघ के जिला मंत्री व प्राथमिक विद्यालय मदारपुर के प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ला ने बताया कि हमारे पुराने शिक्षक साथी है और बहुत अनुभवी है। राज्य पुरुस्कार में उनका नाम चयनित होने पर उन्हें बधाई दी गई। प्राथमिक शिक्षक संघ ने अनिल गंगवार को बधाई देते हुए कहा कि यह बहुत गौरव की बात है कि कायमगंज क्षेत्र से वह राज्य पुरुस्कार के लिए चुने गये। उन्होंने अपने शिक्षण कार्य के दौरान बहुत सरल मृदुभाषा के तहत कार्य करते है। उनका चयन कायमगंज क्षेत्र के लिए यह एक उपलब्धि है। शिक्षक साथियों में खुशी की लहर है।

### आईटीआई में रोजगार मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर 30 अगस्त शनिवार को प्रातः 10 रोजगार मेले का आयोजन होगा। मेले में पांच कम्पनियां प्रतिभाग करेगी। इच्छुक अभ्यार्थी अपने बायोडाटा के साथ सुबह 10 बजे विद्यालय प्रांगण में उपस्थित होकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करें। यह जानकारी प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने दी है।

# जनपद स्तरीय कला उत्सव में 200 बच्चों ने किया प्रतिभाग

▸ विजेता मण्डल स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे प्रतिभाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कालेज फतेहगढ़ में जनपद स्तरीय कला उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह एवं जिला समन्वयक मनेन्द्र मिश्रा द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। कार्यक्रम में जनपद के विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने बताया कि कला उत्सव में 12 विधाओं की प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रत्येक विधा में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी मण्डल स्तर पर प्रतिभाग करेगा। जिला विद्यालय नरेन्द्र पाल सिंह ने कहा कि कला उत्सव से स्थानीय



प्रतियोगिता में सम्मानित होती छात्रायें

प्रतिभा को प्रोत्साहन मिलता है। माध्यमिक विद्यालयों के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों ने अद्भुत प्रदर्शन किया। इसके लिए शिक्षक बधाई के पात्र है। जिला समन्वयक मानेन्द्र मिश्रा ने छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। निर्णायक मण्डल में डॉ. सूक्ष्मा पाण्डेय, डॉ. अंजू, दीपांशी सक्सेना, अरविन्द दीक्षित, अर्पण शाक्य, चेतन भारती, नीतिका शुक्ला उपस्थित रही।

संचालन प्रवक्ता आदेश गंगवार एवं कला उत्सव नोडल गुलशन जहां ने किया। इस मौके पर प्रवक्ता सर्वेश शाक्य, मोनी चौहान, सरिता बाजपेयी, शैलजा मौर्या, मीनाक्षी, दीप्ति सिंह, गीता देवी, अर्चना गुप्ता ने सहयोग किया। कला उत्सव में जनपद के तीस माध्यमिक विद्यालयों के 200 बच्चों ने प्रतिभाग किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने आभार व्यक्त किया। जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता में पारम्परिक कहानी वाचन में मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कालेज की सीवी तिवारी व पायल विजेता रही। चित्रकला में दिव्यामी में एनएकेपी की ललिता कुशवाहा विजेता। समूह लोक नृत्य में जीजीआईसी फतेहगढ़ की श्वेता, प्रियंका, नेहा, पूजा विजेता रही। त्रियामी दृश्यकला में मदन मोहन कनोडिया की सृष्टि राजपूत विजेता रही। एकल ताल वादन में रस्तोगी इंटर कालेज के वैभव प्रजापति विजेता। एकल स्वर वादन में कनोडिया की अंशिका शुक्ला विजेता रही। समूह नाटक में कनोडिया की आन्या भारद्वाज, श्रुति राजपूत, शुभि दीक्षित, निशा राजपूत प्रथम रही। एकल शास्त्री गायन में एनएकेपी की शिप्रा गुप्ता प्रथम रही। स्थानीय शिल्प में कनोडिया की किरन सिंह उरियाल व निशा राजपूत प्रथम रही। एकल शास्त्री नृत्य में सिटी गर्ल्स इंटर कालेज की प्राची प्रथम रही।

## धूमधाम से मनाया गया बलदाऊ जी का जन्मोत्सव



बलदाऊ जी का जन्मोत्सव मनाते भक्तगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। नगर के प्राचीन मंदिर अड़तियान में भादौं शुक्ल पक्ष में बलदाऊ का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। पंडित अभय दुबे ने दाऊ जी महाराज का मंगल दर्शन के साथ पूजन किया। विद्वान पंडित शशांक मिश्रा व पंडित रमेश के द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ पूजन हुआ। यजमान अविनाश गुप्ता, कृष्णकांत गुप्ता ने पूजन किया। कृष्णावतार मिश्रा ने गंगा जल, दूध-दही, शहद, गुलाब जल से सभी भक्तों के साथ दाऊ जी का अभिषेक किया। बलदाऊ भइया जी के जन्मोत्सव में अंजली यादव, ममता यादव, प्रतिमा गुप्ता ने मंगल गीत गाकर बधाई दी। मुख्य यजमान अविनाश गुप्ता ने भक्तों को भी बधाई दी। शशिकांत गुप्ता ने दाऊ जी के जयकारे लगाये। इस मौके पर बड़ी संख्या में बृजकिशोर सिंह किशोर, ओमप्रकाश श्रीमाली, नीरज गुप्ता, राजवीर, आशुतोष मुखर्जी, हरिओम शर्मा, सतीश चन्द्र शुक्ला, सुधांशु दत्त द्विवेदी आदि भक्तगण मौजूद रहे।

# चयनित 23 चिकित्सकों को दिये गये नियुक्ति पत्र



नियुक्ति पत्र दिखाते चिकित्सक मौजूद जनप्रतिनिधि व डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद मुकेश राजपूत की अध्यक्षता व विधायक अमृतपुर, विधायक भोजपुर, जिलाध्यक्ष भाजपा व जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की उपस्थिति में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र लखनऊ के दिशा निर्देशों के क्रम में जनपद में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों में रिक्त पदों के सापेक्ष डिस्ट्रिक्ट वाक-इन इंटरव्यू के माध्यम से जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति व 05 सदस्यीय चयन समिति द्वारा 102 अभ्यर्थियों में से साक्षात्कार के लिए उपस्थिति 76 अभ्यर्थियों में से चयनित 23 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। नियुक्त डॉक्टरों में से 07 डॉक्टरों को राम मनोहर लोहिया पुरुष चिकित्सालय व 05 को महिला चिकित्सालय में नियुक्त किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी व संबंधित उपस्थिति रहे।

# गणेश महोत्सव के तृतीय दिन मेडिकल कालेज में पूजन के साथ लगाये गये फूड स्टाल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर एस.डी. सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के प्रशासनिक भवन में चल रहे सप्त दिवसीय श्री गणेश पूजा महोत्सव के तृतीय चरण में बैच-2021 के द्वारा पूजन, आरती एवं भजन संध्या के साथ विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैच 2021 फूड स्टॉल का आयोजन हुआ। जिसमें विभिन्न प्रकार के फूड आदि रखे गये। लजीज व्यंजन का गणेश महोत्सव में प्रसाद के तौर पर लुफ्त उठाया गया। सुबह 7 बजे से 8:30 बजे तक पूजन व प्रसाद वितरण हुआ। प्रातः आरती में बैच 2019 के अंशु आर्य, रुपाली, अपूर्वा, विपिन व बैच 2021 के अंकित यादव, मनोज कुमार, अमित यादव, सौरभ सिंह,



फूड स्टाल के दौरान मौजूद प्रतिभागी प्रशिक्षु

हर्षिता, कनुप्रिया, प्रियंका, सृष्टि, श्रुति, अर्चिता, प्रज्ञा पटेरिया एवं अन्य छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। देर शाम 5 बजे से 7 बजे तक आतरी व भजन संध्या, प्रसाद वितरण तथा फूड स्टाल लगाये गये।

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, इसी दौरान भगवान गजानन का भगवान शिव और परशुराम से तीन दिन तक युद्ध चला था। इस विशेष पूजन की शुरुआत शुद्धिकरण और मंगलाचरण से होती है, जिसके बाद भगवान को पंचामृत से स्नान कराया जाता है और वस्त्र, चंदन, अक्षत, पुष्प, दूर्वा, बिल्वपत्र व सिंदूर अर्पित किए जाते हैं। इस दिन गणेश जी को तुलसी अर्पित नहीं की जाती, क्योंकि एक पौराणिक श्राप के कारण यह वर्जित है। मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल के प्रशासनिक भवन विराजे भगवान गजानन के दर्शन के लिए भक्तों की काफी भीड़ लगी रहती है।

फूड स्टाल ग्रुप-1 में कनुप्रिया, धनाक्षी, सृष्टि, हर्षिता, जान्हवी ने भाग लिया। फूड स्टाल-2 में अर्चिता, श्रुति ने प्रतिभाग किया। फूड स्टाल-3 में सौरभ सिंह ने भाग लिया। फूड स्टाल-4 में अमित यादव, रोशन राजपूत, धीरज यादव ने भाग लिया। गेम स्टॉल ग्रुप में मेहताब आलम, कौशल किशोर, निखिल वर्मा, निश्चल वर्मा ने भाग लिया। साथ ही भजन संध्या ग्रुप में कुमकुम, सौम्या, अल्का रश्मी, अशिता, ज्योति, निशा, आंचल द्वारा भक्ति मय गीत प्रस्तुत किये गये। इस मौके पर मेडिकल कालेज के प्रतिभागी प्रशिक्षु मौजूद रहे।

# मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मदिन पर खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मेजर ध्यानचन्द्र के जन्मदिवस पर विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कायमगंज में हुआ। खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारम्भ प्रभारी वार्डेन रेचन कटियार द्वारा टॉस कराकर किया गया। निर्णाय की मुख्य भूमिका व खेलों का संचालन व्यायाम शिक्षक सचिन अवस्थी द्वारा किया गया। विद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में छात्राओं ने अपने-अपने सदन के अनुसार रेड हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस तथा यलो हाउस




प्रतियोगिता में भाग लेती बालिकायें

ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिताओं का परिणाम खो-खो प्रतियोगिता में ब्लू हाउस विजेता तथा रेड हाउस उप विजेता फाइनल मैच में रहा। कबड्डी प्रतियोगिता में ब्लू हाउस विजेता तथा यलो हाउस उप विजेता रहा। गोला फेंक प्रतियोगिता में जिज्ञासा प्रथम, राशि द्वितीय व राधिका तृतीय स्थान पर रही। विद्यालय के स्टाफ गार्गी सिंह, प्रियंका सिंह एवं हेमलता के द्वारा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ।

# उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की ली बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बी.एल.ए. की नियुक्ति एवं विधानसभा निर्वाचक नामावलियों निरन्तर पुनरीक्षण हेतु व मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एंव राज्जीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बूथ लेवल एजेन्टस नियुक्ति एवं निर्वाचक नामावलियों निरन्तर पुनरीक्षण के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के पुनरीक्षण हेतु सभी पोलिंग स्टेशनों के लिए बूथ लेवल एजेन्टस बीएलए अविलम्ब नियुक्त कर सूची उपलब्ध कराये जाने की



बैठक लेते उप जिला निर्वाचन अधिकारी

जानकारी प्राप्त की। राजनैतिक दलों द्वारा प्रत्येक मतदेय स्थल के लिये बूथ लेबिल अधिकारी के सहायतार्थ बूथ लेबिल एजेन्ट नियुक्त किये जा सकते हैं। राजनैतिक दल बीएलओ-1 फार्म पर अपने प्रदेश अध्यक्ष/सचिव या किसी अन्य कार्याधिकारी के माध्यम से एक या एक से अधिक जिला प्रतिनिधियों को बीएलए की नियुक्ति करने हेतु अधिकृत कर सकते हैं। प्रतिनिधियों को बीएलए-2 के हिन्दी प्रारूप की प्रति उपलब्ध करायी गयी। बूथ लेबिल एजेन्ट जिस बूथ के लिये नियुक्त किया गया है वह उस बूथ पर पंजीकृत मतदाता होना चाहिए, क्योंकि बूथ लेबिल एजेन्ट पुनरीक्षण अवधि के दौरान निर्वाचक नामावली में प्रविष्टियों की जांच करेंगे और मृत, डबल एवं स्थानान्तरित मतदाताओं की पहचान करेंगे।

निर्वाचक नामावली में अब तक परिवर्धन एवं अपमार्जित हुए मतदाताओं के आंकड़े उपलब्ध कराये गये। कोई भी सरकारी कर्मचारी या स्थानीय प्राधिकृत/ सार्वजनिक क्षेत्र इकाई का कर्मचारी बूथ लेबिल एजेन्ट के रूप में कार्य नहीं कर सकता है।

बूथ लेबिल एजेन्ट एक दिन में अधिकतम 10 फार्म तथा पुनरीक्षण अवधि में 30 फार्म बीएलओ को प्राप्त करा सकते हैं। बीएलए द्वारा बी.एल.ओ. को प्राप्त कराये जाने वाले फार्मों के साथ एक सूची भी देनी होगी। ऐसे सभी पात्र भारतीय नागरिक जो 01 अक्टूबर 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं या कर चुके हैं तथा उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है वह फार्म-6 भरकर प्रस्तुत कर सकते हैं जिसके साथ जन्म तिथि एवं पते का प्रमाण पत्र संलग्न किया जायेगा। 18-25 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले व्यक्तियों द्वारा आयु सम्बन्धी प्रमाण पत्र अवश्य संलग्न करना होगा। बैठक में बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद गौतम, सपा जिला उपाध्यक्ष सुभाष चन्द्र शाक्य, सीपीआई (एम) के सुनील कटियार, आम आदमी जिलाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह, भाजपा के जिला संयोजक चुनाव प्रबंधन मुकेश गुप्ता, कांग्रेस के जिला प्रवक्ता वरुण त्रिपाठी, अंकुर मिश्रा व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भारी मात्रा में नशीले पदार्थ के साथ युवक गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

उत्तर प्रदेश के महराजगंज जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में पुलिस और एसएसबी को एक बड़ी सफलता मिली है। बीती रात नौतनवा-ठूठीबारी मार्ग पर पड़ियातल मंदिर के पास की गई संयुक्त कार्रवाई में बरगदवा निवासी आशीष चौधरी को नशीले पदार्थों के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान बरगदवा निवासी आशीष चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की तलाशी लेने पर उसके पास से 37 बोतल नशीला सिरप, 180 इंजेक्शन और लगभग 4000 नशीली टेबलेट बरामद हुईं। इतनी बड़ी मात्रा



में नशे की दवाओं की बरामदगी ने यह साफ कर दिया है कि आरोपी किसी बड़े नेटवर्क से जुड़ा हुआ है।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, आशीष चौधरी से गहन पूछताछ की जा रही है और उम्मीद की जा रही है कि उससे और भी कई अहम जानकारियां मिल सकती हैं। प्राथमिक पूछताछ में संकेत मिले हैं कि यह नेटवर्क सीमावर्ती इलाकों तक फैला हो सकता है। अधिकारियों का कहना है कि इस अवैध कारोबार में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, जिन्हें जल्द बेनकाब किया जाएगा। बरामद नशीले पदार्थों को सील कर जब्त कर लिया गया है।

### नशे के खिलाफ लगातार अभियान जारी

एसएसबी और पुलिस की इस कार्रवाई से इलाके के लोगों ने राहत की सांस ली है। ग्रामीणों का कहना है कि नशे का कारोबार युवाओं को बर्बादी की ओर धकेल रहा था, जिस पर अब लगाम लगने की उम्मीद है। जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे लोगों को चिन्हित कर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नशे के सौदागरों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

### न्यायालय भेजने की प्रक्रिया

जिला पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे कारोबार में शामिल लोगों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। वहीं गिरफ्तार आरोपी आशीष चौधरी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। स्थानीय लोगों ने मांग की कि ऐसे अभियान गांव-गांव और स्कूल-कॉलेज स्तर तक चलाए जाएं, ताकि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाया जा सके।

# बीएसए ने 12 खंड शिक्षाधिकारियों का अग्रिम आदेश तक रोका वेतन

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय ने बेसिक शिक्षा विभाग की योजनाओं व कार्यक्रमों की गहन समीक्षा बैठक की। इसमें यू डायस समेत अनेक कार्य संतोषजनक नहीं मिलने पर सभी 12 खंड शिक्षा अधिकारियों को अग्रिम आदेश तक वेतन रोक दिया है।

इसके साथ ही 30 अगस्त तक प्रगति बढ़ाने का अल्टीमेटम देते हुए खराब प्रगति के संबंध में स्पष्टीकरण भी तलब किया है। बीएसए ने समीक्षा बैठक में खंड शिक्षा अधिकारियों से उनके ब्लाक में योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी ली। समीक्षा में पाई कि यूडायस 2025-26 के अन्तर्गत तीन माड्यूल स्कूल प्रोफाइल एंड फैसिलिटी माड्यूल में 58 प्रतिशत पेंडिंग है। वहीं टीचर माड्यूल में 48 प्रतिशत व स्टूडेंट माड्यूल में विद्यार्थियों के प्रोफाइल अपडेशन में 64 प्रतिशत की पेंडेंसी है। स्कूल प्रोफाइल एंड फैसिलिटी माड्यूल में 3470 स्कूलों के सापेक्ष 1630 स्कूलों का कार्य पूरा है। वहीं 1840 स्कूलों का कार्य लंबित पड़ा है। सबसे खराब प्रदर्शन सिसवा ब्लाक है। यहां 73 प्रतिशत पेंडेंसी रहा। फरेंदा में 64,परतावल व पनियरा में 60, लक्ष्मीपुर में 71, महराजगंज में 61,धानी में 56, घुघली में 54नौतनवा में 37,बृजमनगंज में 24 प्रतिशत पेंडिंग है। टीचर माड्यूल की समीक्षा में यह बात सामने आयी कि 2470 स्कूलों के सापेक्ष 1943 स्कूलों का ही कार्य पूरा है। वहीं 1527लंबित हैं। इसमें लक्ष्मीपुर में 64,पनियरा में 60, महराजगंज में 57,निचलौल व परतावल में 50, फरेंदा में 48, धानी में 47,सिसवा में 41 प्रतिशत लंबित हैं। विद्यार्थी डाटा इंट्री की समीक्षा में पाई कि सबसे बुरी स्थिति घुघली की है। यहां घुघली में 78,सिसवा में 74,महराजगंज में 73,निचलौल में 69, लक्ष्मीपुर में 67, परतावल व पनियरा में 61,मिठौरा में 60, नौतनवा व बृजमनगंज में 56,धानी में 54 व फरेंदा में 49 प्रतिशत लंबित है। कार्य संतोषजनक नहीं मिलने पर सभी खंड शिक्षा अधिकारियों का अग्रिम आदेश तक वेतन रोक दिया है। साथ ही 30 अगस्त तक कार्य पूरा कराने व तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण उपलब्ध कराने का नोटिस जारी किया है। बीएसए ने इसके साथ ही डीबीटी, स्कूल कायाकल्प, छात्र नामांकन, पाठ्य पुस्तक समेत अनेक योजनाओं व कार्यक्रमों की समीक्षा की। बीएसए रिद्धी पांडेय ने बताया कि दायित्वों में लापरवाही बरतने, प्रगति खराब होने पर वेतन रोका गया है। योजनाओं व कार्यक्रमों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# बाढ़ घटा पर दुश्वारियां कम नहीं हुई

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में बाढ़ से किसानों एवं ग्रामीणों को भारी निराशा हुई है। क्षेत्र में एक माह में दोबारा आई बाढ़ से जहां किसानों कि मिर्च, टमाटर, कोहड़ा आदि फसल बर्बाद हुआ। वही सड़क पर बाढ़ का पानी आने से ग्रामीणों को आवागमन में भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। गंगा का पानी हटने लगा लेकिन लोगों कि दुश्वारियां कम नहीं हुई।

बाढ़ से नुकसान हुए फसल का किसानों को नहीं मिला मुआवजा

क्षेत्र में आए बाढ़ से हुए नुकसान का मुआवजा किसानों को नहीं मिलने से किसानों में मायूसी छाई हुई है। बतादे कि अगस्त माह के प्रथम सप्ताह में आए बाढ़ से किसानों को भारी क्षति पहुंचा था। यहां खेतों में मक्का, मूंगफली,तिल्ली, उतैला, मिर्च, पपीता, मूंग, उरद,कोहड़ा, टमाटर, लौकी, परवल, करैला, बैगन आदि फसल बाढ़ में डूब गया था जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ। जिसका मुआवजा किसानों को आज तक नहीं मिला। जबकि शासन प्रशासन द्वारा निर्देश दिया गया था कि पानी हटने के



तत्काल बाद बाढ़ में डूबे हुए फसल का आकलन कर किसानों को मुआवजा दिया जाए। परन्तु बाढ़ हटने के दो सप्ताह से अधिक दिन बीतने के बाद भी किसानों के फसल कि क्षतिपूर्ति नहीं दिया गया। एसडीएम राजेश कुमार वर्मा बताया कि सर्वे का कार्य चल रहा है आज 2900 किसानों के खाते बाढ़ से हुए फसल नुकसान क्षतिपूर्ति भेजी जाएगी।

# परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग को लेकर रास्ता किया जाम

- पुलिस के उच्चाधिकारियों के द्वारा कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद आवागमन हुआ बहाल

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**

रहस्यमय परिस्थितियों में गायब चिउरहा निवासी हिमांशु चौधरी का शव गुरुवार की सायं दुबौली नहर में मिला। मामले में स्वजन ने हत्या का आरोप लगाते हुए शुक्रवार को कार्रवाई की मांग को लेकर ग्रामीणों संग जिला उद्योग चौराहे पर महराजगंज-फरेंदा मार्ग जाम किया।

इस दौरान ग्रामीणों की पुलिस से धक्का-मुक्की भी हुई।

आक्रोशित ग्रामीण पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हंगामा किया। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ सहित अन्य पुलिस कर्मी लोगों को समझाने में जुटे रहे, लेकिन आक्रोशित ग्रामीण कार्रवाई की



मांग की जिद पर अड़े रहे।

सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के चिउरहा निवासी गणेश चौधरी का 12 वर्षीय बेटा हिमांशु चौधरी 24 अगस्त की सायं गांव के प्राइमरी स्कूल के पास गो-शाला परिसर में खेल रहा था। वहीं से अचानक कहीं गायब हो गया।

स्वजन ने दिन भर और अगले दिन भी रिश्तेदारों के घर बालक की खोजबीन किया, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित को था शक था कि किसी ने बहला-फुसलाकर बेटे को कहीं भगा ले गया है। मामले में पुलिस अपहरण का मुकदमा दर्ज बालक की तलाश में जुटी थी।

गुरुवार को बालक का शव पुलिस ने दुबौली नहर से बरामद किया था। शव को देखने के बाद स्वजन आक्रोश हो गए। इसके बाद शुक्रवार की सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण जिला उद्योग चौराहे पर पहुंच गए और हंगामा शुरू कर महराजगंज-फरेंदा मार्ग जाम कर दिए।

पुलिस के काफी प्रयास के बाद भी ग्रामीण नहीं माने। इस दौरान वाहनों का आवागमन घंटों प्रभावित रहा। थानाध्यक्ष निर्भय सिंह ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही हैं। ग्रामीणों को समझाया गया है। आवागमन बहाल करा दिया गया है।

# बाइक की टक्कर से घायल वृद्ध रेफर




**राजगढ़ (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के सेमरी गांव के पास राजगढ़ चुनार टक्कर में बाइक सवार वृद्ध गम्भीर रूप से जख्मी हो गया। घायल को सीएचसी राजगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया गया। सक्तेशगढ़ पुलिस चौकी क्षेत्र के जौगढ़ गांव निवासी 60 वर्षीय शिरपत अपने बेटे के साथ गुरुवार को राजगढ़ बाजार आए थे। जहां से घर वापस जाते समय गुरुवार की रात सेमरी गांव के पास सामने से आ रही बाईक से टक्कर हो गई। हादसे में सिरपत गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। टक्कर के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायल को उसका बेटा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजगढ़ ले गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालत गंभीर देख चिकित्सक ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिए।

# ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश चतुर्थी पर स्थापित की गई गजानन की प्रतिमा



**अहरौरा (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

भगवान गणेश की प्रतिमा नगर से लेकर ग्रामीण इलाकों में स्थापित की गई है विकासखंड जमालपुर के ग्राम पंचायत मदापुर गांव में स्थित भगवान श्री गणेश का प्रतिमा गणेश चतुर्थी पर स्थापित की गई।

पंडित चंद्र मौली त्रिपाठी ने विधि विधान से मंत्रों उच्चारण कर प्रतिमा स्थापित की जहां पर ग्रामीणों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का पूजन पाठ कीर्तन सुबह-शाम सैकड़ो की संख्या में भव्य आरती का आनंद लेते हैं। जयकारों से पंडाल गुज उठता है। गणेश पूजन समिति के विश्व भूषण त्रिपाठी ने बताया कि पांच दिवसी गणेश पूजन का कार्यक्रम किया गया है अंतिम दिन भव्य भंडारे का भी आयोजन किया गया है। भव्य आरती के समय हौसला प्रसाद, विश्व भूषण, शीतला प्रसाद, विवेकानंद, माता प्रसाद, पार ब्रह्म, हीरामणि, आकाश, डम डम, किसन, कुणाल, अंश, पीहू, श्रद्धा, छोटी, डुग्गू, संगम, भानु, आदि लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम चौपाल में एडीओ पंचायत व एडीओ एसटी ने सुनी समस्याएं, दिये निदेश

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत अहुगी खुर्द व चंद्रगढ़ गांव में शुक्रवार को शासन के निर्देश पर आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ पंचायत व एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुनकर निस्तारण का भरोसा दिया है। ग्राम चौपाल में पेंशन, आवास, हैंडपम्प, किसान सम्मान निधि, शौचालय, राशन पेयजल आपूर्ति की मांग ग्रामीणों ने रखी ग्राम पंचायत अहुगी खुर्द के पंचायत भवन में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने ग्रामीणों की समस्याओ को सुना जिसमे हैंडपम्प, शौचालय आवास व वृद्धा पेंशन नमामि गंगे परियोजना की आपूर्ति के मांग की समस्या को रखा।

स्वास्थ्य विभाग के सीएचओ द्वारा चौपाल में आने वाले ग्रामीणों का ब्लड प्रेशर, सुगर की जांच किया और दवा वितरित किया। एडीओ पंचायत ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया है ग्रामीणों की मांगो को पूरा करने का




आश्वासन दिया है। ग्राम पंचायत के एक एक रजिस्टर का निरीक्षण किया चौपाल में कृषि, शिक्षा, जल जीवन मिशन के अधिकारी कर्मचारी मौजूद नहीं रहे।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत चंद्रगढ़ के पंचायत भवन परिसर में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी सुशील कुमार ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जिसमें पेंशन, आवास, हैंडपम्प प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग को ग्रामीणों ने रखी। जिसमे एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है। इसके बाद ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों का एडीओ एसटी ने स्थलीय निरीक्षण किया है। इस संबंध में एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने बताया की ग्राम पंचायत अहुगी खुर्द व चंद्रगढ़ में आयोजित ग्राम चौपाल में एडीओ एसटी ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना।

ग्रामीणों ने आवास, पेंशन, शौचालय,राशन कार्ड, हैंडपम्प मरम्मत की मांग को रखा। मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान सीएम फेलो गौरव सिंह, सचिव चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान सुनील पाल, रोजगार सेवक अनोज कुमारी आदि मौजूद रहे।

# गणेश उत्सव के अवसर पर मनमोहक भजन की प्रस्तुति ने मोहा मन



**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

नगर के सर्राफा बाजार में गणपति पूजा महोत्सव समिति द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर लगातार सातवें वर्ष गणेश भगवान कि प्रतिमा स्थापित किया गया।

वही सीखड़ ब्लाक के खैरा बाजार स्थित रामलीला मैदान में गणेश पूजा समिति द्वारा 19 वें वर्ष पंडाल में गणेश प्रतिमा स्थापित किया गया। ग्रामीणों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करने के साथ ही रात में भजन कीर्तन किया। सगणेश पूजा समिति खैर की स्थापना 2007 में हुई थी ससात दिवसीय उत्सव का शुभारंभ वेद मंत्रों के साथ हुआ। इस अवसर गणेश पूजा महोत्सव समिति द्वारा शनिवार 30 अगस्त एवं गणेश पूजा समिति खैरा द्वारा रविवार 31 अगस्त को विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर समिति के सुरेंद्र रस्तोगी, प्रदीप रस्तोगी, कान्हा रस्तोगी, अध्यन रस्तोगी, गणेश पूजा समिति खैरा के अध्यक्ष राकेश पांडेय, ज्यूत केशरी, रामु जायसवाल सहित भारी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

# पूर्व सीएम व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान





- श्यामलाल पाल ने सरकार पर साधा निशाना, बोले-भाजपा सरकार देश दुनिया से भाईचारा कर रही है समाप्त
- सपा के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के फरेंदा की धरती पर प्रथम बार आगमन पर भाग्य स्वागत किया गया। फरेंदा-महराजगंज रोड पर स्थित गुप्ता मैरेज हॉल में अपने समर्थकों के साथ पूर्व प्रमुख व सपा के वरिष्ठ नेता राम प्रकाश सिंह ने गर्मजोशी नारे के भव्य स्वागत किया।

महदेवा चौराहे पर सपा के समर्थकों ने सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकिल जुलूस के साथ गर्मजोशी भरे नारों के साथ उन्हें गुप्ता मैरेज हॉल पहुचाया। जहां पूर्व प्रमुख व सपा के वरिष्ठ नेता रामप्रकाश सिंह ने बुके व अंग वस्त्र देकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का स्वागत किया।

इसी क्रम में पूर्व सपा के मंत्री सुशील टिबडेवाल और साथ साथ अन्य प्रमुख पदाधिकायों का भी स्वागत किया गया। उसके पश्चात आयोजित कार्यक्रम में श्यामलाल पाल ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना की।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि योगी और मोदी सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार चरम पर है। उन्होंने कहा कि देश प्रदेश से भाईचारा समाप्त हो गया है। सपा प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने पुर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने युवाओं की बेरोजगारी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसानों की समस्याओं का जिक्र करते हुए उन्होंने खाद की कमी को गंभीर बताया। उन्होंने जिले में खाद की तलाश में एक चौरसिया समाज के किसान की मृत्यु का उल्लेख किया और अहैतुक सहायता का चेक भी दिया। श्यामलाल पाल ने 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सरकार बनने का दावा किया। उन्होंने घोषणा की कि सत्ता में आने पर अग्निवीर योजना में चार साल की अवधि समाप्त कर स्थायी नौकरी दी जाएगी। साथ ही महिलाओं को प्रति माह 3000 रुपये देने का वादा किया। इसके पश्चात पूर्व प्रमुख व सपा के वरिष्ठ नेता रामप्रकाश सिंह ने कहा कि जनता मंहगाई से त्रस्त है युवा रोजगार के लिए दर दर मारें फिर रहे हैं। कानून का राज्य खत्म हो गया है। अंत में उन्होंने जनता से गांव गली मुहल्लों व चौराहों पर सपा के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है।

आयोजित कार्यक्रम को पूर्व मंत्री सुशील टिबडेवाल व जिलाध्यक्ष विद्यासागर यादव, ने भी सम्बोधित किया।

इस दौरान पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता दिलीप चौधरी, धर्मेन्द्र सोलंकी डॉ राजेश यादव, इम्मितिहाज वीरेंद्र पाण्डेय अनिल सिंह विभूति नारायण पाण्डेय,देवीशरन दूबे अभय सिंह, श्रीप्रकाश यादव सहित भारी संख्या में ग्राम प्रधान व सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन बाबर अब्बासी ने किया है।

# रयपुरिया दुर्गा मंदिर में चोरों ने किया हाथ साफ

- मां दुर्गा का नथिया, टीका, हार, करधनी, मुकुट, छत्र व दानपेटी लेकर चंपत हुए चोर, सीसी कैमरे में कैद हुई वारदात

**चुनार (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के रयपुरिया गांव में स्थित दुर्गा मंदिर से लाखों का आभूषण पर चोरों ने हाथ साफकिया। जिसका सारा वारदात सीसी कैमरे में कैद हो गया।

जानकारी के अनुसार रायपुरिया गांव में गुरुवार की रात दुर्गा मंदिर पर पहुंचे चोरों ने चौनल गेट में लगा ताला को काटकर अंदर घुसे और वहां से मां दुर्गा के नाक में पहनाई गई सोने कि नथिया, कान कि बाली, मांग टीका, हार एवं चांदी की करधनी, मुकुट, छत्र आदि आभूषण व दानपेटी चोरों ने उठा ले गए। जिसका सारा वारदात सीसी कैमरे में कैद हो गया। सुबह ग्रामीणों ने मंदिर का ताला टूटा देखा और पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंची चुनार पुलिस ने मामले कि जांच पड़ताल किया। इसके बाद फोरेंसिक टीम भी मंदिर पर पहुंच कर फिंगर साक्ष्य आदि इकठ्ठा किए। ग्रामीण रामफल निषाद, अखिल कश्यप, राजकुमार, जीउत राम, शंभू नाथ, रामदुलार, अवधेश एडवोकेट, अजीत कुमार आदि ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को लिखित तहरी देकर कार्यवाई की मांग किया है।

कोतवाल रविन्द्र भूषण मौर्य ने बताया कि मंदिर से मुकुट, नथिया, बाली आदि चोरी होने कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। पुलिस टीम लगाई गई है जल्द ही चोर पकड़े जाएंगे और चोरी किया गया सामान बरामद किया जाएगा।

# बीएसए नें प्राथमिक विद्यालय खुदरा व रहसू का किया औचक निरीक्षण

**पडरौना, कुशीनगर, समृद्धि न्यूज।**

बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ रामजियावन मौर्य ने प्राथमिक विद्यालय खुदरा एवं रहसू का औचक निरीक्षण किया। प्राथमिक विद्यालय खुदुरा में प्रधानाध्यापक संजीव कुमार एवं सहायक अध्यापिका रुकैया उपस्थित मिली। बच्चों का पठन-पाठन चल रहा था एवं मिड डे मील में तहरी बनी हुई थी।

बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर मौर्य यहां बच्चों के शिक्षा की गुणवत्ता भी परखी और छोटे-छोटे बच्चों से कई प्रश्न किए जिनका छात्रों के द्वारा उत्तर दिया गया। साफ सफाई पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने संतोष व्यक्त किया जबकि कई कमरों के टूटे हुए फर्श के मरम्मत करने के लिए स्वयं के स्तर से प्रयास करने को कहा तथा भी प्रधानाध्यापक को ग्राम प्रधान से संपर्क कर इस समस्या के समाधान का भी सुझाव दिया। बीएसए ने छात्र



संख्या को और ठीक करने तथा बच्चों के गणवेश के लिए अभिभावकों से संपर्क कर खाते में भेजे गए पैसे से खरीदारी करने के लिए आग्रह करने को कहा।

वही रहसू में अकेली शिक्षामित्र शालिनी के द्वारा बच्चों का पठन-पाठन कार्य संपन्न कराया जा रहा था। बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर मौर्य ने जब इसकी जानकारी मांगी तो पता चला कि वह मैटरनिटी लीव पर गई हुई हैं। बीएसए डॉक्टर मौर्य नें एबीएसए पडरौना से बात कर विद्यालय पर एक शिक्षक तत्काल प्रभाव से तैनात करने के निर्देश दिए। विद्यालय के पुराने कमरों में साफ सफाई को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया और स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। छात्रों की संख्या पर भी चिंता व्यक्त की गई और गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ छात्र संख्या और बढ़ाने के लिए प्रयास करने को कहा गया। बीएसए नें शिक्षा की गुणवत्ता की जानकारी के लिए बच्चों से प्रश्न किए जिसका बच्चों ने अच्छा जवाब दिया। उन्होंने संबंधित ग्राम प्रधान से संपर्क कर साफ सफाई सुनिश्चित करने का भी सुझाव दिया।